डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार । 14 सितंबर 2026 । वर्ष-32, अंक-329, पृष्ठ-12 | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 03, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

हरितालिका तीज शुभकामनाएं

## दृष्टिपात

### अवैध कोयला खदान की चाल धंसी, दो की मौत

**मलबे में कई और लोगों के दबे होने की आशंका**

**धनबाद।** धनबाद जिले के कतरास में रविवार की सुबह अवैध कोयला खदान की चाल धंसने से एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे में तीन लोगों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया है, जबकि मलबे में कई और लोगों के दबे होने की आशंका है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसा कतरास के रामकनाली ओपी क्षेत्र के केशलपुर कुम्हारपट्टी में सुबह करीब सात बजे हुआ। खबर लिखे जाने तक घटना में दो लोगों की मौत और अन्य लोगों के दबे होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई थी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों की जांच और राहत-बचाव अभियान के बाद ही मृतकों और घायलों की संख्या के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मिली जानकारी के अनुसार, कुछ महिला और पुरुष अवैध सुरंग में कोयला काटने और चुनने गए थे। इसी दौरान सुरंग का ऊपरी हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया और कई लोग मलबे में दब गए। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुदाल, गैंता समेत दूसरे साधनों से मलबा हटाने का काम शुरू किया।

शेष पेज 11 पर...

### 17 सितंबर तक बारिश-वज्रपात का येलो अलर्ट

**नारायणपुर में सबसे अधिक 31.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड**

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में आगामी गुरुवार (17 सितंबर) तक गरज के साथ बारिश की संभावना है। साथ ही, वज्रपात होने की भी आशंका है। मौसम विभाग ने इसे लेकर रविवार को 'येलो अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त की तरह सितंबर में भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश हो रही है। इससे राज्य में बारिश की कमी में काफी सुधार हुआ है। एक जून से 13 सितंबर 2026 तक झारखंड में 869.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य से महज चार प्रतिशत कम है। मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति सामान्य मानी जाती है। पिछले 24 घंटों के दौरान जामताड़ा जिले के नारायणपुर में सबसे अधिक 31.6 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में राज्य का सर्वाधिक तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। दोपहर बाद आसमान में बादल छाए रहे।

शेष पेज 11 पर...

## आज कल




### एफजेसीसीआई के वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

# चैंबर चुनाव में टीम तुलसी पटेल ने मारी बाजी, 13-8 से मिली जीत

- सबसे अधिक 1827 वोट मुकेश कुमार अग्रवाल को मिले, दूसरे नंबर पर 1742 वोट के साथ डॉक्टर अभिषेक रामाधीन रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए रविवार को हुए चुनाव में टीम तुलसी पटेल ने 13-8 से जीत दर्ज की। टीम तुलसी पटेल के 13 प्रत्याशी विजयी रहे। वहीं, टीम मुकेश अग्रवाल के आठ प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। तीसरी टीम पी-21 का खाता नहीं खुल सका। इस तरह 21 सदस्यीय कार्यकारिणी में तुलसी पटेल की टीम को स्पष्ट बहुमत मिला है। अध्यक्ष पद के लिए तुलसी पटेल के नाम की आधिकारिक घोषणा चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद की जाएगी।

चुनाव परिणाम की घोषणा चुनाव पदाधिकारी अंचल किंगर और पवन शर्मा ने की। चैंबर के कुल 4214 मतदाताओं में से 2860 ने मतदान किया। चुनाव मैदान में कुल 65 प्रत्याशी थे। नौ महिला प्रत्याशियों ने भी चुनाव लड़ा था। इनमें छह महिला प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वहीं, मनीष जैन ने पहली बार चुनाव लड़ते हुए जीत हासिल की है।

एफजेसीसीआई की कार्यकारिणी के चुनाव में जीत हासिल करने वाले 21 प्रत्याशियों में मुकेश अग्रवाल, डॉ अभिषेक रामाधीन, प्रवीण लोहिया, तुलसी पटेल, विनीता सिंघानिया, ज्योति कुमार, राम बांगड़, मनीष जैन, नवजोत अलंग, निधि झुनझुनवाला, आस्था किरण, अमित अग्रवाल, राहुल साबू, रोहित पोद्दार, अनिल अग्रवाल, अमित शर्मा, रोहित अग्रवाल, अमित किशोर अग्रवाल, विकास विजयवर्गीय, मोनिका गोयनका और पूजा ढाढा शामिल हैं।

शेष पेज 11 पर...




### चैंबर चुनाव 2026 में इन्हें मिली विजय

| रैंक | क्रमांक | उम्मीदवार का नाम | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | 29 | मुकेश कुमार अग्रवाल | 1827 |
| 2 | 18 | डॉ अभिषेक कुमार रामाधीन | 1742 |
| 3 | 36 | प्रवीण लोहिया | 1725 |
| 4 | 61 | तुलसी पटेल | 1622 |
| 5 | 65 | विनीता सिंघानिया | 1597 |
| 6 | 19 | ज्योति कुमारी | 1535 |
| 7 | 42 | राम बांगड़ | 1506 |
| 8 | 23 | मनीष जैन | 1497 |
| 9 | 30 | नवजोत अलंग (रुबाल) | 1469 |
| 10 | 31 | निधि शुंझुनवाला | 1450 |
| 11 | 14 | आस्था किरानी | 1441 |
| 12 | 2 | अमित अग्रवाल | 1424 |
| 13 | 40 | राहुल साबू | 1418 |
| 14 | 44 | रोहित पोद्दार | 1384 |
| 15 | 9 | अनिल अग्रवाल | 1360 |
| 16 | 6 | अमित शर्मा | 1348 |
| 17 | 43 | रोहित अग्रवाल | 1347 |
| 18 | 3 | अमित किशोर (अग्रवाल) | 1344 |
| 19 | 64 | विकास विजयवर्गीय | 1305 |
| 20 | 28 | मोनिका गोयनका | 1300 |
| 21 | 37 | पूजा ढाढा | 1288 |

### व्यापारियों के विश्वास की जीत : तुलसी पटेल

जीत के बाद तुलसी पटेल ने कहा कि यह व्यापारियों और उद्यमियों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा, सरल कारोबारी व्यवस्था, कानून-व्यवस्था में सुधार और आधारभूत संरचना को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता होगी।

### रक्षाबंधन पर छात्राओं की राखी का मुख्यमंत्री ने रखा मान


# छात्राओं की राखी पाकर सीएम ने भेजा आशीर्वाद

- काजल और महालक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को भेजी थी हस्तनिर्मित राखी
- मुख्यमंत्री के स्नेहपूर्ण संदेश से छात्राओं में बढ़ा उत्साह
- प्राचार्या ने सोशल मीडिया पर जताया मुख्यमंत्री का आभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रक्षा बंधन के अवसर पर गढ़वा स्थित आरकेसीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्राओं काजल कुमारी एवं महालक्ष्मी केशरी की ओर से भेजी गई हस्तनिर्मित राखियों पर पत्र भेजकर उन्हें आशीर्वाद दिया है। उन्होंने अपने पत्र के माध्यम से छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने पत्र में लिखा है, रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम, विश्वास और स्नेह का पावन पर्व है। आपके द्वारा भेजी गई राखी प्राप्त हुई। आपका यह आत्मीय स्नेह एवं अपनापन पाकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई, इसके लिए हृदय से धन्यवाद। ईश्वर से प्रार्थना है कि आप एवं आपका समस्त परिवार सदैव सुखी, स्वस्थ एवं प्रसन्न रहे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पत्र प्राप्त होने पर आरकेसीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की प्राचार्या ने सोशल मीडिया पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा छात्राओं की राखियों का मान रखना और उन्हें प्रोत्साहन देना पूरे विद्यालय एवं गढ़वा जिले के लिए प्रेरणादायी है। यह संदेश छात्राओं को शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।



# मासीयातू में गहरे पानी में डूबने से दो बच्चियों की मौत



- स्कूल से छुट्टी के बाद नहाने गई थीं दोनों, गांव में पसरा मातम

**नवीन मेल संवाददाता।**

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के मासीयातू गांव में नहाने गईं दो बच्चियों की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद दोनों परिवारों में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियां स्कूल गई थीं। छुट्टी के बाद वे मासीयातू पटमाही घाट के नीचे पुल के समीप स्थित गड्ढे में नहाने गई थीं। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चली गईं और डूब गईं। जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृत बच्चियों में मासीयातू निवासी राजदेव उरांव की आठ वर्षीय पुत्री रितिका कुमारी शामिल है। दूसरी बच्ची सिकंदर उरांव की पुत्री बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

### फर्जी ऐप और बैंक का लोगो दिखाकर 70 वर्षीय बुजुर्ग को बनाया निशाना

# बैंक ऑफ इंडिया का फर्जी ऐप बनाकर बुजुर्ग के खाते से निकाल लिए 4.90 लाख रुपए

- सोशल मीडिया पर आए नोटिफिकेशन के जरिए शुरू हुई ठगी
- वीडियो कॉल कर खुद को बैंककर्मी बताकर जुटाई बैंकिंग संबंधी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

### फर्जी ऐप के जरिए ठगी का नया तरीका

इस मामले में अपराधियों ने सीधे बैंक अधिकारी बनकर फोन करने के बजाय बैंक के नाम और लोगो वाले फर्जी ऐप का इस्तेमाल कर भरोसा कायम कर ठगी को अंजाम दिया। सोशल मीडिया पर भेजे गए लिंक या नोटिफिकेशन के जरिए पीड़ित को ऐप तक पहुंचाया गया। ऐप को वास्तविक बैंकिंग ऐप समझकर प्रक्रिया आगे बढ़ाने के बाद साइबर अपराधियों ने फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत की और खाते से पैसे गायब कर दिए।



**रांची।** साइबर अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का फर्जी ऐप और बैंक का लोगो इस्तेमाल कर एक 70 वर्षीय व्यक्ति को झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से करीब 4.90 लाख रुपए की निकासी कर ली। मामले में रांची साइबर क्राइम थाना में छह नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मामले को लेकर 70 वर्षीय बुजुर्ग कवल किशोर प्रसाद ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता का बैंक ऑफ इंडिया की रांची स्थित रातू रोड शाखा में खाता है। प्राथमिकी में बताया गया है कि उनके खाते से साइबर अपराध के माध्यम से 4,90,000 रुपए की निकासी कर ली गई। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338 और 340(2) के साथ आईटी एक्ट की धारा 66(C) और 66(D) के तहत केस दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार, ठगी की शुरुआत सोशल मीडिया से हुई। 3 सितंबर 2026 को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर बैंक ऑफ इंडिया से संबंधित एक फर्जी ऐप तैयार करने का नोटिफिकेशन आया। उन्हें लगा कि यह बैंक की ओर से भेजा गया संदेश है। नोटिफिकेशन में दिए गए विकल्प पर क्लिक करने के बाद ऐप में उनका नाम और अन्य जानकारी भरने की प्रक्रिया का निर्देश दिया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार ऐप में बैंक ऑफ इंडिया का लोगो भी लगा हुआ था, जिससे उन्हें यह वास्तविक बैंक ऐप जैसा लगा। इसके बाद साइबर अपराधियों ने फोन कर उनसे बातचीत शुरू की। एफआईआर में शिकायतकर्ता ने बताया है कि आरोपियों ने बातचीत के दौरान उन्हें अलग-अलग बातों में उलझाया और बैंकिंग प्रक्रिया से संबंधित जानकारी लेने की कोशिश की। एक आरोपी ने वीडियो कॉल पर बात की और खुद को बैंक से संबंधित व्यक्ति के तौर पर पेश किया। बातचीत के दौरान शिकायतकर्ता से मोबाइल में आए ऐप को लेकर प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया। आरोपियों ने यह भरोसा दिलाने की कोशिश की कि उनके खाते या बैंकिंग सुविधा से संबंधित प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसी दौरान उनसे बैंकिंग संबंधी जानकारी और मोबाइल पर आए संदेशों के बारे में जानकारी ली गई। इसके बाद साइबर अपराधियों ने खाते से रकम निकाल ली। शिकायतकर्ता के मुताबिक उन्हें जब ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने बैंक जाकर अपना खाता होल्ड कराया। ठगी का पता चलने के बाद शिकायतकर्ता ने साइबर अपराध की हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। एफआईआर में 1930 पर दर्ज शिकायत से संबंधित विवरण भी दर्ज है।

शेष पेज 11 पर...

# भवनाथपुर के कैलान जंगल में दो दर्जन से अधिक हथियारबंद दिखे, अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

- पुलिस ने शुरू की जांच, नक्सली गतिविधि या आपराधिक गिरोह से जुड़े होने की पड़ताल

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान जंगल में शनिवार सुबह दो दर्जन से अधिक हथियारबंद लोगों के देखे जाने की सूचना के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है। करीब एक दशक बाद जंगल में एक साथ इतने लोगों के हथियार के साथ देखे जाने की सूचना से कैलान और आसपास के गांवों में चिंता का माहौल है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि जंगल में जुटे लोग किसी आपराधिक गिरोह से जुड़े हैं या किसी उग्रवादी संगठन की गतिविधि से उनका संबंध है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह कैलान जंगल के पूर्वी हिस्से में गुलेरियाडेरा के समीप मवेशी चराने गए कुछ ग्रामीणों ने हथियार लिए लोगों के एक समूह को देखा। ग्रामीणों के अनुसार, समूह में दो दर्जन से अधिक लोग थे। कुछ लोग सादे कपड़ों में थे और उनके पास छोटे हथियार थे। समूह को देखकर ग्रामीण वहां से लौट आए और गांव में इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में लकड़ी काट रहे एक व्यक्ति को भी हथियारबंद लोगों ने रोककर हरा पेड़ नहीं काटने की हिदायत दी। इस घटना के बाद ग्रामीण जंगल की ओर जाने से बच रहे हैं।

भवनाथपुर, खरौंधी और केतार थाना क्षेत्र लंबे समय से उग्रवाद प्रभावित गतिविधियों से मुक्त माने जाते रहे हैं। वर्ष 2013 के बाद इन क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों में कमी आई थी। हालांकि, गर्मी के मौसम में जंगल क्षेत्र में बीड़ी पत्ता कारोबारियों को डराने-धमकाने और वसूली से जुड़े आपराधिक तत्वों की सूचनाएं बीच-बीच में मिलती रही हैं।

सूचना मिलने के बाद भवनाथपुर पुलिस ने शनिवार देर रात तक जंगल क्षेत्र में भ्रमण किया।

शेष पेज 11 पर...

**पहल**

### सांसद के प्रयास से दोनों परियोजनाओं को जल्द मिल सकती है मंजूरी

# पोखराहा-जोड़ में जल्द बनेंगे दो अंडरपास

- एनएचएआई मुख्यालय में सैद्धांतिक मंजूरी की प्रक्रिया जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



- सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में उठाया था मामला

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर फोरलेन बाइपास सड़क एनएच 39 पर पोखराहा और जोड़ के पास प्रस्तावित दो अंडरपास निर्माण की स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद है। सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के बाद दोनों परियोजनाओं की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। सांसद ने 23 जुलाई 2026 को लोकसभा में नियम 377 के तहत दोनों स्थानों पर अंडरपास निर्माण का मामला उठाया था।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के राज्य मंत्री अजय टम्टा ने 31 अगस्त 2026 को सांसद को भेजे पत्र में दोनों परियोजनाओं की स्थिति की जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार पोखराहा के पास किलोमीटर 165और 700 पर वाहन अंडरपास तथा जोड़ के पास किलोमीटर 169 और 023 पर हल्का वाहन अंडरपास निर्माण प्रस्तावित है। दोनों स्थानों पर रेलवे ट्रांसमिशन लाइन को ऊंचा करने की आवश्यकता है।

मंत्रालय के अनुसार ट्रांसमिशन लाइन स्थानांतरित करने के लिए रेलवे प्राधिकरण को 3.43 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। इसके बाद दोनों अंडरपास के निर्माण का प्रस्ताव भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुख्यालय स्तर पर सक्षम प्राधिकारी के विचार और सैद्धांतिक मंजूरी के लिए प्रक्रियाधीन है।

सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में सड़क और रेल संपर्क को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में है। पोखराहा और जोड़ के पास अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अंडरपास बनने से स्थानीय लोगों, विद्यार्थियों, किसानों, वाहन चालकों और आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही सड़क सुरक्षा भी बेहतर होगी।

उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में सड़क, रेल और अन्य आधारभूत संरचनाओं से जुड़ी योजनाओं को केंद्र सरकार के स्तर पर लगातार उठाया जा रहा है। जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों को पूरा कराने के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेगा।

# देवरी कला व देवरी खुर्द में नौ पीडीएस दुकानों की हुई जांच, तीन बंद मिली

## निरीक्षण में दुकानें बंद मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी

- ग्रामीणों ने समय पर राशन नहीं मिलने की शिकायत की

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद (पलामू)।** देवरी कला और देवरी खुर्द पंचायत में जन वितरण प्रणाली की दुकानों के संचालन को लेकर पूर्व निगरानी समिति अध्यक्ष सह निगरानी प्रतिनिधि रामजनम सिंह ने औचक निरीक्षण किया। दोनों पंचायतों में संचालित नौ दुकानों की जांच के दौरान तीन दुकानें बंद मिलीं। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानें निर्धारित समय से पहले या बिना सूचना के बंद पाई गईं। इससे राशन लेने पहुंचे ग्रामीणों को परेशानी हुई। कुछ कार्डधारकों ने आरोप लगाया कि कई दुकानदार अपनी सुविधा के अनुसार दुकान खोलते और बंद करते हैं, जिससे उन्हें राशन के लिए बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है।

### बिना सूचना पीडीएस दुकान बंद मिली तो होगी कार्रवाई

रामजनम सिंह ने कहा कि सरकारी खाद्यान्न योजनाओं का लाभ जरूरतमंद कार्डधारकों तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने पीडीएस दुकानदारों को कार्यप्रणाली में सुधार करने की चेतावनी देते हुए कहा कि दोबारा निरीक्षण में बिना सूचना दुकान बंद मिलने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी। इसके बाद विभागीय या कानूनी कार्रवाई का निर्णय लिया जा सकता है।

## शिलापर में अनिल मेहता फिर बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिलापर गांव में रविवार को ग्रामीणों की बैठक में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। अनिल मेहता को पुनः अध्यक्ष चुना गया। अजीत कुमार सिंह और हरिहर मेहता को उपाध्यक्ष, अशोक यादव को सचिव, अजय प्रसाद को उपसचिव, कपिलदेव नारायण सिंह को संगठन सचिव, अवधेश यादव को उपसंगठन सचिव, चंदन कुमार मेहता को कोषाध्यक्ष और धीरज यादव को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में पूजा पंडाल और प्रतिमा निर्माण के साथ साज-सज्जा, ध्वनि और प्रकाश व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। रंगोली प्रतियोगिता, भक्ति जागरण, बच्चों के कार्यक्रम और गांव के कलाकारों की मंडली की प्रस्तुति कराने पर भी सहमति बनी।

## दृष्टिपात

### नदीपर-गोलापत्थर में दुर्गा पूजा समिति गठित



**मोहम्मदगंज।** पंचायत के नदीपर-गोलापत्थर गांव में रविवार को जय मां भवानी संघ के तत्वावधान में बैठक कर दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। बैठक का संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया। सर्वसम्मति से डा. पंचू राम को अध्यक्ष चुना गया। राजेंद्र मेहता को उपाध्यक्ष, मनोज यादव को महामंत्री, धनंजय यादव को सचिव, राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष और मुकेश कुमार व राजेश मेहता को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। जगदीश यादव, शंकर रजवार, कन्हाई रजवार, कृष्णा रजवार और सनोज कुमार को भी समिति में जिम्मेदारी दी गई। मिथिलेश, मनोज, बिगन, दीपू, कलेंद्र, विकाश, आकाश, अजय, रोहित, कुंदन, छोटू, लालदेव और मुन्ना सहित अन्य ग्रामीणों को सक्रिय सदस्य बनाया गया। बैठक में मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित कर पारंपरिक तरीके से दशहरा मनाने का निर्णय लिया गया।

### भजनियां में दुर्गा पूजा समिति गठित



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के भजनियां गांव में रविवार को दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। सेवानिवृत्त शिक्षक कामता प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूजा समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से उपमुखिया पप्पू प्रजापति को अध्यक्ष, अशोक कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, मनीष उर्फ राजन सिंह को सचिव, विशुनदेव साव को उपसचिव, लवकेश कुमार को कोषाध्यक्ष और पप्पू चौधरी को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। संरक्षक मंडल में बृजनारायण सिंह, कामता प्रसाद, जवाहर पासवान, अखिलेश मेहता, इंतलेश सिंह, विश्वनाथ उर्फ मुन्ना चौधरी, डा. विजय ठाकुर, केशो मेहता, बृज बिहारी मेहता और मनजीत कुमार मेहता को शामिल किया गया। राकेश कुमार सिंह को स्वागताध्यक्ष बनाया गया। समिति के सदस्य के रूप में जीतू साव, मुकेश मेहता, बृजा चौधरी, सुनील मेहता, अरुण चौधरी, लल्लू विश्वकर्मा, दीपू साव, विजय चौधरी, बजरंगी चौधरी, छोटू गुप्ता, संतोष चौधरी और उगन चौधरी को शामिल किया गया। बैठक में ग्रामीणों ने मिलजुलकर दुर्गा पूजा संपन्न कराने का संकल्प लिया।

### संत रविदास जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा



**ऊंटारी रोड।** संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा का रथ भालूही, झगरुआ, बिश्रामपुर सहित दर्जनों गांवों से गुजरा। ग्रामीणों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान संत रविदास के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कलश वंदन यात्रा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने संत रविदास के जीवन और आदर्शों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. बीपी शुक्ला, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास चौबे, इदरीश हवारी, विजय कुमार रवि, नगर मंडल अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबन राम, संतोष राम, शंकर चंद्रवंशी, बबन पाठक, सुशील पाठक, धीरन तिवारी सहित भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा।

### नवयुवक संघ गढ़टोला सिगसिगी में दुर्गा पूजा कमेटी गठित



**ऊंटारी रोड।** देवी धाम गढ़टोला, सिगसिगी में दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता शिवनाथ चंद्रवंशी ने की। इसमें सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। मानिक सोनी को अध्यक्ष, रामाशीष चौधरी को उपाध्यक्ष, विक्रांत कुमार को सचिव, रमेश कुमार कुशवाहा को उपसचिव और अभय कुमार राम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। प्रबंधन समिति में रामनरेश चंद्रवंशी, रामचंद्र चंद्रवंशी, अनुज कुमार चौधरी, उमेश कुमार सोनी, राजकुमार रावत, अजय कुमार रावत, शिवनाथ चंद्रवंशी, बंशी मेहता, नंदलाल राम, रिंकू राम, शंभू सिंह, संजय मेहता, लाल जी चौधरी, प्रवीण कुमार गुप्ता, पंकज कुमार कुशवाहा, विक्की कुमार, सुनील कुमार तिवारी, जितेंद्र कुमार, राजा बाबू, रितेश कुमार, आकाश कुमार, नितेश कुमार, अमित कुमार, महेंद्र चौधरी, अभिमन्यु कुमार, अनिल कुमार चौधरी, प्यारी चौधरी, दिलीप कुमार चंद्रवंशी, संदीप कुमार और प्रिंस कुमार को शामिल किया गया। बैठक में पूजा के दौरान स्वच्छता, सुरक्षा, अनुशासन और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने पर चर्चा हुई। कमेटी ने ग्रामीणों से आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। कमेटी सदस्य अनुज कुमार चौधरी ने कहा कि दुर्गा पूजा धार्मिक आयोजन के साथ समाज को एकजुट करने और आपसी भाईचारा मजबूत करने का अवसर भी है। अध्यक्ष मानिक सोनी ने कहा कि उन्हें मिली जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया जाएगा। रामनरेश राम ने आयोजन की सफलता के लिए ग्रामीणों के सहयोग को जरूरी बताया। उमेश सोनी ने कहा कि पूजा की सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी।

## सरकारी दर पर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र में खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को सरकारी निर्धारित दर पर बिल-वाउचर के साथ यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी अजय कुमार गुप्ता ने पलामू उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रखंड क्षेत्र में कुछ थोक एजेंसियों द्वारा खुदरा दुकानदारों से यूरिया की निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूली जा रही है। उनका कहना है कि इसका असर किसानों पर पड़ रहा है और खुदरा विक्रेताओं को भी अधिक कीमत पर खाद बेचने की स्थिति बन रही है। अजय कुमार गुप्ता ने आरोप लगाया कि इस संबंध में आवाज उठाने के बाद ऊंटारी रोड प्रखंड के कुछ खुदरा दुकानदारों को यूरिया की आपूर्ति बंद कर दी गई, जिससे क्षेत्र में खाद की समस्या बढ़ गई है। उन्होंने उपायुक्त से मामले में हस्तक्षेप कर खुदरा विक्रेताओं को निर्धारित सरकारी दर पर बिल-वाउचर के साथ यूरिया उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

## पीपरा के होलेया में आहर से सड़ा-गला शव बरामद

**हरिहरगंज।** पीपरा थाना क्षेत्र के होलेया गांव में भीम सिंह के भट्ठे के पास स्थित आहर से एक अज्ञात व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया गया। शव कई दिन पुराना बताया जा रहा है। आहर से दुर्गंध आने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि शव को रस्सी से बांधकर आहर से बाहर निकाला गया। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष होने का अनुमान है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की पहचान के लिए स्थानीय लोगों और सामाजिक माध्यमों से जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## जलजमाव से परेशान समाजसेवियों ने मुख्य सड़क पर की धान रोपनी

### नगर पंचायत से नालों की सफाई और जल निकासी की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय के समीप मुख्य सड़क पर कई दिनों से जलजमाव की समस्या से परेशान समाजसेवियों ने विरोध जताया। जलभराव के बीच सड़क पर धान रोपनी कर लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान समस्या की ओर आकृष्ट कराया। समाजसेवी इम्तियाज आलम, करीम और सिब्तन ने आरोप लगाया कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने और निकासी अवरुद्ध रहने के कारण बारिश का पानी मुख्य सड़क पर जमा हो जाता है। कई दिनों से पानी जमा रहने के कारण गंदगी और दुर्गंध की स्थिति बनी हुई है। इससे बीमारी फैलने की आशंका भी जताई गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, अनुमंडल कार्यालय के पास जलजमाव से आम लोगों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को परेशानी हो रही है। स्कूली बच्चों को भी गंदे पानी के बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े और जूते खराब होने के साथ फिसलकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है।प्रदर्शन कर रहे लोगों ने नगर पंचायत से तत्काल नालों की सफाई कराने और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

## मोहम्मदगंज में क्षतिपूरक वनरोपण के लिए 43.76 एकड़ भूमि चिह्नित

### वन विभाग ने आपत्ति और शिकायत के लिए सात दिन का समय दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मोहम्मदगंज (पलामू)।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रस्तावित संयंत्र से जुड़ी पर्यावरणीय प्रक्रिया के तहत क्षतिपूरक वनरोपण के लिए मोहम्मदगंज अंचल के मोहम्मदगंज उर्फ मोहसिननगर में 43.76 एकड़ गैर वन भूमि चिह्नित की गई है। वन विभाग की ओर से संबंधित लोगों से इस भूमि को लेकर आपत्ति और शिकायत आमंत्रित की गई है। बताया गया है कि हाल सर्वे के खाता संख्या 199, 200, 201, 405, 406 और 469 के अंतर्गत आने वाली 28 प्लॉट की भूमि चिह्नित की गई है। इनमें प्लॉट संख्या 2623, 2666, 2668, 2698/2688, 2769, 2776, 2692/2865, 2694, 2701, 2800, 2684, 2695, 2706, 2772, 2707, 2710, 2681, 2686, 2702, 2784, 2763, 2766, 2786, 2787, 2767, 2788 और 2789 शामिल हैं। पुराने सर्वे में यह भूमि खाता संख्या 112 तथा प्लॉट संख्या 1294, 1296 और 1300 से संबंधित बताई गई है। वन विभाग के अनुसार, किसी व्यक्ति, प्रतिष्ठान या संस्था को उक्त गैर वन भूमि के संबंध में आपत्ति या शिकायत है तो सात दिनों के भीतर मेदिनीनगर वन प्रमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा जा सकता है। चिह्नित भूमि में रैयती और गैर मजरूआ भूमि शामिल होने की बात कही गई है। अंचल कार्यालय स्तर से आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी किए जाने की जानकारी दी गई है बताया गया है कि प्रस्तावित वनरोपण वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के गुमला में प्रस्तावित संयंत्र से जुड़ी पर्यावरणीय प्रक्रिया के तहत किया जाना है। क्षेत्रीय वन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने इसे प्रस्तावित योजना बताया है।

## बेगमपुरा व पदारथडीह-राजनडीह के पास अंडरपास की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कोसीआरा रेलखंड पर बेगमपुरा और पदारथडीह-राजनडीह के समीप अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक के नाम स्टेशन प्रबंधक ज्वाला प्रकाश को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मोहम्मदगंज स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग भी शामिल है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि संबंधित गांवों के ग्रामीण लंबे समय से दोनों स्थानों पर अंडरपास निर्माण की मांग कर रहे हैं। सांसद विष्णु दयाल राम की ओर से भी बेगमपुरा के समीप अंडरपास निर्माण की मांग रेल मंत्री के समक्ष रखी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अंडरपास बनने से ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों और आम लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। वर्तमान में कई लोगों को रेल पटरी पार कर आवागमन करना पड़ता है। अंडरपास बनने से आसपास के कई गांवों के लोगों को मुख्य सड़क तक पहुंचने में भी सुविधा होगी।

## नवोदय छात्र आकाश का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**हैदरनगर।** दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में इलाज के दौरान निधन हुए रतनबिघा गांव निवासी 13 वर्षीय आकाश का शव रविवार सुबह करीब छह बजे एंबुलेंस से गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता चंचल देवी सहित परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। आकाश की मौत की खबर से गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। जलसहिया समूह की रिंकी देवी, गायत्री देवी, आरती देवी, प्रमिला देवी, सबिता देवी और निर्मला देवी सहित अन्य सदस्य शोकाकुल माता-पिता और परिजनों को संभालने में जुटीं। जमुआ, गोल्हना और आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए रतनबिघा पहुंचे। आकाश के पिता मनोज कुमार ने रविवार करीब 11 बजे देवरी सोन नदी घाट पर उसे मुखाग्नि दी।.w

## सवर्ण समाज की बैठक में यूजीसी कानून का विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**




**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 139 स्थित होटल मधुवन एंड रेस्टोरेंट में सवर्ण समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता अविनाश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी कानून का विरोध किया गया। वक्ताओं ने इसे सवर्ण समाज के हितों के प्रतिकूल बताते हुए अपनी आपत्ति जताई। बैठक में आरक्षण और एससी-एसटी अधिनियम में किए गए नए प्रावधानों पर भी चर्चा हुई और इनके विरोध में अपनी बात रखी गई। बैठक में अंबुज कुमार सिंह, धनंजय सिंह, प्रमोद सिंह, प्रिंस सिंह, कृष्णा सिंह, शंभू सिंह, अमित सिंह, महाराणा सिंह, सुदय सिंह, अनिल सिंह, मनीष सिंह, संजीत सिंह, चंदन सिंह, प्रियांशु सिंह, प्रदीप सिंह, अजय सिंह, संजीव कुमार सिंह, नवीन सिंह, विकास सिंह, विजय मनीष सिंह, शैलेंद्र सिंह, बिट्टु सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बीट प्रणाली से पुलिस ने बढ़ाई सक्रियता गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पलामू एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर रविवार को मोहम्मदगंज प्रखंड के भजनियां, लटपौरी और गोड़ाडीह पंचायतों में बीट प्रणाली के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी नारायण सोरेन के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को अपराध, नक्सली गतिविधियों, सामाजिक कुरीतियों और साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। भजनियां में एएसआई प्रद्युम्न पासवान, गोड़ाडीह में एएसआई बुधु उरांव और लटपौरी में एएसआई कयामुद्दीन अंसारी ने बीट प्रभारी की जिम्मेदारी निभाई। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से संदिग्ध गतिविधि या आपराधिक घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान लिंक, फोन कॉल और ऑनलाइन लेनदेन में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। अभियान में मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

### अन्य पंचायतों में भी बीट प्रभारी नियुक्त



थाना प्रभारी ने बताया कि बरडंडा पंचायत में एएसआई अनिल नायक, कोल्हुआ-सोनबरसा में एसआई हरेंद्र प्रसाद, मोहम्मदगंज पंचायत में एसआई मनोज मुंडा और कादल पंचायत में भगवान पूर्ति को बीट प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बीट प्रभारी अपने क्षेत्र के लोगों से निरंतर संपर्क रखकर सुरक्षा, शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करेंगे।

## हैदरनगर के खरगाड़ा में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** डालसा के प्रभारी सचिव गौरव खुराना के मार्गदर्शन में हैदरनगर प्रखंड के खरगाड़ा पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीएलवी रविंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति, आदिवासी, महिलाओं, बच्चों, आर्थिक रूप से कमजोर, अशिक्षित और पीड़ित लोगों को कानूनी सहायता की जानकारी देना है। पीएलवी रामचंद्र चौधरी ने डालसा से मिलने वाली सहायता के बारे में ग्रामीणों को बताया। उन्होंने मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक और शारीरिक नुकसान की जानकारी दी। दहेज प्रथा को सामाजिक और कानूनी रूप से गलत बताते हुए इसे समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। महिलाओं के साथ होने वाले सामाजिक और घरेलू भेदभाव पर भी चर्चा की गई। महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कार्यों से जुड़कर स्वावलंबी बनने और उत्पीड़न की स्थिति में कानून की सहायता लेने की जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून के बारे में भी बताया गया। पीएलवी ने कहा कि किसी भी कानूनी सहायता के लिए पीएलवी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क किया जा सकता है। नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर भी कानूनी जानकारी और सहायता ली जा सकती है।

## हरितालिका तीज पर सजे बाजार, खरीदारी को उमड़ी भीड़

# श्रृंगार, फल व पूजन सामग्री की दुकानों पर रही चहल-पहल

- सोलह श्रृंगार की सामग्री की मांग अधिक रही

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हरितालिका तीज को लेकर हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं में उत्साह है। 14 सितंबर को होने वाले व्रत को लेकर रविवार को हुसैनाबाद के मुख्य बाजार में खरीदारों की भीड़ रही। जपला अंबेडकर चौक, मुख्य बाजार रोड सहित विभिन्न चौक-चौराहों पर कपड़े, फल, आभूषण और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर चहल-पहल रही। सोलह श्रृंगार की सामग्री की मांग अधिक रही। चूड़ी, बिंदी, मेहंदी और साड़ी के अलावा डलिया, फल, बेलपत्र, धतूरा, केले के पत्ते और प्रसाद की खरीदारी भी महिलाओं ने की। तीज और गणेश चतुर्थी के आसपास होने से बाजार में अतिरिक्त रौनक देखने को मिली। दुकानदारों के अनुसार उन्होंने पर्व को देखते हुए पहले से ही पर्याप्त सामान मंगाया था। तीज कथा और पूजा के लिए पुरोहितों की मांग भी बढ़ी है। कई परिवारों ने पूजा के लिए पहले से ही पुरोहितों से संपर्क कर समय तय कर लिया है।

# जब्त कोयला लदे हाइवा पुलिस निगरानी से गायब, विधायक ने उठाए सवाल

- पांकी विधायक ने थाना प्रभारी की भूमिका की जांच की मांग की, आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता






**पांकी (पलामू)।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में ओवरलोड और कथित अवैध कोयला परिवहन को लेकर विवाद बढ़ गया है। पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने रविवार को प्रेस वार्ता कर जब्त कोयला लदे हाईवा के पुलिस निगरानी से गायब होने पर सवाल उठाए। उन्होंने थाना प्रभारी की भूमिका की जांच कराने की मांग की। विधायक के अनुसार 12 सितंबर की दोपहर ओवरलोड कोयला लदे दो हाईवा पकड़े गए थे। इनमें से एक मंगलपुर के पास पंचर हो गया, जबकि दूसरे को पांकी थाना लाया गया। लिखित शिकायत के बाद हाईवा को थाना से करीब 200 मीटर दूर जरही चौक पर चौकीदार की निगरानी में खड़ा कराया गया था। विधायक का आरोप है कि इसके बावजूद रात में हाईवा वहां से गायब हो गया। डॉ. मेहता ने सवाल उठाया कि पुलिस निगरानी में खड़े जब्त वाहन को किसकी अनुमति से वहां से ले जाया गया। उन्होंने मामले में पुलिस और कोयला कारोबारियों के बीच कथित मिलीभगत की आशंका जताते हुए निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच से यह स्पष्ट होना चाहिए कि वाहन पुलिस निगरानी से कैसे निकला और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। विधायक ने कहा कि पांकी क्षेत्र में ओवरलोड हाईवा के परिचालन से सड़कों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कथित अवैध खनन और कोयला परिवहन के मुद्दे को प्रधानमंत्री कार्यालय, केंद्र और राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों तथा अन्य जांच एजेंसियों के समक्ष उठाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ओवरलोड और कथित अवैध कोयला परिवहन पर कार्रवाई नहीं हुई तो कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर निगरानी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। विधायक ने दावा किया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में ओवरलोड कोयला लदे हाईवा पांकी थाना के सामने से गुजरते हैं।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

पांकी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि वह फिलहाल बाहर हैं। उनके अनुसार चौकीदार की निगरानी से हाईवा फरार हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि लौटने के बाद मामले में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## संस्कृत स्कूल में प्रियरंजन पाठक का स्वागत

- विद्यालय संरक्षण का दिया भरोसा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा मेदिनीनगर मंडल दक्षिणी के महामंत्री बनाए जाने पर प्रियरंजन पाठक का संस्कृत उच्च विद्यालय, रजवाडीह में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रामदत्त मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुधांशु शेखर का भी स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में रामदत्त मिश्रा ने कहा कि प्रियरंजन पाठक अपनी मेहनत, कार्यक्षमता और कार्यकुशलता के लिए जाने जाते हैं। उन्हें भाजपा में महामंत्री का दायित्व मिलने पर खुशी हुई, इसलिए विद्यालय परिसर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रियरंजन पाठक विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। संस्कृत विद्यालय और समाज को उनसे बड़ी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पाठक इन अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

सुधांशु शेखर ने कहा कि संस्कृत विद्यालय में सम्मानित होना उनके लिए गौरव की बात है। उन्होंने विद्यालय और संस्कृत शिक्षा के महत्व पर भी अपने विचार रखे।

प्रियरंजन पाठक ने कहा कि वह कोई बड़े नेता नहीं, बल्कि इसी समाज के बीच का एक बेटा हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत विद्यालय की समस्याओं और उसकी वर्तमान स्थिति से वह परिचित हैं। उनके अनुसार संस्कृत शिक्षा और विद्यालयों को अपेक्षित सहयोग एवं संरक्षण मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत विद्यालयों में वेद, न्याय, दर्शन और आयुर्वेद जैसी परंपरागत शिक्षा दी जाती है। ऐसे संस्थानों को मजबूत करने और संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा और शिक्षा के संरक्षण के लिए वह अपनी क्षमता के अनुसार हरसंभव प्रयास करेंगे। विद्यालय के शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं को भी संबंधित स्तर पर उठाने का प्रयास किया जाएगा।

पाठक ने कहा कि संस्कृत विद्यालय को लेकर किसी भी तरह की समस्या सामने आती है तो वह उसके समाधान के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालय के हित और संरक्षण के लिए वह लगातार काम करते रहेंगे।

इस अवसर पर रामदत्त मिश्रा, ब्रजराज मिश्रा, राकेश कुमार पांडेय, अजय साव सहित अन्य लोग मौजूद थे। प्रियरंजन पाठक ने स्वागत समारोह आयोजित करने के लिए आयोजकों के प्रति आभार जताया।

## जूता-चप्पल दुकान में चोरी का खुलासा, 44 जोड़ी चप्पल बरामद

- शहर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जेडक्यू टावर कॉम्प्लेक्स स्थित जूता-चप्पल दुकान में चोरी के मामले में शहर थाना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 44 जोड़ी पैरागोन कंपनी की चप्पल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार पनेरीगली कुंड मुहल्ला, डाल्टनगंज निवासी मो. मुर्तजा के लिखित आवेदन पर 12 सितंबर को शहर थाना कांड संख्या 350/2026 दर्ज किया गया था। मामले में अज्ञात के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने परवेज आलम, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता बिलाल अंसारी, निवासी साई मुहल्ला, राहत नेजाम अस्पताल के पास, पहाड़ी मुहल्ला, शहर थाना, पलामू को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार उसकी निशानदेही पर 44 जोड़ी पैरागोन कंपनी की चप्पल बरामद की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

कार्रवाई में शहर थाना पुलिस की टीम शामिल थी।

## पूर्व सैनिक कार्यालय में पेंशन मामलों की हुई समीक्षा

- दस्तावेजों की जांच के बाद लंबित मामलों के निष्पादन का दिया भरोसा

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय में पेंशन संबंधी समस्याओं और विसंगतियों के समाधान को लेकर बैठक हुई। इसमें कई पेंशनभोगी, विशेषकर महिला पेंशनभोगी, अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। बैठक की अध्यक्षता कैप्टन दुखन सिंह ने की और संचालन सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर ने किया। बैठक में पेंशन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की गई। उषा चौधरी, लक्ष्मीनिया कुंवर, शिवपतिया कुंवर के परिजन और मनोरमा कुंवर सहित कई आश्रितों की तीन से चार वर्षों से लंबित पेंशन समस्याओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा हवलदार अवध माली और सूबेदार कपिल देव राम की पत्नियों के नाम में त्रुटि के कारण लंबित पेंशन मामलों में सुधार की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पचम्बा निवासी सिपाही वीरेंद्र प्रसाद सिंह के मामले में भी चर्चा हुई। बताया गया कि वर्ष 1979 में दो वर्ष की सेवा के बाद उनके वापस नहीं लौटने से जुड़ा मामला है। रक्षा मंत्रालय के नए प्रावधानों के तहत उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर पेंशन दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने की बात कही गई। दिवंगत पूर्व शिक्षक फाखरे आलम की पत्नी की पेंशन समस्या को लेकर उनके पुत्र महबूब आलम ने भी आवश्यक दस्तावेज जमा किए। जांच के बाद पेंशन से संबंधित मामलों में पत्राचार के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा गया। पेंशन अधिकारी कामाख्या सिंह ने कहा कि प्रक्रिया में समय लग सकता है, लेकिन वैध मामलों के निष्पादन का प्रयास किया जाएगा। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारों को पेंशन का लाभ दिलाने के लिए संगठन सहयोग करता रहेगा। बैठक में आगामी आठ अक्टूबर को वायु सेना दिवस मनाने पर भी सहमति बनी। अंत में दिवंगत सूबेदार सुदेश चौधरी और हवलदार विजय मेहता की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर कैप्टन दुखन सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, कैप्टन आरसी मेहता, सत्येंद्र ठाकुर, सूबेदार दिलीप मेहता, कपिल देव राम, अशरफी पाल, प्रसाद सिंह, अक्षय सिंह, वीरेंद्र प्रसाद सिंह, यदुनंदन ठाकुर, गौरी शंकर ठाकुर, महबूब आलम सहित कई पूर्व सैनिक और पेंशनभोगी मौजूद थे।

## सपना ने जीएनएम प्रवेश परीक्षा में 99.39 परसेंटाइल हासिल किया



- बैंक कॉलोनी की सपना ने मेहनत को सफलता का आधार बताया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वार्ड दो की बैंक कॉलोनी निवासी अशोक प्रसाद की पुत्री सपना कुमारी ने जीएनएम प्रवेश परीक्षा में 99.39 परसेंटाइल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड की परीक्षा 23 अगस्त को हुई थी, जिसका परिणाम नौ सितंबर को जारी किया गया। सपना ने राजकीयकृत ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय से इंटर की पढ़ाई की है। उसने सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयास को दिया। उसके पिता राजमिस्त्री हैं। बेटी की सफलता से परिजन खुश हैं।

### महाराणा प्रताप विकास मंच की बैठक में कमेटी गठित

**नौडीहा।** प्रखंड के नामुदाग में गोपाल सिंह के आवास पर महाराणा प्रताप विकास मंच की बैठक हुई। अध्यक्षता गोपाल सिंह ने की, जबकि संचालन तिलक कुमार सिंह ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से दिलीप कुमार सिंह उर्फ गोपाल सिंह को अध्यक्ष चुना गया। सुदामा प्रसाद, आलोक यादव, मुन्ना श्रीवास्तव और कुंदन गुप्ता को उपाध्यक्ष, नंदन सिंह उर्फ चिंटू सिंह को सचिव, अजय सिंह को उप सचिव, बबलू गुप्ता को सह सचिव और प्रमोद सिंह उर्फ गुड्डू सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। मंटू सिंह को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में बताया गया कि महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण में करीब 15 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके लिए सभी समुदायों के लोगों से सहयोग लेने की बात कही गई। प्रतिमा के लिए भूमि पूजन 19 अक्टूबर को नौडीहा बाजार में पंजाब नेशनल बैंक के सामने गोपाल सिंह की जमीन पर किए जाने की जानकारी दी गई। गोपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र और समाज के विकास के लिए सभी समुदायों के लोगों को आगे आना चाहिए। इससे आपसी एकता और सामाजिक समरसता मजबूत होगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, काशी प्रसाद, अशोक यादव, फंटूश गुप्ता और अरुण पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

## छतरपुर और सतबरवा में विहिप का स्थापना दिवस मनाया गया

- छतरपुर प्रखंड समिति का पुनर्गठन, वक्ताओं ने संगठन के उद्देश्य और सेवा कार्यों की जानकारी दी

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद का 62वां स्थापना दिवस शनिवार को छतरपुर और सतबरवा प्रखंड में समारोहपूर्वक मनाया गया। विहिप के स्थापना दिवस सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रमों में संगठन के इतिहास, उद्देश्य और सामाजिक सेवा कार्यों पर चर्चा की गई।

छतरपुर में जिला मंत्री अमित तिवारी ने संगठन के उद्देश्य और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विहिप सेवा, संगठन, जागरण और सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता के साथ विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, अनाथ बच्चों के लिए अनाथालय तथा दिव्यांग और कुष्ठ रोगियों के लिए सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। इस दौरान छतरपुर प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया। योगी बघेल को अध्यक्ष, सिंटू सिंह को मंत्री, बिट्टू जॉन को बजरंग दल संयोजक, अनीश सिंह और कुंदन जायसवाल को सह संयोजक बनाया गया। वहीं नगर समिति में बिट्टू पासवान को संयोजक तथा शुभम गुप्ता और सुकृत पासवान को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। सतबरवा में जिला सह मंत्री विवेक सिंह ने स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया।

कार्यक्रम में जिला मंत्री अमित तिवारी, जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सह संयोजक सोनू सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा, प्रखंड मंत्री ओम प्रकाश पाठक समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सनातन धर्मावलंबी मौजूद रहे।

### नौडीहा बाजार में विहिप स्थापना दिवस समारोह

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार प्रखंड में रविवार को विश्व हिंदू परिषद का 62वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विजय प्रसाद ने की, जबकि संचालन बजरंग दल प्रखंड संयोजक संतोष कुमार महाकाल ने किया। जिला मंत्री अमित तिवारी और जिला बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे। अमित तिवारी ने विहिप के स्थापना, उद्देश्य और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने संगठन के सामाजिक और सेवा कार्यों पर भी प्रकाश डाला। समारोह के दौरान प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया। विजय प्रसाद को अध्यक्ष, धीरज कुमार को मंत्री, पिंटू शर्मा को सह मंत्री, अभिषेक कुमार को बजरंग दल संयोजक और चंदन पासवान को सह संयोजक बनाया गया। रंजीत कुमार को बालोपासना प्रमुख, नंदन कुमार को साप्ताहिक मिलन केंद्र प्रमुख, भोलेनाथ कुमार को सुरक्षा प्रमुख, चंदन कुमार को गौ रक्षा प्रमुख और नीतीश कुमार को विद्यार्थी प्रमुख बनाया गया। दुर्गा वाहिनी की संयोजिका चंचला देवी और सह संयोजिका पुष्पा देवी को बनाया गया। कार्यक्रम में पप्पू सिंह, सोनू सिंह, बिट्टू जॉन, मिथलेश कुमार सिंह, अमित चौधरी, धर्मेंद्र कुमार, अनुराग कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और सनातन धर्मावलंबी मौजूद रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी में उठीं कई समस्याएं

- बिजली, पानी, सफाई और शैक्षणिक व्यवस्था को लेकर अभिभावकों ने जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय-2 में इस सत्र की दूसरी अभिभावक गोष्ठी हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अशहर रूमी ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ शिक्षक कमलेश कुमार ने किया। बैठक में अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं उठाईं। अभिभावकों ने जूनियर छात्रावास में पानी की कमी, परिसर में साफ-सफाई की समस्या, बार-बार बिजली खराब होने और टेलीफोन सेवा बंद रहने का मुद्दा उठाया। उनका कहना था कि विद्यालय खुले तीन महीने हो चुके हैं, लेकिन विद्यार्थियों को कलम, पेंसिल, गोंद, कॉपी समेत जरूरी स्टेशनरी उपलब्ध नहीं कराई गई है। पीडब्ल्यूटी आकलन परीक्षा नियमित नहीं होने की शिकायत भी की गई। अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था और प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि शिकायतों के बावजूद समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हुआ है। बैठक में पेयजल की गुणवत्ता, बच्चों के स्वास्थ्य और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए। अभिभावकों ने दवाओं की उपलब्धता और उनकी वैधता की जांच की मांग की।

हंगामे की स्थिति बनने पर शिक्षकों ने हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद नई पीटीसी समिति का गठन किया गया। इसमें अरविंद सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राजकुमार गुप्ता, संगीता कुमारी और सोनी कुमारी समेत दस अभिभावकों का चयन किया गया। समिति आगामी बैठकों में अभिभावकों की समस्याएं रखेगी। मौके पर विद्यालय के बड़ा बाबू रॉकी कुमार, मेस प्रभारी नितिन पांडे और शिक्षक अभिषेक कुमार सिंह, आरके मीना, मोहम्मद इरफान अंसारी, निकिता राही, शालिनी तिग्गा, मनीता कुमारी समेत कई अभिभावक मौजूद थे।

### उच्चस्तरीय जांच की मांग

बैठक के अंत में अभिभावकों ने नवोदय विद्यालय समिति के उपायुक्त और आयुक्त से शिकायत करने की बात कही। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से विद्यालय की व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। अभिभावकों ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के हित में विद्यालय की व्यवस्था में सुधार कराना है।

## चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने अमित जायसवाल



- 59 मत पाकर उदय शंकर दुबे को 29 मतों से हराया

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर/रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026-27 के चुनाव में पलामू के छतरपुर पूर्वी जिला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। रविवार को रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में हुए चुनाव में अमित कुमार जायसवाल को 59 मत मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी उदय शंकर दुबे को 30 मत प्राप्त हुए। अमित ने 29 मतों के अंतर से जीत हासिल की। अमित की जीत की सूचना मिलते ही छतरपुर क्षेत्र के समर्थकों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने से पलामू के व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को राज्य स्तर पर मजबूती से उठाने का अवसर मिलेगा। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के रूप में अमित के सामने व्यापारियों की समस्याओं को सरकार और संबंधित विभागों तक पहुंचाने के साथ व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी होगी।

### सागर गली में महिला से सोने की चेन छिनतई आरोपी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** तीज पर्व को लेकर रविवार को शहर के बाजारों में बढ़ी भीड़ के बीच सागर गली में एक महिला से सोने की चेन छिनतई की घटना हुई। नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र से तीज की खरीदारी करने मेदिनीनगर आई महिला के गले से एक युवक चेन झपटकर भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने पीछा कर युवक को पकड़ लिया और शहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान कुंड मोहल्ला निवासी साकीब हसन (21) के रूप में की है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह पहली बार छिनतई की घटना में शामिल हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## पलामू में मुक्केबाजी को बढ़ावा देने पर हुआ मंथन

- कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान, ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रशिक्षण पहुंचाने पर जोर

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** बॉक्सिंग एसोसिएशन पलामू की कार्यकारिणी बैठक रविवार को अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में मुक्केबाजी को बढ़ावा देने, प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान, नियमित प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में अधिक भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पलामू का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

काशी हिंदू विश्वविद्यालय की मुक्केबाजी टीम के पूर्व कप्तान अनुपम तिवारी ने खिलाड़ियों से कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पलामू में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और उचित अवसर देने की है। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का प्रयास है कि पलामू के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें।

जिला सचिव अजय साहू ने कहा कि नियमित प्रशिक्षण, फिटनेस और अनुशासन को दिनचर्या में शामिल करने से पलामू से बेहतर मुक्केबाज तैयार किए जा सकते हैं। बैठक में ग्रामीण और प्रखंड स्तर तक मुक्केबाजी की पहुंच बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

इस दौरान समीक्षा कुमारी, आकृति कुमारी, जयंती कुमारी, अंशु कुमारी, कंचन कुमारी, संजना कुमारी, राजनंदन यादव और अमित कुमार कुशवाहा को सम्मानित किया गया। बैठक में सन्नू खान, चंद्र प्रकाश पांडे, अनुपम तिवारी, खुरशीद आलम, देवांग शुक्ला, राजा गुप्ता, जतरु उरांव, अजय दास, शशि कुमारी, सुशीला कुमारी, संतोष गुप्ता, चंद्रभूषण मेहता, अंशिका, बसंत विश्वकर्मा, शकुंतला कुमारी, बृजेश गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद यादव, तेज प्रताप यादव और अंजली कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# जर्जर सड़कों की मरम्मत की मांग

- सामाजिक कार्यकर्ता राजमोहन यादव ने उपायुक्त को सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राजमोहन यादव ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। आवेदन में बंसानी, मकरी, पंडरिया, सिंदुरिया, अरसली उत्तरी, अरसली दक्षिणी, कैलान, चपरी और भवनाथपुर की प्रमुख सड़कों का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें लोगों के आवागमन का प्रमुख साधन हैं। जर्जर सड़कों के कारण ग्रामीणों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। राजमोहन यादव ने कहा कि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जनता को राहत दिलाने के लिए सड़क निर्माण और मरम्मत को लेकर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उपायुक्त की ओर से जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# तीज को लेकर केतार बाजार में बढ़ी रौनक

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** हरितालिका तीज को लेकर शनिवार को केतार बाजार में चहल-पहल बढ़ गई। सोमवार को होने वाले व्रत की तैयारी के लिए एक दिन पहले बाजार में महिलाओं की भीड़ रही। श्रृंगार प्रसाधन की दुकानों पर सबसे अधिक चहल-पहल देखने को मिली। महिलाओं ने साड़ी, चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, मेहंदी और आभूषण सहित अन्य सामग्री की खरीदारी की। फल, मिठाई और पूजन सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। दुकानदारों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से तीज को लेकर खरीदारी बढ़ी है। घरों में भी व्रत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। तीज के अवसर पर महिलाएं पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं।

## गिरिवर पांडेय की पुण्यतिथि पर 14 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा

**श्री बंशीधर नगर।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और समाजवादी नेता स्वर्गीय गिरिवर पांडेय की पुण्यतिथि पर 14 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम पीडब्ल्यूडी डाक बंगला के समीप स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर दोपहर दो बजे से होगा। स्वर्गीय गिरिवर पांडेय के पुत्र अभय कुमार पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा होंगे। इसमें आईआईएम के संरक्षक डॉ. यासीन अंसारी, राजद के पलामू जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान और भाकपा नेता का. के. डी. सिंह सहित अन्य लोग शामिल होंगे।

# जंगल में हथियार के बल पर बाइक लूटी

## तीन अपराधियों ने दो युवकों को गिराकर की मारपीट

- आसपास के थानों को किया गया अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**



**भवनाथपुर।** -कांडी मुख्य पथ पर कवलदाग जंगल के समीप हथियारबंद अपराधियों ने दो युवकों से मोटरसाइकिल लूट ली। घटना के बाद अपराधी टाउनशिप की ओर फरार हो गए। मामले को लेकर पीड़ित अखिलेश विश्वकर्मा ने भवनाथपुर थाना में लिखित आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार, केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह गांव निवासी अखिलेश विश्वकर्मा अपने गांव के ही प्रवेश साह के साथ मोटरसाइकिल से भवनाथपुर स्थित पुष्पांजलि टाइल्स दुकान जा रहे थे। रास्ते में दोनों लघुशंका के लिए रुके थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक वहां पहुंचे और दोनों से खरौंधी जाने का रास्ता पूछा। इसके बाद दोनों युवक अपनी बाइक से आगे बढ़ गए। कवलदाग जंगल के पास पहुंचने पर पीछे से आए तीनों युवकों ने पैर से धक्का मारकर दोनों को बाइक समेत गिरा दिया। इसके बाद दो युवकों ने हथियार दिखाकर दोनों के साथ मारपीट की और उनकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गए। लूटी गई बाइक टीवीएस अपाचे है, जिसका नंबर जेएच 14 एम 3766 बताया गया है। मारपीट के दौरान अखिलेश का मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### अपराधियों की तलाश में पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रंजनी रंजन पुलिस बल के साथ अपराधियों की तलाश में निकल गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना केतार, खरौंधी, कांडी, बरडीहा, मझिआंव और हरिहरपुर ओपी समेत आसपास के थानों को दे दी गई है। इलाके में सड़क पर निगरानी बढ़ाने के साथ वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## दृष्टिपात

### कोल मोड़ पर केतार पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**केतार।** केतार थाना पुलिस ने रविवार को कोल मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान दोपहिया वाहनों को रोककर हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात, डिक्की सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने की हिदायत दी। अचानक हुई जांच से बिना जरूरी कागजात या यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप रहा। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने बताया कि सड़क सुरक्षा और अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### भंडरिया फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन का गठन



**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत भवन परिसर में रविवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता ने की। जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से राजू नायक को अध्यक्ष, विनय सिंह और स्वामी तिर्की को उपाध्यक्ष, राहुल प्रसाद गुप्ता को सचिव तथा भूषण कुमार भास्कर को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, डीलरों के बीच समन्वय कायम रखने तथा उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों से संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने डीलरों की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास का भरोसा दिया। बैठक में जिला महासचिव शिवचंद यादव, रजंती देवी, करीमन कोरवा, भोला साह, सीताराम ठाकुर, मंतु कुमार, पूरन कच्छप, सुखलाल बाखला, शमीम अंसारी, जावेद अख्तर, भोला राम समेत दर्जनों जन वितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

### झुनका से घघरी तक सड़क की मिट्टी-मोरम से मरम्मत शुरू



**श्री बंशीधर नगर (सगमा)।** झुनका से घघरी तक करीब पांच किलोमीटर लंबी सड़क की मिट्टी-मोरम से मरम्मत का काम शुरू किया गया है। यह कार्य क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव के निर्देश और सहयोग से कराया जा रहा है। सड़क की मरम्मत शुरू होने से ग्रामीणों में आवागमन को लेकर राहत की उम्मीद जगी है। झामुमो नेता डॉ. हरिदास यादव ने बताया कि ग्रामीणों ने सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर विधायक से मरम्मत की मांग की थी। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए विधायक ने तत्काल मिट्टी-मोरम डालकर सड़क की मरम्मत कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद काम शुरू हुआ। डॉ. यादव ने बताया कि सड़क के स्थायी निर्माण के लिए भी विधायक की ओर से प्रयास किया जा रहा है। मौके पर हीराचंद्र यादव, सुनील पासवान, सत्येंद्र यादव, मुन्ना राम, अभिमन्यु यादव, राजेश यादव, जामनाथ यादव, बसंत पाल, राकेश पाण्डेय, पूर्व मुखिया बिनोद भुईया, राजेंद्र राम, जोखू राम, दीपक यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### युवाओं की मांग पर अरविंद कुमार रवि ने उपलब्ध कराया फुटबॉल

**ऊंटारी रोड।** पलामू जिले के ऊंटारी रोड प्रखंड की जोगा पंचायत के जोगा गांव में युवाओं और खेल प्रेमियों की मांग पर जिला परिषद प्रत्याशी अरविंद कुमार रवि ने फुटबॉल उपलब्ध कराया। गांव के आनंद कुमार और पप्पू साव ने फोन के माध्यम से खेल प्रेमियों के लिए फुटबॉल उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। इस पर अरविंद कुमार रवि ने तत्काल फुटबॉल उपलब्ध कराकर युवाओं को सौंप दिया। मौके पर जोगा पंचायत के पूर्व मुखिया नंदू चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों और सुविधाओं के अभाव में कई युवा आगे नहीं बढ़ पाते। युवाओं को खेल सामग्री उपलब्ध कराना सकारात्मक पहल है। इससे बच्चों और युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे नशे तथा अन्य गलत गतिविधियों से दूर रहेंगे। अरविंद कुमार रवि ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व जनता की जरूरतों को समझकर अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करना है। गांव के खेल मैदान युवाओं की प्रतिभा निखारने का माध्यम हैं।

# कदवा में दो किलोमीटर मिट्टी-मोरम सड़क का निर्माण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**धुरकी।** प्रखंड के कदवा गांव में समाजसेवी दीपक प्रताप देव के नेतृत्व में भानु बाजार से मलाह टोला चारमुहान तक करीब दो किलोमीटर लंबे मिट्टी-मोरम पथ के निर्माण का शुभारंभ किया गया। इस दौरान हाथियों के आतंक से प्रभावित करीब 100 ग्रामीणों के बीच बचाव के लिए टॉर्च और पटाखे सहित सुरक्षा सामग्री का वितरण किया गया। दीपक प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीणों ने सड़क और हाथियों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी दी थी। इसके बाद सड़क निर्माण शुरू कराया गया। उन्होंने कहा कि हाथियों से बचाव के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही कहा कि यदि वन विभाग की ओर से जल्द ठोस सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो ग्रामीणों के साथ धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महताब अंसारी ने किया। मौके पर प्रीस गुप्ता, इकबाल सिंह, गौरव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान दीपक प्रताप देव ने पूर्व और वर्तमान विधायक पर क्षेत्र के विकास को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान ग्रामीणों से विकास के वादे किए गए, लेकिन बाद में उन पर अपेक्षित काम नहीं हुआ।

## ओलंपियाड परीक्षा में शामिल हुए 310 विद्यार्थी

**छतरपुर।** एसएम क्लास 111, छतरपुर की ओर से रविवार को आयोजित ओलंपियाड परीक्षा दो केंद्रों पर शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा में करीब 310 विद्यार्थी शामिल हुए। परीक्षा संचालन में 12 वीक्षकों ने भूमिका निभाई। परीक्षा कवलबास बालिका उच्च विद्यालय और मिडिल स्कूल, छतरपुर में आयोजित की गई। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया। एसएम क्लास 111 के निदेशक गौतम सागर और परीक्षा नियंत्रक फिरोज आलम ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। परीक्षा नियंत्रक फिरोज आलम ने बताया कि परीक्षा का परिणाम 15 नवंबर 2026 को जारी किया जाएगा।

# बनखेता टोला में सड़क की बदहाली से ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना।** भागोडीह पंचायत के बनखेता टोला में सड़क की स्थिति खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बरसात में सड़क पर कीचड़ जमा हो जाने से स्थिति और खराब हो जाती है। आपात स्थिति में भी टोला तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार, बनखेता टोला जाने के लिए भागोडीह बस्ती और चुंदी बस्ती की ओर से दो रास्ते हैं, लेकिन दोनों की स्थिति जर्जर है। टोले में करीब 80 से 90 घर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश परिवार मजदूरी पर निर्भर हैं। उनका आरोप है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि समस्या के समाधान का आश्वासन देते हैं, लेकिन चुनाव के बाद सड़क की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया जाता। ग्रामीणों ने जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

## भलुआनी आम बगीचा में दुर्गा पूजा समिति गठित

**रंका।** सोनदाग पंचायत के भलुआनी आम बगीचा में रविवार को दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में पूजा को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से कराने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से सत्यनारायण सिंह को अध्यक्ष, मनोज कुमार ठाकुर को सचिव और पंकज ठाकुर को कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा, धार्मिक कार्यक्रम, प्रसाद वितरण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। प्रथम दिन से विजयादशमी तक रामायण सीरियल का आयोजन और प्रसाद वितरण की व्यवस्था पर भी विचार किया गया। बैठक में सत्यनारायण सिंह, मनोज कुमार ठाकुर, पंकज ठाकुर, समाजसेवी कैलाश ठाकुर, फोदार सिंह, रंजन सिंह, जगनारायण सिंह, अरुण साव, हीरा साव, विनोद सिंह, महेंद्र सिंह, विशेष प्रताप, कर्मण सिंह, कुलदीप सिंह, राजदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, सीताराम साव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# ग्रामीणों के सहयोग से योगीवीर बाबा मंदिर की ढलाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के लोहरगाड़ा गांव में रविवार को ग्रामीणों के सहयोग और श्रमदान से योगीवीर बाबा मंदिर की ढलाई का काम पूरा किया गया। ढलाई कार्य का शुभारंभ मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा और हरिहरपुर ओपी प्रभारी नसीम अंसारी ने फीता काटकर किया। मंदिर का निर्माण ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग और श्रमदान से कराया जा रहा है। ढलाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान किया। मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा ने कहा कि ग्रामीणों की एकजुटता से धार्मिक और सामाजिक कार्यों को मजबूती मिलती है। उन्होंने मंदिर निर्माण में ग्रामीणों के सहयोग की सराहना की। हरिहरपुर ओपी प्रभारी नसीम अंसारी ने भी सामूहिक प्रयास की प्रशंसा की। मौके पर रामाकांत मेहता, राम विजय मेहता, बसंत मेहता, रामप्रताप मेहता, विमलेश्वर मेहता, मुनि लाल मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# गायत्री शक्तिपीठ में विचार गोष्ठी, धार्मिक कार्यक्रमों पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के साथ शक्तिपीठ के विकास पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के स्मरण से हुई। अजीत कुमार चौबे ने 22 सितंबर को राजकीय उच्च विद्यालय, श्री बंशीधर नगर में होने वाले खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से पहले श्रद्धालुओं का गायत्री शक्तिपीठ में तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री राधा कृष्ण बंशीधर मंदिर पहुंचेगी। बैठक में सोमवार को शाम चार बजे से हरितालिका तीज व्रत का पूजन कराने की जानकारी भी दी गई। मौके पर अनिल लाल अग्रवाल, जोखू प्रसाद, राम प्रसाद कमलापुरी, अशोक प्रसाद गुप्ता, परिव्राजक ललसू राम, अखौरी ज्योतिम प्रसाद, डॉ. सतीश कुमार, शुभम जायसवाल, प्रदीप शर्मा, अमर जायसवाल, राजेश जायसवाल, शुभम कुमार, अनीता देवी, इंद्रावती देवी, सृष्टि कुमारी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# डंडई दुर्गा पूजा कमेटी का पुनर्गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी धाम कर्पूरी चौपाल परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें पूजा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से 51 सदस्यीय पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। रामाशीष प्रसाद को अध्यक्ष, महेश्वर राम को सचिव, मिथिलेश प्रसाद को कोषाध्यक्ष, दिनेश राम को उपाध्यक्ष, मिथुन कुशवाहा को उप सचिव और दिलबर राम को उपकोषाध्यक्ष चुना गया।

## बरवादह नदी में डूबने से 38 वर्षीय व्यक्ति की मौत



केतार। केतार थाना क्षेत्र की परती कुशवानी पंचायत के बघौता टोला में शनिवार शाम बरवादह नदी में डूबने से 38 वर्षीय सत्येंद्र सिंह चेरो की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। ग्रामीणों के अनुसार, सत्येंद्र सिंह चेरो शनिवार शाम करीब छह बजे नदी में मछली पकड़ने के लिए उतरे थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। परिजन और ग्रामीणों ने उन्हें नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर केतार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने सोन नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले छह माह में केतार प्रखंड क्षेत्र में सोन नदी समेत विभिन्न नदियों में डूबने की करीब आधा दर्जन घटनाएं सामने आई हैं। इनमें पाचाडूमर गांव की जूली कुमारी और खुशबू कुमारी की सोन नदी में डूबने की घटना भी शामिल है। लगातार हो रहे हादसों को लेकर ग्रामीणों में चिंता है।

# 1600 मीटर दौड़ में राकेश कुमार रजक बने चैंपियन

**नवीन मेल संवाददाता**



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय में स्थानीय युवाओं की ओर से रविवार को 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजघाट-सिंहपुर पथ पर हुई प्रतियोगिता में 40 युवाओं ने हिस्सा लिया। राकेश कुमार रजक ने पांच मिनट पांच सेकेंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। अखिलेश प्रजापति दूसरे, पीयूष कुमार मेहता तीसरे, मनीष कुमार चौथे और राकेश कुमार पांचवें स्थान पर रहे। आयोजन समिति की ओर से पांचों विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देना है। मौके पर हेमंत कुमार, राहुल कुमार, मुकेश मेहता, राकेश रंजन, रामाश्रय मेहता, विकास मेहता सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

## हाथियों से बचाव को लेकर चिनियां में जागरूकता बैठक

# हाथियों से फसल बचाने को सोलर फेंसिंग लगाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनियां।** प्रखंड के तहले गांव में जंगली हाथियों से बढ़ते खतरे को देखते हुए रविवार को रंका पश्चिमी वन प्रक्षेत्र की ओर से मानव-हाथी संघर्ष को लेकर जागरूकता बैठक हुई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी एबिन बेनी अब्राहम, वन समितियों के पदाधिकारी, वनकर्मी और हेताडकला, चफला, तांडिल, सिगसीगाखुर्द सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने हाथियों से फसल और अन्य नुकसान की जानकारी देते हुए बचाव के उपाय करने तथा प्रभावित क्षेत्रों में सोलर फेंसिंग लगाने की मांग की। उन्होंने हाथियों के आतंक से राहत दिलाने की भी अपील की।

### हाथी प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा आवंटन मिलते ही भुगतान

वन प्रमंडल पदाधिकारी ने हाथियों से हुई क्षति के मुआवजे के लिए संशोधित आवेदन-पत्र, प्रक्रिया और मिलने वाली राशि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई प्रभावित लोगों के मुआवजे से संबंधित भुगतान आदेश जारी हो चुके हैं। आवंटन प्राप्त होते ही भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को हाथियों से सुरक्षित रहने के उपाय बताए। आबादी क्षेत्र में हाथियों के पहुंचने पर तत्काल वन विभाग को सूचना देने और हाथियों को सुरक्षित तरीके से हटाने के दौरान वनकर्मियों का सहयोग करने की अपील की गई। बैठक का उद्देश्य मानव-हाथी संघर्ष को कम करना और ग्रामीणों की जान-माल व फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करना था।

# दृष्टिपात

## स्क्रैप चोरी मामले में तीन गिरफ्तार, पांच टन स्क्रैप बरामद

**चंदवा।** थाना पुलिस ने स्क्रैप चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई चंदवा थाना कांड संख्या 171/26 के तहत की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दामोदर निवासी विकास उरांव, चतरो निवासी मैनाथ गंझू और महुआमिलान निवासी रवि कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से करीब पांच टन लोहे का स्क्रैप, एक पिकअप वैन और दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में चोरी के सामान के स्रोत और अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

## करम परब पूर्व संध्या महोत्सव के लिए कमेटी गठित



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दिवाकर नगर सरना भवन में रविवार को करम परब पूर्व संध्या महोत्सव को लेकर आदिवासी समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता ईश्वर उरांव ने की। बैठक में बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज प्रखंड के पड़हा राजा सहित समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में 21 सितंबर को बालूमाथ में तीनों प्रखंडों के आदिवासी समाज की ओर से करम परब पूर्व संध्या महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन को लेकर समिति का गठन किया गया, जिसमें ऐश्वर्य उरांव को अध्यक्ष चुना गया। मौके पर जिला पड़हा राजा प्रभुदयाल उरांव, तेतर उरांव, प्रमोद उरांव, नरेश उरांव, राजेश उरांव, सुनील उरांव, दिलीप उरांव, रूपों उरांव, रमेश उरांव, सुरेश गंझू, सुरेंद्र गंझू, बिशेवार उरांव, रुपनी उरांव, सरजू उरांव, मुनेश्वर उरांव और महेंद्र उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

## केशरवानी वैश्य समाज की नई कार्यकारिणी गठित

**इटखोरी।** हजारीबाग रोड स्थित पंचवटी होटल में रविवार को केशरवानी वैश्य समाज की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से समाज की नई प्रखंड कार्यकारिणी का गठन किया गया। उज्ज्वल केशरी को प्रखंड अध्यक्ष, संजय केशरी को सचिव, राहुल केशरी को उपाध्यक्ष, आकाश केशरी को कोषाध्यक्ष और महेश केशरी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज को संगठित और विकसित करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष उज्ज्वल केशरी ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना प्राथमिकता होगी। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर सामाजिक उत्थान के लिए काम करने की अपील की। बैठक में समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ड्यूटी के दौरान बेहोश होकर गिरे चौकीदार

**हंटरगंज।** थाना परिसर में रविवार दोपहर ड्यूटी के दौरान चौकीदार अरुण कुमार पासवान अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। घटना करीब दोपहर 12 बजे की है। उनके गिरते ही थाना परिसर में मौजूद पुलिसकर्मी और अन्य कर्मी मदद के लिए पहुंचे। चौकीदार को तत्काल हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए गया स्थित मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी चौकीदार के स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहे। उनके बेहोश होने के तत्काल कारण का पता नहीं चल सका है। चिकित्सकीय जांच के बाद ही इसकी वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## सुंदरडीहा-मंधनिया में एक माह बाद बिजली आपूर्ति बहाल

**मयूरहंड।** प्रखंड की मझगवां पंचायत के सुंदरडीहा-मंधनिया गांव में करीब एक माह बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। खराब ट्रांसफार्मर के कारण गांव में बिजली संकट बना हुआ था। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेता मनोज चंद्रा के प्रयास से गांव में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया, जिसे लगाने के बाद बिजली आपूर्ति शुरू हो गई। ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने में मंधनिया निवासी और जिला किसान मोर्चा झामुमो के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दांगी की भी भूमिका रही। ग्रामीणों ने बताया कि एक माह से बिजली नहीं रहने के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही थी। नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद बिजली बहाल होने से ग्रामीणों ने राहत जताई। ग्रामीणों और झामुमो प्रखंड कमेटी ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए मनोज चंद्रा और धर्मेंद्र दांगी के प्रति आभार जताया।

## चार साल के प्रेम संबंध के बाद देवी मंडप में युवक-युवती ने रचाई शादी

**हंटरगंज।** करीब चार वर्षों से प्रेम संबंध में रहे युवक-युवती ने शनिवार शाम हंटरगंज स्थित देवी मंडप में सादगी से विवाह किया। विवाह में न बैंड-बाजा था और न ही बारात का आयोजन हुआ। शादी की रस्में पूरी होने के बाद युवक अपनी दुल्हन को बाइक से घर ले गया। जानकारी के अनुसार सैयपुर गांव निवासी योगेंद्र पासवान के 25 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार और कोची बहेरा गांव निवासी मोहन दास की 22 वर्षीय पुत्री सबिता कुमारी के बीच करीब चार वर्षों से संबंध था। दोनों ने विवाह का निर्णय लिया और हंटरगंज के देवी मंडप में विवाह की रस्में पूरी कीं। विवाह के बाद साहिल अपनी अपाचे बाइक से सबिता को लेकर घर रवाना हुआ। बाइक से दुल्हन की विदाई आसपास के लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। बिना बड़े आयोजन और अनावश्यक खर्च के हुए इस विवाह को लेकर भी लोगों में चर्चा रही।

## चतरो में ग्राम सभा के चुनाव पर उठे सवाल

**चंदवा।** प्रखंड की जमीरा पंचायत के चतरो गांव में रविवार को ग्राम प्रधान धूजू गंझू की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में पेसा नियमावली की कंडिका 13 के तहत कोषाध्यक्ष और सहायक सचिव के चयन को लेकर आपत्ति जताई गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दोनों पदों के चयन के लिए ग्राम सभा की बैठक की सूचना सभी ग्रामीणों को नहीं दी गई। उनका कहना है कि कुछ लोगों ने अपने स्तर से ग्राम सभा आयोजित कर दोनों पदों का चयन कर दिया। ग्रामीणों ने इसे नियमावली का उल्लंघन बताते हुए चुनाव प्रक्रिया को रद्द कर पुनः चुनाव कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि पेसा क्षेत्र में ग्राम सभा की प्रक्रिया में सभी आमजनों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की। बैठक में निर्णय लिया गया कि ग्रामीण जल्द ही प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देंगे और सभी ग्रामीणों की मौजूदगी में नियमानुसार पुनः चुनाव कराने की मांग करेंगे। बैठक में रामचंद्र गंझू, मनमोहन गंझू, उमेश गंझू, नागेश्वर गंझू, चरवा उरांव, राजेंद्र गंझू, सुखेंद्र गंझू, कामेशर गंझू, रामदेव गंझू, सत्यनारायण गंझू, सुरेंद्र गंझू, महेंद्र गंझू, प्रकाश गंझू, दिलेश्वर गंझू, अशोक, उमेश, नंदकिशोर, विनोद, संजय, मनोज, जगना, मुकेश, ब्रजेश और उदयनाथ समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मजदूरों की स्थिति बदलने के लिए संघर्ष जरूरी : केडी सिंह

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित लादू बाबू बैंक्विट हॉल में झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के दूसरे वार्षिक सम्मेलन सह चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह ने किया। केडी सिंह ने कहा कि मजदूर अपने श्रम से देश और दुनिया के निर्माण में योगदान देते हैं, लेकिन आज भी कई मजदूरों को सम्मानजनक मजदूरी, सुरक्षित कार्यस्थल और बच्चों की बेहतर शिक्षा जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। मजदूरों की स्थिति में बदलाव के लिए संगठन को मजबूत करना और संघर्ष करना जरूरी है। निर्माण कामगार संघ, बिहार के महासचिव नारायण पूर्वे ने कहा कि मजदूर हित से जुड़े कानूनों को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत करने की जरूरत बताई। सम्मेलन की शुरुआत एटक का झंडा फहराने और शहीद साथियों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। दूसरे सत्र में प्रमोद साहू ने सांगठनिक और राजनीतिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद 15 सदस्यीय कमेटी गठित की गई। इसमें संजय गोप को अध्यक्ष, धनेश्वर तुरी को सचिव और सुरेश वासपति को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# लातेहार में 16 से 20 दिसंबर तक होगी राज्य सब-जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप

- बालक-बालिका खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, अंडर-12 के लिए लिटिल चैंप प्रतियोगिता कराने का निर्णय

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में 16 से 20 दिसंबर 2026 तक 24वीं झारखंड राज्य सब-जूनियर बालक-बालिका वॉलीबॉल चैंपियनशिप आयोजित होगी। लातेहार जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की रविवार को इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम में हुई वार्षिक आमसभा में प्रतियोगिता की मेजबानी का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी ने की।

बैठक में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजन समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों की बालक और बालिका टीमें हिस्सा लेंगी। इससे जिले के खिलाड़ियों को राज्य स्तर के खिलाड़ियों के साथ खेलने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि एसोसिएशन का उद्देश्य लातेहार में वॉलीबॉल को मजबूत आधार देना, अधिक से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ियों को अवसर उपलब्ध कराना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है।

बैठक में कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, उपाध्यक्ष खुशबू देवी, कार्यकारिणी सदस्य मीना कुमारी, सुनीता कुमारी, आनंद उरांव, कमलेश उरांव, आशुतोष कुमार ठाकुर, विवेक कुमार, अनुराग कुमार, कन्हैया पांडेय समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### लातेहार की बालिका टीम रही उपविजेता

आमसभा में अप्रैल 2025 में आयोजित विशेष आमसभा की कार्यवाही की पुष्टि और अनुमोदन किया गया। इसके बाद सचिव प्रवीण मिश्रा ने वर्ष 2025-26 का सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस अवधि में लातेहार की टीमों ने सीनियर, यूथ, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेलो झारखंड के अंडर-17 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लातेहार की बालिका टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### अंडर-12 खिलाड़ियों के लिए लिटिल चैंप प्रतियोगिता

वर्ष 2026-27 में अंडर-12 बालक-बालिका खिलाड़ियों के लिए लिटिल चैंप वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सीनियर, यूथ, जूनियर और सब-जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए चयन प्रतियोगिता कराने तथा चयनित खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और चयन शिविर आयोजित करने पर भी सहमति बनी।

## जिला फुटबॉल एसोसिएशन का पुनर्गठन मनीष अध्यक्ष और वसीम सचिव




- नई कमेटी ने जिले में फुटबॉल गतिविधियों को बढ़ावा देने और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन लातेहार की वार्षिक बैठक रविवार को महुआडांड़ स्थित जोसेफ बी. मिंज के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में भारत सरकार की नई गाइडलाइन के अनुरूप एसोसिएशन के संचालन और संगठनात्मक व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से जिला फुटबॉल एसोसिएशन का पुनर्गठन किया गया।

नई कमेटी में मनीष कुमार सिंह को अध्यक्ष, वसीम अख्तर को सचिव और इमरान अली को कोषाध्यक्ष चुना गया। सदस्यों ने नई कमेटी पर सहमति जताते हुए एसोसिएशन को मजबूत करने और जिले में फुटबॉल को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जोसेफ बी. मिंज को भावभीनी विदाई दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह और पूर्व सचिव मोहम्मद अनवर खान ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही एसोसिएशन और फुटबॉल के विकास में उनके योगदान के लिए आभार जताया।

बैठक में जिले में फुटबॉल गतिविधियों को नियमित एवं बेहतर तरीके से संचालित करने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाने पर विचार-विमर्श हुआ। मौके पर तबरेज खान, मुख्तार अहमद, देवेंद्र कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार ठाकुर, शहादत अली, इरफानी खान, लाडले खान, विकास उरांव, संजय तिग्गा, मेरी रोश तिग्गा, अफरोज अली, शाहिद अहमद, रविदास उरांव और सुरेश उरांव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्ति पर नेतरहाट विद्यालय में उठे सवाल

नवीन मेल संवाददाता



**नेतरहाट/महुआडांड़।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त राम प्रताप प्रसाद की पुनर्नियुक्ति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि 31 अगस्त 2026 को सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें श्री रवि रंजन द्वारा एडहॉक सभापति के निर्देश पर दोबारा कार्य पर रखा गया है। मामले में पुनर्नियुक्ति की प्रक्रिया, सेवा शर्तों और मानदेय के निर्धारण को लेकर सवाल उठाया जा रहा है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पुनर्नियुक्ति संबंधी निर्देश जारी किया गया है, लेकिन नियुक्ति की अवधि, कार्य एवं दायित्व, सेवा शर्तों तथा देय मानदेय या वेतन का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि भविष्य में संबंधित व्यक्ति की ओर से मानदेय या किसी अन्य वित्तीय लाभ का दावा किए जाने पर उसका भुगतान किस प्रावधान के तहत और किस सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से किया जाएगा। मानदेय निर्धारित करने का आधार क्या होगा, यह भी स्पष्ट नहीं है। मामले को लेकर यह भी सवाल है कि सेवानिवृत्ति का तत्काल बाद पुनर्नियुक्ति के लिए निर्धारित नियमों और सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति का पालन किया गया है या नहीं।

विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था और वित्तीय दायित्वों को देखते हुए नियुक्ति आदेश में सेवा अवधि, कार्य दायित्व और मानदेय का स्पष्ट उल्लेख आवश्यक माना जाता है। इस संबंध में एडहॉक सभापति राज कुमार से स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया गया, लेकिन नियुक्ति की सेवा शर्तों और मानदेय के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। उल्लेखनीय है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्राचार्य पद के प्रभार और एडहॉक समिति की कार्यप्रणाली को लेकर पहले से विवाद की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में सेवानिवृत्त कर्मी की पुनर्नियुक्ति से विद्यालय की प्रशासनिक व्यवस्था और निर्णय प्रक्रिया को लेकर नए सवाल उठे हैं। अब यह स्पष्ट होना बाकी है कि संबंधित पुनर्नियुक्ति किस नियम, सक्षम प्राधिकारी के आदेश और वित्तीय प्रावधान के तहत की गई है तथा नियुक्ति आदेश में सेवा अवधि और मानदेय का उल्लेख है या नहीं। आधिकारिक दस्तावेज और संबंधित पक्ष का स्पष्ट पक्ष सामने आने के बाद ही मामले की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

## नदी पार कर स्कूल जाते हैं उरम्बी-परेवा के बच्चे

- पुल नहीं होने से बरसात में बढ़ जाता है खतरा, ग्रामीणों ने उपायुक्त से तत्काल पहल की मांग की

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** चटकपुर पंचायत के उरम्बी और परेवा गांव के बीच नदी पर पुल नहीं होने से ग्रामीण वर्षों से परेशानी झेल रहे हैं। बरसात के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है। नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार सामान्य दिनों में किसी तरह नदी पार कर आवागमन हो जाता है, लेकिन बारिश के दौरान तेज बहाव और बढ़े जलस्तर के कारण बच्चों के लिए नदी पार करना जोखिमपूर्ण हो जाता है। कई बार अभिभावकों को बच्चों के साथ नदी पार करनी पड़ती है।

ग्रामीणों ने बताया कि उरम्बी-परेवा के बीच नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय विधायक और सांसद को कई बार जानकारी दी गई, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हुई। पुल के अभाव में स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ मरीजों को अस्पताल ले जाने और रोजमर्रा के आवागमन में भी परेशानी होती है।

ग्रामीणों का कहना है कि बरसात में बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सबसे बड़ी चिंता बन जाती है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने अब लातेहार उपायुक्त से मामले का तत्काल संज्ञान लेने, क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कराने और नदी पर जल्द पुल निर्माण की दिशा में पहल करने की मांग की है।

## सिसई में दुर्गा पूजा महासमिति का गठन, सुमन भारती अध्यक्ष

**टंडवा (चतरा)।** शारदीय नवरात्र पूजा उत्सव को भव्य और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने की तैयारी शुरू हो गई है। रविवार को सिसई में पूर्व मुखिया छेदी पांडेय की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। संचालन कृष्णकांत पांडेय ने किया। बैठक में पिछले वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर उसका अवलोकन एवं चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा महासमिति का गठन किया गया। इसमें सुमन भारती को अध्यक्ष, राजू रजक को महामंत्री, साकेत कुमार को सचिव और राजकुमार रजक को उपाध्यक्ष चुना गया। महोत्सव को भव्य, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बताया गया कि अगली बैठक में महासमिति का विस्तार किया जाएगा।

## निजी विद्यालयों की गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था पर मंथन

- विद्यालय संचालन, सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन और प्रबंधन की चुनौतियों पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**बरवाडीह।** मुख्यालय स्थित शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को लातेहार, पलामू और गढ़वा जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के संचालकों की गोष्ठी सह मिलन समारोह हुआ। अध्यक्षता शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. पवन कुमार ने की। संत मरियम पब्लिक स्कूल, डालटनगंज के निदेशक अविनाश देव संरक्षक के रूप में मौजूद रहे।

गोष्ठी में निजी विद्यालयों के संचालन, सरकार के दिशा-निर्देशों और नियमों के अनुपालन के साथ विद्यालय प्रबंधन के समक्ष आने वाली व्यवहारिक चुनौतियों पर चर्चा हुई। विद्यालय संचालकों के बीच बेहतर समन्वय, आपसी सहयोग और एकजुटता के साथ कार्य करने पर भी जोर दिया गया।

अविनाश देव ने कहा कि निजी विद्यालय सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. पवन कुमार ने कहा कि विद्यालय संचालकों के बीच संवाद और समन्वय मजबूत होने से समस्याओं का बेहतर समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की। मौके पर सीमा गुप्ता, किशोर भंडारी, भीम यादव, ज्ञान रंजन प्रियदर्शी, शिरोज कुमार मेहता, वेंद्र प्रसाद गुप्ता, अफताब आलम, वीरेंद्र सिंह, सुशील कुमार दुबे, सुधीर कुमार मेहता, मुकेश अग्रवाल, राजीव गोयल सहित तीनों जिलों के विभिन्न निजी विद्यालयों के संचालक मौजूद थे।

## श्रीदुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन 14वीं बार अध्यक्ष बने रवि सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप परिसर में आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर सनातन धर्मावलंबियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व मुखिया रामदर्शन तिवारी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में पूजा महोत्सव को भव्य और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया।

बैठक में उपस्थित लोगों ने कोमर गांव निवासी रवि सिंह के नेतृत्व में पिछले 13 वर्षों से लगातार आयोजित हो रही दुर्गा पूजा की सराहना की। उनकी टीम के कार्यों को बेहतर बताते हुए बालूमाथ सार्वजनिक श्रीदुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पद पर रवि सिंह को लगातार 14वीं बार चुना गया। साथ ही उनकी पुरानी समिति को ही पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में रवि सिंह, रामदर्शन तिवारी, मनोहर प्रसाद, शैलेश सिंह, रवि रजक, नामेश्वर गुप्ता, अखिलेश भोक्ता, सोनू सिंह, गुड्डू गुप्ता, पिंटू कुमार, हिमांशु गुप्ता, नीरज गुप्ता, विशाल कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# तिलैया में लक्ष्मी क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

- सांसद समेत जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर और किक मारकर किया शुभारंभ, विजेता को 25 हजार रुपये व शील्ड

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** द्वारी पंचायत के तिलैया मैदान में रविवार को लक्ष्मी क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। सांसद कालीचरण सिंह, प्रखंड प्रमुख अनीता यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, मुखिया जगदीश यादव, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार दांगी और भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

उद्घाटन के बाद पहला मुकाबला खैरा और कारीवासन टीम के बीच हुआ। खबर लिखे जाने तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी थीं। इस मौके पर सांसद कालीचरण सिंह ने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए मैदान में चापानल, चबूतरा और शेड निर्माण कराने की घोषणा की। टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष ने बताया कि विजेता टीम को 25 हजार रुपये नकद और शील्ड, जबकि उपविजेता टीम को 12 हजार रुपये नकद और शील्ड दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में उपप्रमुख प्रीतम यादव, अशोक साव, नगमा खातून, शशि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद थे।

### मांसीलौग ने जीता सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब

**टंडवा।** मिश्रौल पंचायत के रामघाट मैदान में आयोजित सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को हुआ। रोमांचक मुकाबले में मांसीलौग की टीम ने गोन्दा को एक-शून्य से हराकर खिताब जीत लिया। फाइनल से पहले हुए सेमीफाइनल मुकाबले में गोन्दा ने मरगलौया को दो-शून्य से और मांसीलौग ने मुरबे को एक-शून्य से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। समापन समारोह का उद्घाटन मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह, जिला परिषद सदस्य देवती देवी, उप प्रमुख जितेंद्र सिंह और मुखिया सुबेश राम ने संयुक्त रूप से किया। विजेता मांसीलौग की टीम को 20 हजार रुपये और ट्रॉफी तथा उपविजेता गोन्दा की टीम को 10 हजार रुपये और ट्रॉफी दी गई। तीसरे स्थान की टीम को तीन हजार रुपये और ट्रॉफी तथा चौथे स्थान की टीम को दो हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। इससे युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। मौके पर नगीना सिंह, ऋषिकेश तिवारी, गजेंद्र कुमार, प्रयाग राम, लोकनाथ गंझू, सुमन कुमार सुदर्शन, धनेश्वर विश्वकर्मा, सन्नाउल्ला अंसारी, मुनेश गंझू, मिस्टर अंसारी समेत बड़ी संख्या में खेलप्रेमी और ग्रामीण मौजूद थे।

## पीडीएस दुकानदारों ने लंबित मार्जिन मनी के भुगतान की मांग उठाई

नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के जपुआ में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के तहत प्रखंड स्तरीय पीडीएस दुकानदार संघ की बैठक हुई। अध्यक्षता डीलर संघ के जिलाध्यक्ष पंकज यादव ने की, जबकि संचालन विशुन साव ने किया। बैठक में पीडीएस दुकानदारों ने फेडरेशन के बैनर तले ही काम करने का निर्णय लिया। दुकानदारों ने बताया कि खाद्यान्न वितरण के एवज में मिलने वाली मार्जिन मनी का भुगतान पिछले 13 माह से लंबित है। इससे दुकानदारों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दुकानदारों ने सरकार से लंबित मार्जिन मनी का जल्द भुगतान करने की मांग की। उनका कहना है कि लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण पीडीएस दुकानें संचालित करने में भी परेशानी हो रही है। बैठक में ऋतुराज दांगी, कृष्णा पासवान, निसार अली, राजू साव, दासो उरांव, विपिन कुमार समेत अन्य पीडीएस दुकानदार मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

In the court of Executive Magistrate, Ranchi

**AFFIDAVIT**



I, Lavali Devi wife of Yogendr Yadav, permanent resident of Karandag, Herhanj, Latehar, Jharkhand-829202, at present residing at kathi tanr, Ratu, Dist. Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows. That Ankush Yadav is my son and his date of birth is 15.07.2012 which has been mentioned in his Birth certificate issued from Gram panchayat salaiya, Block-Herhanj, Dist. Latehar vide Reg.no. B-2024:20-02221-000053 dt. 27.03.2024.That in aadhar card of my said son vide aadhar no. 7392 7270 9641 in which his name written as Ankush Raj and date of birth written as 01/01/2011 which is not correct. That I have to correction my said son's name as Ankush Yadav and date of birth as 15.07.2012 enter into his said aadhar card for needful purpose from concerning authority.

**Affidavit No. 3478 Date: 05/09/2026**

# हरितालिका तीज को लेकर बाजारों में आई रौनक

*खीरा लेने के लिए सब्जी मार्केट में उमड़ी महिलाओं की भीड़*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** हरितालिका तीज पर्व को लेकर रविवार को शहर के बाजारों में जबरदस्त रौनक रही। सुबह से ही महिलाओं की भीड़ दुकानों पर उमड़ पड़ी। महावीर चौक, गुदरी बाजार, बरवाटोली, सोमार बाजार, शास्त्री चौक, सब्जी मार्केट इलाके में दिनभर खरीददारी का सिलसिला चलता रहा। व्रत एवं पूजन के लिए नारियल, सुपारी, कलश, फूल-मालाओं के साथ-साथ खीरा 10 से 20 रुपये प्रति पीस तक बिका। केले, नींबू और अन्य फल-सब्जियों की भी खूब मांग रही। पूजा सामग्री के अलावा श्रृंगार की दुकानों पर भी खासा उत्साह दिखा। हरितालिका तीज की तैयारियों ने बाजारों में रौनक भर दी है। महिलाओं की सबसे बड़ी पसंद सोलह श्रृंगार के सामान चूड़ी, बिंदी, मेहंदी, लिपस्टिक और नेल पॉलिश की अच्छी बिक्री हो रही है। ब्यूटी पार्लरों में एडवांस बुकिंग चल रही है और मेहंदी कलाकारों के पास काम की भरमार है। पूजा में चढ़ाने के लिए श्रृंगार का पूरा सेट छोटा पैकेट 50 से 60 रुपये तो बड़ा पैकैट 120 रुपये में मिल रहा है। साड़ी की दुकानों पर भीड़ देखते ही बन रही है। बनारसी, सिल्क, कॉटन और डिजाइनर सूट की डिमांड बढ़ी है। हरी, गुलाबी और लाल शेड की साड़ियों की बिक्री सबसे ज्यादा हो रही है। महिलाएं त्योहार के लिए नए फैशन वाले ब्लाउज और गोटापत्ती वर्क वाली साड़ियां पसंद कर रही हैं। वहीं ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं ने एडवांस बुकिंग करा ली है। मेहंदी कलाकारों के पास बुकिंग फुल है। महिलाओं ने मेहंदी, चूड़ियां, बिंदी, साड़ी और सौंदर्य प्रसाधन की जमकर खरीदारी की। दुकानों पर दिनभर भीड़ बनी रही और देर शाम तक बाजार गुलजार रहा। पूरे शहर में तीज का पारंपरिक उल्लास और उमंग का नजारा देखने को मिला।

## हरतालिका तीज : अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनें आज रखेंगी निर्जला व्रत



**लोहरदगा।** अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु और दांपत्य सुख की कामना का महापर्व हरतालिका तीज आज सोमवार को पूरे जिले में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में हरियाली और कजरी तीज के बाद आने वाले इस पर्व को सबसे कठिन व्रतों में गिना जाता है। सुहागिन महिलाएं 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर देवाधिदेव महादेव एवं माता पार्वती की आराधना में लीन हैं, वहीं कुंवारी कन्याएं भी मनवांछित वर की प्राप्ति के लिए पूरी निष्ठा से यह व्रत कर रही हैं। पुरोहित पंडित रामाधार पाठक ने बताया कि इस व्रत में प्रदोष काल की पूजा का विशेष फल मिलता है। महिलाएं शाम के समय पवित्र नदी की बालू या शुद्ध मिट्टी से भगवान शिव, माता पार्वती और श्री गणेश के पार्थिव विग्रह स्थापित कर विधि-विधान से षोडशोपचार पूजन करेंगी। व्रती महिलाएं रातभर जागरण कर सामूहिक भजन-कीर्तन के माध्यम से शिव-गौरी की भक्ति वंदना करेंगी और हरतालिका की पौराणिक कथा का श्रवण करेंगी। अगले दिन ब्रह्म मुहूर्त में पुनः आरती के बाद विग्रहों को पवित्र जलाशयों में विसर्जित कर व्रत का पारण किया जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह पर्व माता पार्वती के अनन्य प्रेम और तपस्या का प्रतीक है। 'हरतालिका' शब्द 'हरत' (अपहरण) और 'आलिका' (सहेली) से मिलकर बना है। पौराणिक प्रसंग के अनुसार, जब पिता दक्ष ने माता पार्वती का विवाह अनिच्छा से भगवान विष्णु से तय किया, तब उनकी सखियां उन्हें घने वन में ले गईं। वहां माता पार्वती ने अन्न-जल त्यागकर कठोर तप किया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया।

### शुभ मुहूर्त

- **तृतीया तिथि प्रारंभ :** 13 सितंबर 2026, दोपहर 03:40 बजे
- **तृतीया तिथि समाप्त :** 14 सितंबर 2026, शाम 05:05 बजे तक
- **प्रात:काल पूजा मुहूर्त :** सुबह 06:08 से 08:35 बजे तक
- **प्रदोष काल (संध्या) मुहूर्त :** शाम 06:28 से रात्रि 08:48 बजे तक
- **पारण समय :** 15 सितंबर 2026, सूर्योदय के उपरांत

### पूजन की मुख्य सामग्री

- शुद्ध मिट्टी/बालू, केले के पत्ते, कलश, नारियल, बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा, मदार पुष्प, पंचामृत, रोली, चंदन, जनेऊ तथा संपूर्ण सुहाग पिटारी (सिंदूर, मेहंदी, बिंदी, आलता, चूड़ी, बिछिया और चुनरी)।

## 11 अक्टूबर को मनेगी महाराजा अग्रसेन जयंती, भव्य शोभायात्रा की तैयारी


**लोहरदगा।** महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के आयोजन को लेकर अग्रसेन भवन में समाज के गणमान्य एवं सक्रिय सदस्यों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयंती समारोह को भव्य एवं गरिमामय तरीके से मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाराजा अग्रसेन जयंती का आयोजन 11 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। समारोह के दौरान प्रातः पूजा-अर्चना एवं मंगल कार्यक्रम, महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा तथा शाम में सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा समाज के लोगों के लिए जलपान एवं भंडारे की भी व्यवस्था की जाएगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समारोह को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक समाज के लोगों को जोड़ने तथा कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक में प्रमुख रूप से चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मित्तल, अनिल अग्रवाल, अभय अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, अनीश मित्तल, अरविंद अग्रवाल, लवकुश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, राजेश अग्रवाल टिंकू, राजेश कुमार, भानु प्रताप, मुरलीधर अग्रवाल, नवल अग्रवाल, दीपक अग्रवाल एवं कुमार नीरव सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

### डीसी ने सेन्हा व भंडरा में कृषि व मत्स्य विभाग की योजनाओं का किया धरातल निरीक्षण

# किसानों को आधुनिक खेती अपनाने पर दिया जोर

- 6 एकड़ में खेती, 4 एकड़ में मड़आ बीज उत्पादन और 7 एकड़ में सब्जी खेती का लिया जायजा
- पांच किसानों को सोलर पंप सेट वितरित, बायोफ्लॉक तकनीक से मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर जोर





**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार मीना ने सेन्हा एवं भंडरा प्रखंड का भ्रमण कर कृषि एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के लाभुक किसानों से संवाद कर उनके अनुभव, उत्पादन, विभागीय सहयोग, उत्पादों के बाजार एवं उससे होने वाली आय की जानकारी ली। उपायुक्त ने किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने सेन्हा प्रखंड अंतर्गत तोड़ार पंचायत के चटकपुर ग्राम में प्रगतिशील किसान रामजीत महतो द्वारा लगभग 6 एकड़ भूमि में की जा रही खेती का निरीक्षण किया। किसान द्वारा किसान समृद्धि योजना एवं टपक सिंचाई योजना का लाभ लेते हुए विभिन्न फसलों एवं सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने टमाटर, बैंगन, गन्ना, लौकी एवं बीन सहित विभिन्न फसलों की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने किसान से उत्पादन की मात्रा, बाजार की उपलब्धता, उत्पादों की बिक्री से होने वाली आय तथा खेती में विभागीय सहयोग के संबंध में जानकारी ली। उपायुक्त ने किसान के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

उपायुक्त ने भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत अंतर्गत बुड़का ग्राम के गोपी टोली में 12 किसानों द्वारा कृषि विभाग की NFSNM-Nutri Cereals योजना के तहत लगभग 4 एकड़ भूमि में किए जा रहे मड़ुआ बीज उत्पादन कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन भी किया। उपायुक्त ने किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि मड़ुआ (रागी) जैसे पोषक अनाज स्वास्थ्य एवं पोषण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत रागी उत्पादन के लिए किसानों को प्रति एकड़ 3,000 रुपए का आर्थिक लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण में गंभीरता से भाग लेने तथा वैज्ञानिक तरीके से मड़ुआ का उत्पादन करने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिले के किसान बेहतर उत्पादन एवं गुणवत्तापूर्ण बीज तैयार कर राज्य स्तर पर लोहरदगा जिले का नाम रोशन करें।

उपायुक्त ने भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में पीएम किसान समृद्धि योजना के तहत 5 लाभुक किसानों के बीच सोलर पंप सेट का वितरण किया। उन्होंने लाभुक किसानों से उपकरणों का उचित एवं प्रभावी उपयोग करते हुए कृषि कार्यों को सुगम बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई व्यवस्था से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के साथ कृषि लागत को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

उपायुक्त ने भंडरा प्रखंड के बलसोता गांव में किसान रामदर्शन कुमार द्वारा पीएम कुसुम योजना एवं टपक सिंचाई योजना के सहयोग से लगभग 7 एकड़ भूमि में की जा रही खेती का निरीक्षण किया। किसान द्वारा खीरा, मिर्च, शिमला मिर्च, बीन सहित विभिन्न सब्जियों की खेती की जा रही है। किसान द्वारा बताया गया कि सब्जी उत्पादन में बेहतर आय हो जाती है। उपायुक्त ने खेती की स्थिति, सिंचाई व्यवस्था, उत्पादन एवं बाजार से संबंधित जानकारी ली तथा किसान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर किसान अपनी कृषि गतिविधियों को व्यावसायिक रूप देकर आय में वृद्धि कर सकते हैं।

उपायुक्त ने भंडरा प्रखंड के चट्टी ग्राम में मत्स्य विभाग द्वारा किसान पहलवान तिवारी को उपलब्ध कराई गई बायोफ्लॉक योजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बायोफ्लॉक पोंड में पांगेशियस प्रजाति की मछली के उत्पादन का जायजा लिया तथा मत्स्य पालन से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। उपायुक्त ने किसान द्वारा अन्य किसानों को भी बायोफ्लॉक तकनीक एवं मत्स्य पालन के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किए जाने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी को किसानों को आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं विभागीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला मत्स्य पदाधिकारी, संबंधित बीटीएम एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### विधायक मद से नव निर्मित आदिवासी अखड़ा का भव्य उद्घाटन

# ग्राम प्रधान व पहान पुजार के साथ रोहित उरांव ने किया लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव के विधायक मद से सोबरन टोली, लोहरदगा में नव निर्मित आदिवासी अखड़ा का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। अखड़ा का उद्घाटन ग्राम प्रधान एवं पहान पुजार के साथ रोहित उरांव के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि रोहित उरांव के आगमन पर आयोजकों द्वारा आदिवासी रीति-रिवाज के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। रोहित उरांव ने सभी को आगामी करमा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि करमा पर्व केवल पर्व नहीं, बल्कि हमारी आदिवासी संस्कृति, भाईचारे और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि "आदिवासी अखड़ा हमारी पहचान और हमारी धरोहर है। यह सिर्फ नाच-गान की जगह नहीं, बल्कि हमारी परंपरा, एकता और संस्कारों का केंद्र है। हमें अपनी आदिवासी धरोहर और संस्कृति की रक्षा करनी है और इसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना है।" इस मौके पर सभी ग्रामीण मुख्य अतिथि के साथ आदिवासी गीतों पर झूमते नजर आए। उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिला-पुरुष एवं युवा मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव का आभार जताया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रोहित उरांव के साथ माननीय विधायक के निजी सहायक संजय कुमार, जयंती उरांव, मीना उरांव, कलावती उरांव, शिवदयाल उरांव, महेश उरांव, चिन्हास् उरांव, विजय उरांव, सीमा उरांव,सुशील उरांव, दीपा केरकेट्टा, शुक्रा उरांव, राजू उरांव, बीरेंद्र उरांव के साथ काफी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जय श्रीराम समिति की जिला व महिला कमेटी का विस्तार, 48 पदाधिकारियों की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति, जिला लोहरदगा की महत्वपूर्ण बैठक पावरगंज स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग करूवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समिति के विस्तार की घोषणा की गई। जिला कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग करूवा ने जिला कमेटी के 42 एवं जिला महिला कमेटी के छह पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। घोषित जिला कमेटी में जिला कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में बजरंग करूवा एवं जिला महामंत्री के रूप में चंदन साहू को जिम्मेदारी दी गई। जिला उपाध्यक्ष के रूप में अनुज कुमार महतो, रंजीत नायक, रामनारायण प्रसाद, उदय महतो, सुमन उरांव, प्रकाश नायक, रामकुमार साहू, नितेश जैसवाल, सूरज दसोंधी एवं रंजीत यादव को मनोनीत किया गया। वहीं, जिला संगठन मंत्री के रूप में गुड्डू साहू, विवेक अग्रवाल, मनोज राम, अजय कुमार शाह, हरिओम प्रजापति, सुरेंद्र साहू, मुरारी सोनी, राम लखन राम, शुभम कुमार, अवधेश मिश्रा, विजय सोनी, संजय रवानी, भीम महतो, सुरेंद्र उरांव, दीनदयाल राम, रोहित साहू एवं मनीष शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला कोषाध्यक्ष बिक्की कसेरा, सह कोषाध्यक्ष नवीन साहू एवं बजरंग साहू बनाए गए। मीडिया प्रभारी नंदलाल तिवारी, सुमित घोष एवं आदित्य साहू, कार्यालय प्रमुख प्रकाश साहू, स्वास्थ्य प्रभारी ओम महतो, संजीव रेड्डी एवं उपेंद्र कुमार कुशवाहा, प्रवक्ता शैलेश कुमार कुशवाहा, संपर्क प्रमुख गोपाल महतो एवं संतोष साहू तथा मठ-मंदिर प्रभारी प्रमोद प्रजापति को बनाया गया। जिला महिला कमेटी में महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, महामंत्री जान्हवी गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष बिंदिया देवी, उपाध्यक्ष पूर्णिमा वर्मा एवं तारामनी भगत तथा संगठन मंत्री गुड़िया देवी को जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति के संरक्षकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के आदर्शों एवं उद्देश्यों को आत्मसात करते हुए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने तथा समिति को और मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। अब सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 14 अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व सभी प्रखंड कार्य समितियों का विस्तार पूर्ण कर लिया जाएगा।

**कार्यक्रम** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, अरुण साहू ने कहा

# लोहरदगा तेली समाज के लोग परिसीमन का करेंगे पूर्ण समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

- लोहरदगा में 18 फरवरी 2027 को आयोजित होगा भव्य तेली महाअधिवेशन
- समाज को आगे ले जाने के लिए समर्पित कार्यकर्ता व सशक्त कोष की नितांत आवश्यकता : प्रो शिवदयाल



**लोहरदगा।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज का एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन रविवार को जिलाध्यक्ष प्रो शिवदयाल साहु की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन का संचालन कैलाश साहु ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड प्रदेश तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहु ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक दृष्टिकोण से पहले जाति और समाज का हित है, उसके बाद पार्टी की विचारधारा आती है। समाज की एकजुटता ही उसकी असली पहचान और ताकत है। एक संगठित समाज से हर राजनीतिक दल में प्रभाव रहता है। उन्होंने आगे कहा कि आगामी परिसीमन के बाद झारखंड में समाज के लोगों को राजनीतिक रूप से बड़े अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने लोहरदगा की सामाजिक सक्रियता की सराहना करते हुए आह्वान किया कि जिला सम्मेलन से पहले गांवों में कार्यकर्ता सम्मेलन कर संगठन को धरातल पर मजबूत करें और नई कमेटियों में 50 प्रतिशत युवाओं को शामिल करें, क्योंकि आज देश और समाज में युवाओं की आबादी सर्वाधिक है।

वही अध्यक्षीय संबोधन में जिलाध्यक्ष प्रो शिवदयाल साहु ने कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन समाज की भावी दशा और दिशा तय करेगा। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार 26 जनवरी और 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाए जाते हैं, उसी तरह 18 फरवरी को 'तेली महाधिवेशन के रूप में समाज मनाता रहा है। एक समय समाज के पास बैठने के लिए एक कमरा तक नहीं था, लेकिन सामूहिक प्रयास से आज समाज की अपनी धर्मशाला खड़ी है। समाज को और आगे ले जाने के लिए समर्पित कार्यकर्ता और सशक्त कोष की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने आगामी 18 फरवरी 2027 को भव्य तेली महाअधिवेशन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसका सम्मेलन में उपस्थित सभी ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए एकमत से समर्थन किया। सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं ने समाज के कमजोर वर्ग को अधिकार दिलाने, आपसी कलह को घर-समाज के भीतर सुलझाने और कुरीतियों को दूर करने पर बल दिया। समाज के पुराने गौरव और रैलियों के ऐतिहासिक स्वरूप को याद करते हुए पुनः संगठित होने का आह्वान किया। सम्मेलन में मुनी साहु, हीरालाल साहु, जगन्नाथ साहु, कैलाश साहू, राजू साहु, कृष्णा साहु, मुन्ना साहु, विदेशी साहु, जगेश्वर साहू, कृष्णा साहू, प्रकाश साहू, सुरेंद्र साहू, रामबिलास साहु, सुबोध साहु, बजरंग साहु, तेजू साहु, हर्ष साहु, शिवशंकर साहु, डॉ अशोक आचार्य, प्रकाश साहू, बजरंग साहू, दर्शन साहू, कुंजबिहारी साहु, प्रवीण साहु, जतन साहू, बिंदु साहू, मारवाड़ी साहू, मुकेश साहू, तेजू साहू, प्रतिमा साहू, बिरसमुनी देवी, सुगंती देवी, संदीप साहू, दीपक साहू, अशोक साहू, मुनिलाल साहू, बैजनाथ साहू, सहित लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा समेत अन्य जिलों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## दृष्टिपात

### कैरो-जिंगी मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

कैरो/लोहरदगा। कैरो-जिंगी मुख्य पथ पर एडादोंन गांव के समीप हुई सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कैरो थाना के एएसआई दिलीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए सीबीएन अस्पताल, उतका पहुंचाया। मौके पर एएसआई दिलीप कुमार सिंह ने लोगों से सड़क सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों और यात्रियों से सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने को कहा। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोट और जान के जोखिम को कम करने के लिए जरूरी हैं। उन्होंने लोगों से शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील करते हुए कहा कि नशे में वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए पूर्व सांसद सुदर्शन भगत



**लोहरदगा।** मुंद्रिका बैंक्वेट में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में क्षेत्र के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत एवं थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर शामिल हुए। दोनों ने व्यासपीठ पर विराजमान कथावाचक अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीला की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। इसमें देवराज इंद्र के अहंकार को चूर कर प्रकृति पूजा का संदेश दिया गया। इस प्रसंग के दौरान भगवान श्रीकृष्ण को 56 भोग अर्पित किया गया। कृष्ण के स्वरूप में आयोजक जय प्रकाश शर्मा के पुत्र धैर्य शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। बाल कृष्ण के आकर्षक स्वरूप और 56 भोग अर्पित करने के लिए महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। झांकी और भक्ति कार्यक्रमों से पूरा आयोजन स्थल भक्तिमय नजर आया। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करता है। धार्मिक कथाओं से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी भाईचारे और संस्कारों का संचार होता है। कथा के दौरान प्रतिदिन प्रवचन करने वाले पंडित राम बालक को सुनील अग्रवाल एवं जय प्रकाश शर्मा ने साफा पहनाकर सम्मानित किया। भगवान के विभिन्न प्रसंगों और लीलाओं के दौरान पंडाल भजनों से गूंजता रहा और श्रद्धालु भक्तिरस में लीन नजर आए। महाआरती में मुख्य यजमानों के साथ सूरज अग्रवाल, राजीव रंजन, संजय बर्मन, पशुपतिनाथ पारस एवं अजय मित्तल ने भाग लिया। पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, राजीव रंजन, पशुपतिनाथ पारस एवं संजय बर्मन ने व्यासपीठ पर पहुंचकर कथावाचक से आशीर्वाद लिया। आयोजन समिति में मुख्य रूप से जय प्रकाश शर्मा, सुनील अग्रवाल, कुंदन साहू, राजन मेहता एवं प्रमोद प्रजापति सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पेशा कानून और ग्राम सभा को लेकर 12 पड़हा आकाशी की बैठक

**लोहरदगा।** जिला राजी पड़हा व्यवस्था लोहरदगा के 12 पड़हा आकाशी के बेजवाली गांव में ग्राम प्रधान लक्ष्मण उरांव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला वेल लक्ष्मी नारायण भगत, वेल बुद्धेश्वर उरांव, उप वेल बीरेन्द्र उरांव, देवान गोसाई भगत, भंडारी मंजन उरांव एवं जोंक वेल उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से विशु में पारित बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही पेशा कानून एवं ग्राम सभा के अधिकारों की जानकारी दी गई। जिला वेल लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा कि आज कई लोग गांवों में घूमकर नेताओं, सरकारी तंत्र एवं चर्च के लिए काम करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पड़हा के नाम पर अलग-अलग ग्राम सभाओं का आयोजन कर समाज और गांव को बांटने का प्रयास किया जा रहा है। इससे सभी को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पेशा कानून के अनुसार ग्राम सभा की बैठक के लिए सरकारी सूचना पत्र जारी किया जाता है। इसके साथ ही गांव में हकवा एवं डुगडुगी बजाकर ग्रामीणों को बैठक की जानकारी दी जाती है। देवान बीरेन्द्र उरांव ने कहा कि समाज को तोड़ने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया जा रहा है।

### युवा कौशल विकास महोत्सव को लेकर बैठक, तीन दिवसीय खेल आयोजन पर बनी रणनीति

**लोहरदगा।** युवा कौशल विकास महोत्सव 2026 के आयोजन को लेकर शंकर तिवारी न्यास कार्यालय में विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और 40वें डॉ. कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस सहित विभिन्न खेल आयोजनों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। महेंद्र भगत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक अक्टूबर को 40वीं डॉ. कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस का आयोजन किया जाएगा। साइकिल रेस लोहरदगा के बक्शी दीपा मैदान से चिंगरी बिशनपुर तक होगी।उन्होंने बताया कि दो अक्टूबर को घाघरा से चिंगरी तक युवा विकास मैराथन तथा तीन अक्टूबर को नेतरहाट से चिंगरी तक सिंगबोंगा मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में बालक एवं बालिका वर्ग के ग्रामीण युवाओं को शामिल किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की खेल प्रतिभा को सामने लाना और उन्हें बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। बैठक में रविंद्र भगत, देवेंद्र मंडल, रामस्वारथ महतो, प्रणव पाठक, जनमेजय महतो सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### देवस्थल मंदिर में 14 से शुरू होगा पांच दिवसीय गणेशोत्सव

**लोहरदगा।** शांति नगर किस्को मोड़ स्थित देवस्थल मंदिर परिसर में 14 से 18 सितंबर तक पांच दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पिछले 11 वर्षों से यहां भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। गणेशोत्सव के दौरान 14 से 17 सितंबर तक प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। प्रत्येक शाम सात बजे महाआरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा 15 और 17 सितंबर को श्रद्धालुओं की ओर से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। देवस्थल मंदिर में गणेशोत्सव की खासियत यह है कि श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार भगवान गणेश को मोदक, घी के लड्डू, विभिन्न प्रकार की मिठाइयां और फल अर्पित कर मंगलकामना करते हैं। आयोजन समिति की ओर से प्रतिदिन महाआरती में प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया जाता है। महाआरती के माध्यम से जिले की सुख-समृद्धि की कामना की जाती है। आयोजन समिति के सक्रिय सदस्य गुड्डू प्रसाद ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पांच दिवसीय गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन 18 सितंबर को पूजा-अर्चना के बाद दोपहर दो बजे गणपति बप्पा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### सेवा भारती ने लगातार 222वें सप्ताह लगाया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**लोहरदगा।** जिला सेवा भारती की ओर से चुन्नीलाल स्कूल परिसर में लगातार 222वें सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। रविवार सुबह आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय कुमार, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव संजय चौधरी एवं समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 42 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, बीपी, वजन, हार्टबीट एवं ऑक्सीजन लेवल की जांच निशुल्क की गई, जबकि अन्य जटिल जांच आधे खर्च पर कराई गई। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना संस्था का उद्देश्य है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक रविवार निशुल्क शिविर लगाया जाता है। डॉ. मृत्युंजय कुमार ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि विटामिन डी की कमी से हड्डियों संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। पर्याप्त धूप लेने के साथ दूध व पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमित स्वास्थ्य जांच और मॉर्निंग वॉक की सलाह दी।

## पुराना रायडीह में विहिप बजरंगदल का स्थापना दिवस मनाया गया



● संगठन की विचारधारा, सेवा और सामाजिक दायित्वों पर हुई चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के पुराना रायडीह स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल का 62वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मातृ शक्ति की सदस्य शामिल हुईं।

मुख्य वक्ता जिला सत्संग प्रमुख सह रायडीह प्रखंड समिति पालक अशोक सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और श्रीराम दरबार की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुई। इसके बाद एकात्मता मंत्र और विजय महामंत्र का सामूहिक पाठ किया गया। परिचय सत्र के बाद बौद्धिक कार्यक्रम हुआ।

वक्ताओं ने संगठन की विचारधारा, उद्देश्य और सामाजिक दायित्वों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज में एकजुटता, सेवा और संस्कार के प्रसार के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मातृ शक्ति, दुर्गा वाहिनी तथा विहिप बजरंगदल के विभिन्न आयामों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रखंड मातृ शक्ति प्रमुख सरोज देवी के अलावा रोपा दास गोस्वामी, धीरज सिंह, मदन नगेसिया, रेशमा देवी, धीरो देवी, सोनी देवी, अंकिता कुमारी समेत कई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों और सामाजिक दायित्वों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

# 108 एंबुलेंस कर्मचारियों ने सरकार को दिया अल्टीमेटम

● मांगें पूरी नहीं होने पर 28 सितंबर से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** 108 एंबुलेंस सेवा के संचालन, लंबित वेतन और वैधानिक अधिकारों की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ की गुमला जिला इकाई ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन जिला स्तर पर सिविल सर्जन के माध्यम से कराने की मांग की है।

संघ ने लंबित वेतन का भुगतान, कर्मचारियों को सभी वैधानिक अधिकार देने और सम्मान फाउंडेशन कंपनी से हटाए गए कर्मचारियों को संबंधित जिलों में पुनर्बहाल करने की मांग की है। संघ के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक कार्यालय ने 6 अगस्त को पत्र जारी कर सिविल सर्जन और जिला नोडल पदाधिकारियों को जिला स्तर पर 108 एंबुलेंस सेवा के संचालन तथा कर्मचारियों के वेतन भुगतान को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

संघ का कहना है कि जिला स्तर से संचालन होने पर सेवा की निगरानी बेहतर होगी और एंबुलेंस संचालन से जुड़ी समस्याओं का तेजी से समाधान किया जा सकेगा। संघ ने निजी कंपनियों के माध्यम से सेवा संचालन पर भी सवाल उठाए हैं। उसका दावा है कि एंबुलेंस के रखरखाव, ईंधन और कर्मचारियों के वेतन को लेकर लगातार शिकायतें मिलती रही हैं।

संघ के अनुसार 24 अगस्त, 27 अगस्त और 2 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर वर्तमान निविदा प्रक्रिया निरस्त करने, जिला स्तर पर सेवा शुरू करने और हटाए गए कर्मचारियों की पुनर्बहाली की मांग की गई थी। कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, अतिरिक्त कार्य का भुगतान, उपदान और न्यूनतम वेतन समेत वैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई।

मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के बाद 9 सितंबर को संघ के प्रदेश और जिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया। घोषित कार्यक्रम के तहत 10 से 12 सितंबर तक विभाग और सरकार के संबंधित पदाधिकारियों को मांग पत्र भेजे जाएंगे। 14 से 19 सितंबर तक कर्मचारी काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे।

19 सितंबर को सिविल सर्जन कार्यालय से उपायुक्त कार्यालय तक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। 21 सितंबर को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष भिक्षाटन और 23 सितंबर को सिविल सर्जन एवं उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। 25 सितंबर को राज्यभर के 108 एंबुलेंस कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल कर नामकुम, रांची स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय के समक्ष धरना देंगे।

संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर 28 सितंबर से पूरे राज्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जाएगी। संघ ने कहा कि 108 एंबुलेंस आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी है, इसलिए आंदोलन की स्थिति बनने से पहले सरकार कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करे।

## दृष्टिपात

### दक्षिणी कोयल नदी में महिला ने लगाई छलांग, बचाई गई जान

**सिसई (गुमला)।** थाना क्षेत्र के नागफेनी में शनिवार को एक महिला ने दक्षिणी कोयल नदी में छलांग लगाकर जान देने का प्रयास किया। महिला को नदी में कूदते देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों और पुलिस की तत्परता से उसे सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने महिला को नागफेनी स्थित कल्याण अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। महिला की पहचान सिमडेगा जिले के डुमरा कुम्बाटोली निवासी दीपक राम की 26 वर्षीय पत्नी सुजाता देवी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में महिला ने बताया कि वह करीब एक सप्ताह पहले अपनी मौसी के घर सिसई के मुर्गू गांव आई थी। शनिवार को घर लौटने के लिए वह मौसी से पैसे मांग रही थी। पैसे नहीं मिलने के बाद वह नागफेनी स्थित दक्षिणी कोयल नदी के पास पहुंची और नदी में छलांग लगा दी। महिला के पति दीपक राम ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी करीब एक वर्ष से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी से जूझ रही है और रांची के कांके स्थित अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वह पत्नी को लेने सिसई आया था। दोनों नागफेनी में बस का इंतजार कर रहे थे, इसी दौरान सुजाता नदी में कूद गई।

### खेत में बैंगन तोड़ने गई महिला की सांप के काटने से मौत

**घाघरा (गुमला)।** थाना क्षेत्र के सांसों जंगराटोली गांव में रविवार को खेत में बैंगन तोड़ने गई महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतका की पहचान अर्चना टोप्पो के रूप में हुई है। मृतका के पति सुखनाथ उरांव ने बताया कि वह करीब एक बजे पत्नी के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत में बैंगन तोड़ने गया था। इसी दौरान अर्चना ने पैर में सांप के काटने की जानकारी दी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गए, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर कुगांव पंचायत की मुखिया गीता कुमारी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं और परिजनों से घटना की जानकारी ली। उन्होंने हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

### बैल के दौड़ने से रस्सी में फंसा युवक, गंभीर घायल

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के करौंदी गांव में रविवार शाम मवेशी को घर ले जाने के दौरान 18 वर्षीय प्रेमचंद बड़ाइक घायल हो गया। अचानक बैल के दौड़ने से वह रस्सी में फंस गया और बैल उसे कुछ दूरी तक घसीटता ले गया। हादसे में उसके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। जानकारी के अनुसार प्रेमचंद शाम करीब पांच बजे बैल को रस्सी से बांधकर घर की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान बैल अचानक बिदक गया और तेज गति से दौड़ने लगा। रस्सी में फंसने के कारण प्रेमचंद खुद को संभाल नहीं सका और बैल उसे घसीटता हुआ कुछ दूर ले गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन उसे ऑटो से सदर अस्पताल गुमला ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति में सुधार होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी।

### घास काटने गए किशोर को सांप ने डसा

**गुमला।** पुसो थाना क्षेत्र के गरवाली गंगवा टोली गांव में रविवार शाम घास काटने गए 17 वर्षीय अभिषेक उरांव को सांप ने डस लिया। सर्पदंश के बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे गुमला सदर अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार अभिषेक शाम करीब चार बजे मवेशियों के लिए घास काटने खेत की ओर गया था। इसी दौरान घास में छिपे भूरे रंग के सांप ने उसके दाहिने पैर में डस लिया। किसी तरह घर पहुंचकर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे बाइक से सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां शाम करीब छह बजे भर्ती कराया गया। चिकित्सक डॉ. पीसी भगत की देखरेख में उसका उपचार चल रहा है। बारिश के मौसम में खेत, झाड़ियों और घास वाले इलाकों में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में ग्रामीणों से खेत और जंगल क्षेत्र में काम करते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### भारत विकास परिषद ने बांटे 100 फलदार और छायादार पौधे

**गुमला।** भारत विकास परिषद की गुमला शाखा की ओर से गुमला प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोरा परिसर में पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और ग्रामीणों के बीच 100 फलदार एवं छायादार पौधे वितरित किए गए। परिषद के संरक्षक निर्मल कुमार गोयल और उपाध्यक्ष विनय अखौरी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सभी की भागीदारी जरूरी है। पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी आवश्यक है। पर्यावरण प्रमुख मनमोहन सिंह ने विद्यार्थियों से पौधों को घर और गांव में लगाने तथा नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षण देना जरूरी है। परिषद के संरक्षक विनय कुमार लाल के सहयोग से उपलब्ध कराए गए पौधों में कटहल, अनार, नाशपाती और अमरूद समेत विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे शामिल थे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेशमा कुमारी ने परिषद की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। मौके पर सचिव राकेश कुमार वर्मा, रितेश कुमार, संचित कुमार सिंह समेत विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं और ग्रामीण मौजूद थे।

## बॉक्साइट खनन प्रभावित ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग उठाई

● सरांगो नवाटोली में बैठक, इटकीरी-सेरेंगदाग सड़क की बदहाली पर आंदोलन की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता



**घाघरा (गुमला)।** थाना क्षेत्र के सरांगो नवाटोली बगीचा में रविवार को सेरेंगदाग और बॉक्साइट खनन प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें इटकीरी से सेरेंगदाग तक जर्जर सड़क के निर्माण को लेकर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने सड़क की बदहाली पर नाराजगी जताते हुए जल्द निर्माण कराने की मांग की।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में बॉक्साइट ट्रकों का आवागमन होता है, जिससे सड़क की स्थिति लगातार खराब हो रही है। उनका आरोप है कि बॉक्साइट के खनन और परिवहन से कंपनी को आर्थिक लाभ मिल रहा है, लेकिन खनन प्रभावित गांवों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हैं और ट्रकों के आवागमन से धूल उड़ती रहती है। इससे ग्रामीणों के साथ मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भी परेशानी होती है। उनका कहना है कि कई बार 108 एंबुलेंस को भी क्षेत्र में पहुंचने में कठिनाई होती है। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार आवाज उठाई गई, लेकिन अब तक अपेक्षित पहल नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार आंदोलन की रणनीति तैयार की जा रही है और जल्द इसकी रूपरेखा सार्वजनिक की जाएगी।

## सरना मैदान में पांच दिवसीय आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

● जेएलकेएम के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन, 17 सितंबर को होगा समापन

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के सरना मैदान कोटारी में रविवार को पांच दिवसीय आदिवासी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता 13 से 17 सितंबर तक चलेगी। उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों में उत्साह देखा गया।

आयोजकों के अनुसार 17 सितंबर को प्रतियोगिता का समापन होगा। समापन समारोह में जेएलकेएम की पूर्व प्रत्याशी पूजा महतो समेत अन्य अतिथि शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह में जेएलकेएम के केंद्रीय महासचिव जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, जितेंद्र भगत, बाबूलाल साहु, सूरज सिंह समेत संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

आयोजकों ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना है। टूर्नामेंट में विभिन्न टीमों के बीच मुकाबले होंगे।

## एफजेसीसीआई के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने दामोदर कसेरा

● लायंस क्लब गुमला ने दी बधाई, व्यापारिक हितों को मजबूती मिलने की जताई उम्मीद

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वर्ष 2026-27 के चुनाव में गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चुने गए। उनकी जीत पर लायंस क्लब गुमला के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दी।

क्लब के अध्यक्ष पदम कुमार साबू, सचिव डॉ. शंकर लाल जाजोदिया और कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने दामोदर कसेरा की जीत को गुमला के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कहा कि इससे व्यापारिक क्षेत्र में गुमला की पहचान और मजबूत होगी। क्लब के सदस्यों ने उनके कार्यकाल की सफलता की कामना करते हुए व्यापारिक हितों को आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई।

बधाई देने वालों में बृज किशोर फोगला, अशोक कुमार जायसवाल, मुरली मनोहर प्रसाद, मनमोहन केसरी, अनिल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल और किरण केसरी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## 37वीं प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर का शानदार प्रदर्शन

● तरुण वर्ग बहनों की टीम ने पूरे झारखंड प्रांत में हासिल किया तृतीय स्थान

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** 37वां प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स समारोह 2026 में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा के भैया-बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए। वहीं तरुण वर्ग बहनों की टीम ने पूरे झारखंड प्रांत में हासिल किया तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान) के अंतर्गत जैवलिन थ्रो में बहन क्रांति कुमारी, 1500 मीटर दौड़ में भैया रोशन भगत तथा ऊंची कूद में बहन पूजा उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रजत पदक (द्वितीय स्थान) में लंबी कूद में भैया रोशन भगत, गोला फेंक में बहन क्रांति कुमारी तथा 400 मीटर दौड़ में बहन यमुना उरांव ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कांस्य पदक (तृतीय स्थान) में 100 मीटर दौड़ में बहन इशिका, 800 मीटर दौड़ में बहन यमुना उरांव तथा 4 किलोमीटर क्रॉस कंट्री में बहन सीमा मुंडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त 4×100 मीटर रिले रेस में बहनों की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि पर गुमला विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिंहा, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे एवं विद्यालय परिवार ने सभी विजेता भैया-बहनों, उनके प्रशिक्षकों एवं मार्गदर्शकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं खेल भावना का परिणाम है।

## भाजपा ने आगामी कार्यक्रमों की दी जानकारी 17 से शुरू होगा सेवा अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कमेटी की ओर से पावरगंज स्थित होटल नोवेल्टी में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, जिला महामंत्री मिथुन तमेड़ा, पशुपति पारस एवं जिला मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि मौजूद थे। जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज ने कहा कि पार्टी की ओर से पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने पत्रकारों के प्रति आभार जताते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक भाजपा की ओर से विभिन्न सेवा एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को मंदिरों में दीप जलाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवधि में सेवा संकल्प अभियान, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, रंगोली, राष्ट्र सेवा सेतु, सेवा मेरा योगदान, सेवा ज्योति यात्रा, कहानी बदलाव की, वडनगर से वाराणसी, 25 साल सेवा के, नमो सेवा गाथा, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत एवं आंगन का उत्सव जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। महिला मोर्चा की कार्यकर्ता गांवों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा कर सेविकाओं से संवाद करेंगी और केंद्रों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके समाधान के लिए प्रयास करेंगी। वहीं सेवा ज्योति कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किए जाएंगे।अमित कुमार सिंह ने बताया कि '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत 7 सितंबर से 7 अक्टूबर तक देशभर में ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। इनमें किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए ओम प्रकाश सिंह ने भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और पार्टी के पुराने नेताओं के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन के कार्यक्रमों को गांव और शहर तक पहुंचाने में जुटे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

# चार किलोमीटर कच्ची सड़क और बदहाल जलमीनार से जूझ रहा ओरामार गांव

● 80 परिवारों की आबादी वाले गांव में सड़क, पानी, बिजली और शिक्षकों की कमी, ग्रामीणों ने प्रशासन से मांगी सुविधा

सुंदरम केशरी



**चैनपुर (गुमला)।** प्रखंड के बामदा पंचायत अंतर्गत ओरामार गांव में करीब 80 परिवार मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। कुरुमगढ़ मुख्य मार्ग से गांव तक करीब चार किलोमीटर सड़क अब तक पक्की नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की स्थिति के कारण आपात स्थिति में एंबुलेंस और अन्य वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते।

ग्रामीणों ने बताया कि हाल में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर लकड़ी और खाट की मदद से डोली बनाकर कमल टोली मुख्य मार्ग तक पहुंचाया गया। वहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि सड़क समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन देते हैं, लेकिन बाद में समस्या पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता।

गांव में पेयजल के लिए दो जलमीनार लगाए गए हैं। इनमें एक पूरी तरह खराब है, जबकि दूसरा भी ठीक से काम नहीं करता। इससे ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। ग्रामीणों के अनुसार बिजली के पोल तो लगाए गए हैं, लेकिन आपूर्ति नियमित नहीं है। बिजली की समस्या से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

गांव के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा आठ तक पढ़ाई होती है, लेकिन केवल दो शिक्षक पदस्थ हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षकों की कमी के कारण पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि सड़क और अन्य समस्याओं को लेकर उपायुक्त को आवेदन भी दिया गया था, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क पक्की कराने, जलमीनारों की मरम्मत, नियमित बिजली आपूर्ति और विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। मौके पर राजेंद्र यादव, देवसाय खड़िया, लोहरा मुंडा, दिलेश्वर यादव, मुनेश्वर खड़िया, अंजली टेटे, प्रिय देवी, कलिता खड़िया, सुनीता देवी और श्रीराम खड़िया समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

**विचार प्रवाह** भलाई करने में कभी-कभी हमें पीड़ा सहनी ही होगी। ईश्वर को पाने हेतु हमें कष्ट सहने के लिए तैयार होना ही चाहिए। ब्रह्म की अनंत शांति प्राप्त करने के लिए शरीर का कष्ट या मन का संयम सहन करना है ही क्या? क्राइस्ट का आनंद इतना अधिक था कि वे प्रभु के लिए अपना शरीर त्यागने को तैयार थे। जीवन का उद्देश्य ही उस परम आनंद को प्राप्त करना है - ईश्वर को प्राप्त करना है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# पितृपक्ष के तर्पण की तरह हिंदी पखवाड़े से राष्ट्रभाषा का सपना रहेगा अधूरा

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने की तरह हिंदी पखवाड़े में हिंदी में काम करने की रस्म अदा करने से राजभाषा हिंदी राष्ट्रभाषा नहीं बन सकती। पितृपक्ष में जिस तरह पितरों को याद किया जाता है, उसी तरह लगभग उसी समय हर साल हिंदी पखवाड़ा आता है। सरकारी कार्यालयों में वाद-विवाद, टाइपिंग, निबंध लेखन, आशु लेखन, भाषण आदि की प्रतियोगिताओं के बाद कुछ लोगों को पुरस्कार, चाय-नाश्ते के बाद हिंदी का एक तरह से तर्पण होता है और फिर सालों भर हिंदी में ही कार्य करने वाले झारखंड सरकार के कार्यालयों को छोड़कर अधिकांश केंद्र और कॉर्पोरेट या अर्द्धसरकारी कार्यालय अपने पुराने ढर्रे पर फिर से अंग्रेजी में काम करने लगते हैं जिसकी कल्पना 1835 में मैकाले ने की थी। आज हर गली कूचे में खुल रहे तथाकथित अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों ने इस कुतर्क को और मजबूत किया है कि हिंदी लूली-लंगड़ी भाषा है जिसमें पढ़ाई करने पर नौकरी नहीं मिलने वाली। इसकी नींव भारत को गुलाम बनाने की चाहत वाले मैकाले ने नहीं 14-15 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि को हुए कार्यक्रम 'ट्रिस्ट विथ डेस्टिनी' के नेहरू जी के अंग्रेजी भाषण ने रखी थी तब दुनिया इसका अनुवाद कराकर समझ सकती थी और भारत की आजादी की लड़ाई 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा','भारत छोडो','वंदे मातरम',स्वदेशी अपनाओ जैसे आंदोलनों के सहारे लड़ने वाले देश की जनता को एक संदेश जाता पर जैसे आरोप लगते हैं आजादी नहीं हुई ट्रांसफर ऑफ़ पावर हुआ था। अगले दिन गांधी ने एक विदेशी संवाददाता को कहा था, 'पूरी दुनिया को बता दो कि गांधी अंग्रेजी नहीं जानता।' हिंदी को राजभाषा से राष्ट्रीय भाषा नहीं बनने देने में अंग्रेजी परस्त मुट्ठी भर लोगों जिनकी इच्छा शासक वर्ग बने रहने की थी और द्रविड़ राजनीति की बड़ी भूमिका रही है। कुछ प्रधानमंत्रियों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश भारत में भी अंग्रेजी में ही बोलते थे जिसको समझने वाली जनता लगभग चार प्रतिशत थी। हिंदी के बढ़ते प्रसार को लेकर हिंदी प्रेमी प्रसन्न हैं, पर यह प्रसार राजकीय कम, बाजार की मांग और फिल्मों की सफलता का मापदंड आज भी है। कॉरपोरेट जगत इस बात को जानता है कि अंग्रेजी से न फ़िल्में चलेंगी न बाजार इस लिए उन्होंने बाजार के लिए हिंदी समेत भारतीय भाषाओं को अपना हथियार बना लिया है। लेकिन नीतियों, प्रशासन और ऐसे ही दूसरे कार्यों के लिए कॉरपोरेट जगत में हिंदी उतनी ही बेगानी है, जितनी संविधान के तहत कार्य करने वाली संस्थाओं और सरकारी कार्यालयों के अंदर है। कड़वी सच्चाई यह है कि हिंदी कमाई की भाषा तो है, लेकिन उसे नियंत्रित करने वाली सोच की भाषा अंग्रेजी ही है। लोहिया के अंग्रेजी हटाओ आंदोलन का समाजवादी खेमे ने स्वागत किया पर हिंदी विरोधियों की कुंठा को अभिव्यक्त होने का मौका भी दे दिया। गैर-हिंदीभाषी राज्यों में हिंदी का तिरस्कार और अंग्रेजी के प्रति सम्मान दिखाते रहे आज लोहिया के अनुयायी समाजवादी धारा के दल उन द्रविड़ दलों के साथ खड़े हैं, जो हिंदी को लेकर जहर उगलते हैं और वे इसे संघी भाषा बता चुप्पी साधे रखते हैं। आजादी के बाद की कांग्रेस न तो हिंदी समर्थक रही और न ही विरोधी। परिस्थिति और जगह के हिसाब से उसकी हिंदी नीति चलती रही। जबकि भाजपा ने मोदी-शाह के दौर में हिंदी को प्रतिष्ठित करने की कोशिश की, लेकिन नौकरशाही का रूख नहीं बदला। नौकरशाही का रवैया अब भी अंग्रेजी समर्थक ही है। संसदीय हिंदी समिति की अनुशंसा हों या फिर राजभाषा कानून के दूसरे प्रावधान, अब भी हिंदी के कथित उत्थान और विकास के लिए रस्म ही पूरी की जाती है सरकारी कार्यालयों में अंग्रेजी की चिट्ठियों के अंत में लिखा रहता है हिंदी प्रति भेजी जा रही है। नीतियां अब भी अंग्रेजी में ही बनती हैं, और हिंदी या भारतीय भाषाओं में उनका जटिल अनुवाद परोसा जा रहा है जिसमें लोक की आत्मा नहीं रहती। इसकी तुलना में झारखंड सहित लगभग पूरी हिंदी पट्टी के सरकारी कामकाज की भाषा प्रमुखतः हिंदी ही है कुछ तकनीकी विभाग तकनीकी शब्दावली के अभाव में जरुर अंग्रेजी का प्रयोग कर रहे हैं पर वर्चस्व हिंदी का ही है जिसकी प्रशंसा करनी चाहिए। स्वतंत्रता के बाद अंग्रेजों के राजकाज में प्रभावशाली रहे नेता और अफसर का गठजोड़ हिंदी विरोध का समाधान करने के बजाय उसे हवा देते रहे जिससे इसमें राजनीति को अवसर मिला और हिंदी को बेचारी बना दिया गया। दिलचस्प यह है कि हिंदी फिल्मों के बलबूते जिन फ़िल्मी सितारों की रोजीरोटी चलती है वे भी अंग्रेजी में इंटरव्यू देते हैं पर भारत का आम आदमी अंग्रेजी के टैग लाइन वाले विज्ञापनों को अपना नहीं समझता इसलिए ये दिल मांगे मोर चलता है और अंग्रेजी के टीवी चैनल भी हिंदी में विज्ञापन दिखाते हैं। अभी कमाई का रिकॉर्ड बनाने वाली हिंदी फिल्म हनुमान अंश ने भी साबित किया है कि फिर भी दिल है हिंदुस्तानी।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हिंदी का संघर्ष

आज की बात



डॉ दीपक प्रसाद

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, वह किसी समाज की स्मृति, संस्कृति, विचार और आत्मसम्मान की पहचान होती है। हर वर्ष 14 सितंबर को देश में हिंदी दिवस मनाया जाता है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सरकारी संस्थानों और विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों में हिंदी के महत्व पर चर्चा होती है। प्रतियोगिताएं होती हैं, भाषण दिए जाते हैं और हिंदी के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाता है। लेकिन एक गंभीर प्रश्न आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या हिंदी को केवल एक दिन याद करने से उसका भविष्य सुरक्षित हो जाएगा? यह प्रश्न इसलिए और महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि हम ऐसे समय में प्रवेश कर चुके हैं, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई हमारी जिंदगी के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, व्यापार से लेकर प्रशासन, बैंकिंग से लेकर कृषि और मनोरंजन से लेकर शोध तक कृत्रिम बुद्धिमत्ता तेजी से अपना विस्तार कर रही है। ऐसे समय में हिंदी के सामने चुनौती भी है और एक अभूतपूर्व अवसर भी। भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी ऐतिहासिक निर्णय की स्मृति में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 343 में संघ की राजभाषा हिंदी और उसकी लिपि देवनागरी निर्धारित की गई है। यह समझना आवश्यक है कि हिंदी दिवस का उद्देश्य केवल हिंदी का उत्सव मनाना नहीं है। इसका वास्तविक उद्देश्य हिंदी के प्रयोग, विकास और सम्मान को बढ़ाना है। लेकिन 14 सितंबर आते ही यदि हम हिंदी की प्रशंसा करें और 15 सितंबर से फिर उसी भाषा को पीछे छोड़ दें, तो हमें स्वयं से पूछना चाहिए कि हमारी भाषा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कितनी वास्तविक है? सवाल उठता है कि हिंदी का संघर्ष आखिर किससे है? यहां बताते चलें कि हिंदी का संघर्ष अंग्रेजी से कम और हमारी मानसिकता से अधिक है।

अंग्रेजी सीखना या बोलना कोई समस्या नहीं है। किसी भी विदेशी भाषा का ज्ञान व्यक्ति की क्षमता बढ़ाता है। समस्या तब पैदा होती है जब अंग्रेजी को ज्ञान, योग्यता और प्रतिष्ठा का प्रमाण मान लिया जाता है तथा हिंदी या भारतीय भाषाओं में बोलने वाले व्यक्ति को कमतर समझा जाने लगता है। आज हमारे समाज में कई बार ऐसा दृश्य दिखाई देता है कि कोई व्यक्ति हिंदी में सहजता से बोलता है तो उसे सामान्य समझा जाता है, लेकिन वही व्यक्ति कुछ अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग कर दे तो उसके व्यक्तित्व को अधिक आधुनिक और शिक्षित मान लिया जाता है। यह मानसिकता केवल शहरों तक सीमित नहीं है। इसका प्रभाव हमारे विद्यालयों और महाविद्यालयों तक पहुंच चुका है। कई बच्चे हिंदी में प्रश्न पूछने में संकोच करते हैं। उन्हें डर रहता है कि कहीं दूसरे विद्यार्थी उन्हें कम बुद्धिमान न समझ लें। कई अभिभावक भी यह मानने लगे हैं कि अंग्रेजी माध्यम ही सफलता का रास्ता है। यह सोच बदलनी होगी। भाषा बुद्धिमत्ता का प्रमाण नहीं होती। भाषा बुद्धिमत्ता को व्यक्त करने का माध्यम होती है। जापान, चीन, दक्षिण कोरिया, फ्रांस और जर्मनी जैसे अनेक देशों ने अपनी भाषाओं को आधुनिक ज्ञान, विज्ञान, तकनीक और अर्थव्यवस्था से जोड़े रखा है। उन्होंने विदेशी भाषाओं से दूरी नहीं बनाई, लेकिन अपनी भाषा को विकास की धुरी से हटने भी नहीं दिया। भारत को भी यही संतुलन सीखना होगा। क्या हिंदी विज्ञान और तकनीक की भाषा बन सकती है? यह सवाल अक्सर पूछा जाता है। इसका उत्तर है-हां, लेकिन इसके लिए केवल भावनात्मक प्रेम पर्याप्त नहीं है। हिंदी को विज्ञान, चिकित्सा, कानून, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कंप्यूटर, अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक की भाषा बनाना होगा। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण पाठ्य सामग्री तैयार करनी होगी, नए शब्दों का सहज विकास करना होगा और सबसे महत्वपूर्ण बात-हिंदी में ज्ञान का विशाल डिजिटल भंडार तैयार करना होगा। यहीं से कृत्रिम बुद्धिमत्ता हिंदी के लिए एक बड़ी संभावना बनकर सामने आती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज भाषा की सीमाओं को तेजी से बदल रही है। कुछ वर्ष पहले यदि किसी व्यक्ति को अंग्रेजी में कोई जानकारी चाहिए होती थी और वह अंग्रेजी नहीं जानता था, तो उसके सामने बड़ी बाधा होती थी। आज AI आधारित भाषा तकनीक अनुवाद, आवाज पहचान, पाठ निर्माण, सारांश, प्रश्नोत्तर और संवाद जैसे अनेक कार्यों में सहायता कर सकती है। कल्पना कीजिए कि गांव का एक किसान अपनी स्थानीय बोली में मोबाइल से पूछता है "मेरी फसल में यह बीमारी क्यों हो रही है?" यदि AI उसकी भाषा या बोली को समझकर सरल हिंदी में समाधान दे सके और जरूरत पड़ने पर स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार कृषि विशेषज्ञ की जानकारी उपलब्ध करा सके, तो तकनीक वास्तव में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही होगी। यही एआई की सबसे बड़ी ताकत हो सकती है-ज्ञान को भाषा की दीवार से मुक्त करना। शिक्षा के क्षेत्र में एआई हिंदी के लिए क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। एक विद्यार्थी हिंदी में प्रश्न पूछकर गणित, विज्ञान, इतिहास, भूगोल या किसी अन्य विषय को अपनी समझ के स्तर पर समझ सकता है। कठिन अंग्रेजी पाठ का सरल हिंदी में अर्थ समझ सकता है। शिक्षक अपनी कक्षा के लिए हिंदी में शिक्षण सामग्री, प्रश्नपत्र, गतिविधियां और उदाहरण तैयार कर सकता है। ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है। लेकिन यहां एक सावधानी भी आवश्यक है। एआई शिक्षक का विकल्प नहीं, शिक्षक का सहयोगी होना चाहिए। विद्यार्थी यदि हर प्रश्न का उत्तर बिना सोचे एआई से लेने लगेगा, तो उसकी मौलिक सोच कमजोर हो सकती है। इसलिए एआई का उपयोग ज्ञान प्राप्त करने के लिए हो, सोचने की क्षमता समाप्त करने के लिए नहीं। भारत की बड़ी आबादी अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को अंग्रेजी में व्यक्त नहीं कर पाती। यदि AI आधारित स्वास्थ्य सेवाएं हिंदी और भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होती हैं तो सामान्य व्यक्ति बीमारी, दवा, जांच, खान-पान और स्वास्थ्य संबंधी सामान्य जानकारी को अधिक आसानी से समझ सकता है। उदाहरण के लिए कोई व्यक्ति अपनी समस्या बोलकर बता सके और एआई उसे सरल भाषा में यह समझा सके कि उसे तत्काल डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए या सामान्य सावधानी बरतनी चाहिए। लेकिन यहां भी एक सीमा स्पष्ट है-एआई चिकित्सा विशेषज्ञ का विकल्प नहीं है। गंभीर बीमारी, आपातकाल या दवा संबंधी निर्णय में योग्य चिकित्सक की सलाह आवश्यक रहेगी। भारत की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा ऐसे लोगों से जुड़ा है जिनकी पहली भाषा अंग्रेजी नहीं है। छोटे व्यापारी, किसान, कारीगर, घरेलू उद्यमी, स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण युवा यदि अपनी भाषा में डिजिटल तकनीक का उपयोग कर सकें तो आर्थिक भागीदारी बढ़ सकती है। व्यापारिक जानकारी समझा सकती है, दस्तावेज तैयार करने में सहायता कर सकती है, ग्राहक सेवा को सरल बना सकती है, छोटे व्यवसाय के लिए विज्ञापन और प्रचार सामग्री तैयार करने में सहायता कर सकती है। इस प्रकार हिंदी केवल साहित्य की भाषा नहीं रहेगी, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की भाषा भी बन सकती है। लेकिन एआई के दौर में हिंदी के सामने चुनौतियां भी बड़ी हैं। एआई हिंदी के लिए अवसर है, लेकिन यह चुनौती से मुक्त नहीं है। AI की गुणवत्ता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके पास किस भाषा में कितना अच्छा और विविध डेटा उपलब्ध है। अंग्रेजी में लंबे समय से विशाल डिजिटल सामग्री मौजूद है। हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में डिजिटल सामग्री तेजी से बढ़ रही है, लेकिन अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है।




हमें हिंदी में गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें, शोधपत्र, पाठ्य सामग्री, विश्वसनीय वेबसाइटें, वैज्ञानिक सामग्री, कानूनी दस्तावेज, डिजिटल अभिलेख, लोक साहित्य और भाषाई संसाधन बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराने होंगे। इसके साथ एक और चुनौती है हिंदी की विविधता। हिंदी केवल मानक हिंदी नहीं है। इसके साथ भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका, छत्तीसगढ़ी, अवधी, ब्रज, बुंदेली, हरियाणवी और अनेक लोकभाषाओं तथा बोलियों की समृद्ध परंपरा जुड़ी है। यदि AI इन भाषाई विविधताओं को समझ सके, तो भारत की भाषाई संस्कृति को नई डिजिटल शक्ति मिल सकती है। जब कोई जापानी अपनी भाषा में बोलता है तो वह अपनी भाषा के कारण छोटा नहीं होता। जब कोई फ्रांसीसी अपनी भाषा में संवाद करता है तो उसकी प्रतिष्ठा कम नहीं होती। जब चीन अपनी भाषा में विज्ञान और तकनीक का निर्माण कर सकता है तो भारत क्यों नहीं? हमारी योग्यता हमारे ज्ञान, विचार, व्यवहार, रचनात्मकता और कर्म से तय होती है। हमें अंग्रेजी सीखनी चाहिए, दुनिया की अन्य भाषाएं भी सीखनी चाहिए, लेकिन अपनी भाषा बोलने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए। दूसरी भाषा सीखना प्रगति है; अपनी भाषा को हीन समझना मानसिक गुलामी है। हिंदी को बचाने की नहीं, विकसित करने की जरूरत है। हिंदी दिवस की सार्थकता तभी होगी, जब हिंदी हमारे समारोहों से निकलकर हमारे व्यवहार, शिक्षा, शोध, तकनीक और भविष्य की निर्माण-प्रक्रिया का हिस्सा बने।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# हिंदी का नया क्षितिज : राजभाषा से डिजिटल और वैश्विक भाषा तक

अलग बात



डॉ यल कोमुरा रेड्डी

भारत की पहचान उसकी भाषाई विविधता में निहित है। यहां अनेक भाषाएं, बोलियां और समृद्ध साहित्यिक परंपराएं हैं। इस विविधता के बीच हिन्दी का स्थान विशेष है। हिन्दी केवल विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक संपर्क, सांस्कृतिक संवाद, प्रशासन, शिक्षा, मनोरंजन और अब डिजिटल तकनीक की भी महत्वपूर्ण भाषा बन चुकी है। आधुनिक भारत में हिन्दी की भूमिका को राजभाषा, संपर्क भाषा और वैश्विक भाषा-इन तीनों व्यापक संदर्भों में समझना आवश्यक है। स्वतंत्रता के बाद संविधान सभा के सामने संघ की भाषा का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील था। व्यापक विचार-विमर्श और समझौते के बाद 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संविधान के भाग 17 में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और उसकी लिपि देवनागरी है। हिन्दी संघ की राजभाषा है। 'राष्ट्रभाषा' शब्द का प्रयोग मुख्यतः सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक संदर्भ में किया जाता है। इसलिए हिन्दी की व्यापकता को समझते समय संवैधानिक स्थिति और सामाजिक भूमिका के बीच अंतर बनाए रखना आवश्यक है। हिन्दी का वास्तविक विस्तार केवल सरकारी प्रयासों से नहीं हुआ। आंतरिक प्रवास, व्यापार, रोजगार, पर्यटन, सिनेमा, टेलीविजन, संगीत और सोशल मीडिया ने इसे देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के बीच संपर्क की महत्वपूर्ण भाषा बनाया है। देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जाने वाले लोग कई बार आपसी बातचीत के लिए हिन्दी का सहारा लेते हैं। इस दृष्टि से हिन्दी भारत की बहुभाषी व्यवस्था में एक उपयोगी संपर्क भाषा के रूप में उभरी है। शिक्षा के क्षेत्र में भी हिन्दी और भारतीय भाषाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। कोठारी आयोग की सिफारिशों के आधार पर 1968 में त्रिभाषा सूत्र को महत्व दिया गया था। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा के साथ अन्य भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी से परिचित कराना था। हालांकि इसके क्रियान्वयन में राज्यों के बीच काफी अंतर रहा है। तमिलनाडु जैसे राज्यों ने द्विभाषी नीति को प्राथमिकता दी है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत जैसे बहुभाषी देश में भाषा नीति बनाते समय क्षेत्रीय भावनाओं और भाषाई विविधता का सम्मान अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के महत्व को नई दिशा दी है। नीति में कम से कम कक्षा 5 तक और संभव हो तो कक्षा 8 या उससे आगे तक मातृभाषा, स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा में शिक्षा को प्रोत्साहित किया गया है। साथ ही भाषा चयन में लचीलापन और किसी भाषा को थोपने से बचने पर जोर दिया गया है। यह दृष्टिकोण भारतीय भाषाओं के बीच सहयोग और सह-अस्तित्व को मजबूत कर सकता है। हिन्दी के सामने सबसे बड़ा नया अवसर डिजिटल क्रांति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है। इंटरनेट, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस के विस्तार ने भारतीय भाषाओं में सामग्री की मांग तेजी से बढ़ाई है। आज हिन्दी में समाचार, शिक्षा, मनोरंजन, व्यापार और सरकारी सेवाओं की बड़ी मात्रा में सामग्री उपलब्ध है। भारत सरकार की 'भाषिणी' जैसी पहल ने भारतीय भाषाओं को तकनीक से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण की सहायता से भाषण को पाठ में बदलना, एक भाषा से दूसरी भाषा में अनुवाद करना और आवाज के माध्यम से डिजिटल सेवाओं का उपयोग करना संभव हो रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ उन नागरिकों को मिल सकता है जो अंग्रेजी में सहज नहीं हैं। भविष्य में हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के बीच वास्तविक समय में अनुवाद की तकनीक भाषाई दूरी को और कम कर सकती है। वैश्विक स्तर पर भी हिन्दी की पहचान लगातार बढ़ रही है। भारतीय सिनेमा, संगीत, साहित्य, डिजिटल मीडिया और प्रवासी भारतीय समुदाय ने हिन्दी को भारत की सीमाओं से बाहर पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मॉरीशस, फिजी, गयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल सहित कई देशों में हिन्दी से जुड़ी सांस्कृतिक परंपराएँ मौजूद हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी देशों में भी भारतीय समुदाय के कारण हिन्दी का प्रयोग और अध्ययन बढ़ा है। विश्व हिन्दी सम्मेलन हिन्दी के अंतरराष्ट्रीय विस्तार का महत्वपूर्ण मंच है। 12वां विश्व हिन्दी सम्मेलन फरवरी 2023 में फिजी में आयोजित हुआ और इसका विषय था-"हिन्दी - पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक।" यह विषय स्वयं बताता है कि हिन्दी अब केवल साहित्य और संस्कृति की भाषा के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिक ज्ञान और तकनीक की भाषा के रूप में भी देखी जा रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## काव्य कोना

### हमसफर

बेताब निगाहें न जाने कब सुकुन पायेंगी
ये बे-दिली न जाने क्या रंग लायेगी!
सर्द हवा के झोंकों ने भी रुख़ बदल लिया
बेखबर से कदम न जाने कब मंजिल पायेंगे।


मैं जानता हूं तू पास नहीं है
नज़रों को फिर भी इंतजार रहता है
न जाने कब कौन-सा हवा का झोंका
आ जाये तेरे पायल की खनक जिस पे।

चश्मे-साकी से जो जाम पीया
कहाँ उतरा नशा उसका अब तक
बस हमें बदनाम किया
न थे हम दीवाने, फिर भी ये नाम दिया
हाय, राह में हमसफर ने दामन थाम लिया
हमने उसे चश्मे- साकी का नाम दिया।

**नाग मणि**

राष्ट्रीय नवीन मेल
## धर्म-अध्यात्म

### स्वाधीन और युवा भारत के लिए!



श्रीअरविंद

मेरी इच्छा तुममें से कुछ को महान बनते हुए देखने की भी है लेकिन केवल तुम्हारे अपने लिए महान नहीं, इसलिए महान नहीं कि तुम अपने तुच्छ अहंकार का पोषण करो, बल्कि महान इसलिए कि तुम भारत माता को महान बना सको, उसे इस दुनिया के देशों की पंक्ति में सिर ऊंचा रखकर खड़े होने के लिए महान होना, जैसा भारत गुजरे वर्षों में करता था जब संसार के देश उसकी ओर प्रकाश के लिए ताकते थे। कितनी उदात्त सोच है! कितना ऊंचा आदर्श है महायोगी का! और कितना प्रकाश है इन पंक्तियों में आज के स्वाधीन और युवा भारत के लिए! निश्चित रूप से आज का युवा सम्पन्न और महान बनना चाहता है लेकिन आज उसकी संपन्नता और महानता के साथ भारत माता की संपन्नता और महानता नहीं जुड़ी है। आज वह एकाकी महानता चाहता है, खुशहाली और ऐशोआराम का जीवन चाहता है, वैभव और विलासिता के बेशुमार सामान को जुटाना चाहता है लेकिन उसकी चिंता में, उसके चिंतन में बेघर, बेकार, बीमार, भूख और बेचारगी के शिकार भारत की कोई जगह नहीं है। रूमानियत से भरे उसके सपनों में गाँव और गरीब ग़ायब हैं। आज भारत माता के संसाधनों का दोहन करके युवा अमीर होना चाहता है अपनी शक्ति, सामर्थ्य और शिक्षा से मां भारती को अमीर नहीं बनाना चाहता है। श्रीअरविन्द की सलाह कुछ अलग थी जिसे अनसुना करना राष्ट्रीय जीवन के लिए महंगा पड़ेगा।

**भारत एक बार पुनः कैसे महान बनेगा?**

- सच्चे अर्थों में भारत बनकर
- बहुआयामी शक्ति की प्राप्ति करके
- अपने मूल स्वभाव के अनुरूप विकास करके
- राष्ट्रीय जीवन में मौलिक चिंतन की धार तेज करके
- योग और आध्यात्मिकता को राष्ट्रीय जीवन में पुन: स्थापित करके

समकालीन भारत के सामने यह प्रश्न है की वह एक बार फिर कैसे अतीत के भारत की ऊंचाइयां हासिल करेगा।

**-पूर्णयोगेश्वर श्रीअरविंद से साभार**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




# दादी के शब्दकोश में बची हुई हिंदी

देश की बात



आशुतोष प्रसाद

दादी के पास कोई शब्दकोश नहीं होता था, फिर भी उनके पास शब्दों की ऐसी दुनिया थी जिसमें हमारी पूरी जिंदगी समा जाती थी। उनके शब्दों का अर्थ किसी किताब में नहीं मिलता था। वे घर के आंगन में पैदा होते थे, रसोई की महक में घुलते थे, मौसम के साथ बदलते थे और रिश्तों की गर्माहट में अपना अर्थ पाते थे। आज हमारे पास शब्दकोशों के अनेक संस्करण हैं, मोबाइल में हजारों शब्दों के अर्थ खोजने की सुविधा है, अनुवाद के लिए मशीनें हैं और एक शब्द लिखते ही उसके कई पर्याय सामने आ जाते हैं। फिर भी दादी के कुछ शब्द ऐसे हैं जिनका अर्थ इंटरनेट नहीं बता सकता। दादी कहती थीं-"मन का मैल धो लो।" हम समझते थे कि मैल कपड़ों पर लगता है। उम्र बढ़ने पर पता चला कि दादी कपड़ों की नहीं, मन की बात कर रही थीं। यही तो उनकी हिंदी थी-शब्द छोटा, अर्थ बहुत बड़ा। उनकी भाषा में 'प्यार' के लिए केवल प्यार नहीं था। कोई 'लाड़ला' था, कोई 'दुलरुआ', कोई 'कलेजे का टुकड़ा'। नाराजगी भी सीधी नाराजगी नहीं होती थी। "बड़े आए हैं!" कह देने भर से दादी आधी डांट और आधा स्नेह एक साथ दे देती थीं। किसी बच्चे को देखकर कहतीं-"नजर न लगे।" इस छोटे-से वाक्य में उनके समय का विश्वास, चिंता और आशीर्वाद तीनों एक साथ रहते थे। दादी की हिंदी केवल भाषा नहीं थी; वह भावनाओं की एक जीवित व्यवस्था थी। आज हमारी बातचीत में बहुत कुछ बदल गया है। हम 'ओके', 'टेंशन', 'अपडेट', 'फीलिंग', 'क्यूट' और 'कूल' जैसे शब्दों के साथ सहज हैं। भाषा का बदलना स्वाभाविक है। कोई भी जीवित भाषा स्थिर नहीं रहती। वह समय के साथ नए शब्द अपनाती है और पुराने शब्द छोड़ती भी है। लेकिन चिंता वहां शुरू होती है जहां शब्दों के साथ उनसे जुड़ी संवेदनाएं भी विदा होने लगती हैं। दादी के पास 'थकान' के लिए भी कई रंग थे। वह पूछतीं-"बहुत थक गए हो?" फिर कहतीं, "चलो, पहले कुछ खा लो।" उनके लिए भोजन केवल पेट भरने की चीज नहीं था। वह थकान का उपचार, प्रेम की अभिव्यक्ति और घर लौटने की निशानी था। उनकी भाषा में 'घर' और 'मकान' एक नहीं थे। मकान ईंट-पत्थर से बनता था; घर लोगों से। आज हम घर का पता जानते हैं, लेकिन कभी-कभी घर की आवाज भूल जाते हैं। दादी के शब्दों में रिश्तों की भी अपनी पूरी व्याकरण थी। बड़े भाई को नाम लेकर बुलाना कई घरों में सहज नहीं था। चाचा, ताऊ, मामा, फूफा, बुआ, मौसी-हर रिश्ते का अपना संबोधन था। यहां तक कि किसी उम्रदराज पड़ोसी के लिए भी सम्मान का कोई शब्द निकल आता था। आज रिश्तों की यह विस्तृत शब्दावली सिकुड़ रही है। कई बच्चों के लिए पिता के भाई और मां के भाई के बीच कोई भाषाई अंतर नहीं रह गया। वे दोनों बस 'अंकल' हैं। यह केवल शब्द का बदलना नहीं है। एक शब्द के साथ एक रिश्ता भी छोटा हो जाता है। 'मामा' कहने में जो अपनापन है, वह 'अंकल' में नहीं। 'दादी' की जगह केवल 'ग्रैंडमा' कह देने से प्रेम समाप्त नहीं होता, लेकिन उस शब्द के पीछे जमा पीढ़ियों की मिट्टी जरूर बदल जाती है। दादी की भाषा में मौसम भी बोलते थे। वे कहतीं-"आज हवा बड़ी बदमिजाज है।" "बादल तो ऐसे घिर आए हैं जैसे कुछ कहने आए हों।" "सावन की गंध आ रही है।" हम मौसम को तापमान में मापते हैं। दादी उसे अनुभव में पहचानती थीं। उन्हें पता था कि किस हवा के बाद बारिश आएगी, किस बादल में पानी है और किस सुबह ओस ज्यादा गिरेगी। उनकी भाषा में प्रकृति केवल बाहर घटने वाली घटना नहीं थी; वह जीवन का हिस्सा थी। उनके पास मुहावरों की भी एक पूरी पोटली थी।

*"आसमान सिर पर उठा लेना।"*
*"नाक में दम करना।"*
*"आंखों का तारा।"*
*"दांतों तले उंगली दबाना।"*
*"चार चांद लगाना।"*

इन मुहावरों को सुनते हुए बच्चे शायद केवल हंसते थे। अब लगता है कि इन छोटे-छोटे वाक्यांशों में कितनी बड़ी कल्पनाशक्ति छिपी थी। भाषा ने जीवन को देखने के लिए कितनी सुंदर तस्वीरें गढ़ी थीं। दादी की हिंदी में कहावतें भी थीं, लोकगीत भी, लोरियां भी और आशीर्वाद भी। रात को सोते समय उनकी आवाज में कोई पुरानी लोरी उतरती-

*"सो जा राज दुलारे, निंदिया रानी आए..."*

आज बच्चे को सुलाने के लिए मोबाइल पर लोरी चल जाती है। आवाज वही हो सकती है, लेकिन स्पर्श कहां से आएगा? दादी की लोरी में केवल शब्द नहीं होते थे। उसमें हथेली की थपकी, चेहरे पर झुकती हुई झुर्रियां और उस स्त्री का पूरा जीवन होता था जिसने अपने हिस्से के दुखों के बीच भी अगली पीढ़ी के लिए नींद बचाकर रखी थी। दादी के शब्दकोश में कुछ शब्द ऐसे भी थे जिन्हें आधुनिक जीवन ने लगभग बेकार कर दिया है-'बैठकी', 'चौपाल', 'आंगन', 'पंगत', 'सगुन', 'मनुहार', 'दुलार', 'कलेवा', 'पगडंडी'।

इन शब्दों को सुनते ही एक पूरा संसार आंखों के सामने उतर आता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

गति पकड़ी रथ ने मगर, देश धर्म अनुकूल।
ऊबड़ खाबड़ रास्ता, भले वक्त माकूल।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




# पीएम मोदी ने ब्रिक्स सदस्यों के साथ खिंचवाई समूह फोटो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिक्स सदस्य देशों, साझेदार देशों, आमंत्रित देशों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन भारत मंडपम में एक साथ फैमिली फोटो खिंचवाई। फोटो सेशन में प्रधानमंत्री मोदी के साथ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम, इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक एंटोनियो गुटेरेस समेत कई प्रमुख नेता शामिल हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स के विस्तारित समूह के नेताओं का भारत मंडपम पहुंचने पर स्वागत किया। सभी नेता शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इससे एक दिन पहले शनिवार को ब्रिक्स देशों ने 'नई दिल्ली घोषणा-पत्र' को अपनाया। घोषणा-पत्र में भारत की अध्यक्षता की सराहना की गई और कहा गया कि भारत ने 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आउटरीच और ब्रिक्स प्लस संवाद सत्र की मेजबानी कर अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक एकजुटता को नई गति दी है। 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास' विषय पर आयोजित शिखर सम्मेलन में नेताओं ने आपसी सम्मान, समझ, संप्रभु समानता, एकजुटता, लोकतंत्र, खुलेपन, समावेशिता, सहयोग और सर्वसम्मति की ब्रिक्स भावना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सम्मेलन के पहले ही दिन ब्रिक्स देशों के संयुक्त घोषणा-पत्र पर सहमति बनना महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि माना गया।

### ब्रिक्स सम्मेलन के समापन पर पीएम मोदी बोले-

# 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' साझा विजन को देगा नई दिशा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का समापन हो गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा की 'ब्रिक्स' सिर्फ देशों का समूह नहीं बल्कि समाधान का इकोसिस्टम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' साझा विजन को नई दिशा देगा। पीएम ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य देशों का आभार जताया। पीएम मोदी ने कहा की आपके महत्वपूर्ण विचारों और सुझावों ने हमारे सहयोग को व्यापकता भी दी है और गहराई भी दी है। आप सबकी मौजूदगी ब्रिक्स की बढ़ती उपयुक्तता, उदारता और समावेशिता का प्रमाण है। पिछले दो दिनों की हमारी चर्चाओं ने हमारा विश्वास और मजबूत किया है कि ब्रिक्स केवल देशों का समूह नहीं, समाधान का एक इकोसिस्टम है। हम आशा करते हैं इस समिट से उसमें जोड़े गए 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' हमारे साझा विजन और भविष्य के सहयोग को स्पष्ट दिशा देगा। हमें सभी परिणाम को समयबद्ध एक्शन और अंतिम पायदान पर प्रभाव से जोड़ना होगा। उम्होंने कहा हमारे फ्रेमवर्क फाइल्स से आगे बढ़कर वास्तविक जीवन में प्रभाव पैदा करें, इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे।



## पीएम मोदी ने गिनाईं 'ब्रिक्स' की उपलब्धियां, बोले- विविधता और सहयोग ही हमारी असली ताकत



**नई दिल्ली।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी ने लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों की वास्तविक शक्ति उनकी विविधता और आपसी सहयोग में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विविधता ब्रिक्स की पहचान बने, सहयोग उसकी प्रेरणा बने और प्रगति का लाभ पूरी मानवता तक पहुंचे। पीएम मोदी ने ब्रिक्स सदस्य देशों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने रोजगार क्षमता, महिला सशक्तीकरण, सामाजिक सुरक्षा और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कई पहल की हैं। छोटे उद्यमों को ज्ञान, वित्त और नए बाजारों से जोड़ने के लिए ब्रिक्स सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निगम पोर्टल की पहल की गई है। वहीं, शहरों के बीच बेहतर कार्यप्रणालियों को साझा करने के लिए 'ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब' की स्थापना की गई है।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलनः राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एआई से लेकर ट्रेड तक पांच नई पहलों का प्रस्ताव दिया



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे सत्र में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हिस्सा लिया। अपने संबोधन में उन्होंने ब्रिक्स सहयोग को और मजबूत करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लेकर व्यापार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, स्मार्ट विनिर्माण और तकनीकी प्रतिभा विकास तक पांच नई पहलों का प्रस्ताव रखा। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग के संबोधन की जानकारी साझा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने खुली और समावेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहल पर जोर देते हुए कहा कि चीन ब्रिक्स के तहत एआई के लिए एक मुक्त स्रोत समुदाय बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। इसके तहत बड़े भाषा मॉडल के विकास और उपयोग में सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

## अपनी संस्कृति और स्मृतियों की रक्षा करने वाला राष्ट्र कभी पराजित नहीं होताः अमित शाह

**एजेंसी। मुंबई**

गृह मंत्री अमित शाह मुंबई दौरे के दौरान एशियाटिक सोसायटी में आयोजित गणेश ज्ञानार्थी प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। समारोह में आए लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, "मैं पहला गृह मंत्री हूं जो एशियाटिक सोसायटी में आया है, लेकिन मैं यहां गृह मंत्री के नाते नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा को सहस्रों वर्षों तक आगे ले जाने के आंदोलन के एक आंदोलनकारी के रूप में आया हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि एशियाटिक सोसायटी मुंबई भारतीय ज्ञान परंपरा की वाहक बनकर इसे देशभर में पहुंचाने का कार्य करेगी।"

उन्होंने कहा, "जो राष्ट्र अपनी भाषा, संस्कृति, स्मृति, इतिहास, संस्कार, अभिलेख और पंरपराओं की रक्षा नहीं कर सकता है, वह कितना भी शक्तिशाली हो, उसको समाप्त होने में देर नहीं लगती है। जो राष्ट्र अपनी भाषा, संस्कृति, स्मृति, इतिहास, संस्कार, भाषा, परंपराएं और व्यकारण की रक्षा करता है, वह चाहे जितने साल भी गुलाम रहे, उसको गुलाम नहीं बना सकता है, इसका भारत उदाहरण है। अनेक लोगों ने पूरे विश्व का मार्दर्शन देने वाले यहां पैदा हुए ओजस्वी ज्ञान को समाप्त करने का प्रयास किया, लेकिन नहीं कर पाए। नालंदा का पुस्तकालय जला सकते हैं, लेकिन स्मृति और श्रुति से जो लोगों के चित में बसा है, उस ज्ञान को कोई समाप्त नहीं कर सकता।"गृह मंत्री ने कहा, "हमारे देश का संस्कार है कि जब हम पराजित होते हैं, तब धैर्य रखकर आगे बढ़ते हैं। जब विजयी होते हैं, तो जिन पर विजय प्राप्त करते हैं, उनकी स्मृतियों को नष्ट किए बिना हमारे परंपरा में जोड़ने का प्रयास करते हैं।



अमित शाह ने एशियाटिक सोसायटी में परिवर्तन लाने पर जोर देते हुए कहा, "सच्चा ज्ञान, कभी किसी विचारधारा का बंधक नहीं होता। ज्ञान अपने आप में एक विचारधारा है और इसको किसी प्रकार से बांधते हो तो ज्ञान के मायने बदल जाते हैं। ज्ञान मुक्त और उन्मुक्त होना चाहिए। इसलिए एशियाटिक सोसायटी में जो ज्ञान, संपदा और एकत्रिकरण का उपयोग महान भारत की रचना में करना चाहिए। एशियाटिक सोसायटी के ज्ञान का इस्तेमाल अब विश्व के कल्याण के लिए होगा। अंग्रेजों ने ज्ञान और सत्ता को एक सूत्र में बांध दिया था, लेकिन अब ज्ञान और सत्ता को अलग कर ज्ञान के आधार पर सत्ता की रचना हो और देश चले, ऐसी व्यवस्था बनाने का काम एशियाटिक सोसायटी को करना चाहिए।

## 'कारवा-ए-उकाब' कार्यक्रम को लेकर उर्दू स्कूल का शिक्षक निलंबित

**एटीएस ने दर्ज किया था केस**

**एजेंसी। वाशिम**

- **बच्चों के मन में सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करने का आरोप**
- **शिक्षक पर देशविरोधी साजिश में शामिल होने का भी आरोप**

महाराष्ट्र के वाशिम जिले के पोहरादेवी स्थित जिला परिषद की उर्दू स्कूल में कार्यरत एक शिक्षक के खिलाफ आतंकवाद विरोधी दस्ते यानी एटीएस द्वारा मामला दर्ज किए जाने के बाद जिला परिषद ने निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबित शिक्षक का नाम मोहम्मद फुरकान शेख हसन है। वह मूल रूप से यवतमाल जिले के पुसद के रहने वाले बताए जा रहा है।

बताया जा रहा है कि 19 जून 2024 से 22 जून 2024 के दौरान पुसद में इस्लामिक यूथ फेडरेशन यानी (आईवाईएफ) की ओर से छोटे बच्चों के लिए 'कारवा-ए-उकाब' कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बच्चों को कथित तौर पर धार्मिक वैमनस्य पैदा करने वाला प्रशिक्षण दिए जाने का आरोप शिक्षक पर लगाया गया है।इस मामले में शिक्षक मोहम्मद फुरकान समेत कुल छह लोगों के खिलाफ मुंबई के काला चौकी पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) के तहत मामला दर्ज किए जाने की जानकारी सामने आई है। मामले के आधार पर जिला परिषद ने शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की है। निलंबन आदेश में कर्तव्य में लापरवाही, जिला परिषद की छवि खराब करना, देशविरोधी साजिश में शामिल होना, छोटे बच्चों के मन में सांप्रदायिक वैमनस्य का बीजारोपण करना और मुख्यालय में निवास नहीं करना जैसे आरोपों का उल्लेख किया गया है। इन्हीं आरोपों को गंभीर मानते हुए जिला परिषद प्रशासन ने शिक्षक को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। जिला परिषद प्रशासन के सस्पेंशन ऑर्डर में कहा गया है कि मनोरा तालुका के तीर्थ स्थल पोहरादेवी स्थित उर्दू स्कूल के असिस्टेंट टीचर मोहम्मद फुरकान शेख हसन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 (1)(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रशासन के आदेश में कहा गया है कि मामले की जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक सबूतों की जांच की गई। संबंधित शिक्षक पर देशद्रोह की साजिश में शामिल होने का आरोप भी है। सस्पेंशन की अवधि के दौरान संबंधित शिक्षक के लिए मुख्यालय पंचायत समिति, मंगरुलपीर को तय किया गया है।

**पाकिस्तान की न्यायपालिका पर महरंग बलोच का गंभीर आरोप, बोलीं**

## सिद्धांतों को दरकिनार कर सुनाए जा रहे फैसले

**एजेंसी। क्वेटा**

मानवाधिकार कार्यकर्ता और बलूच यकजहती कमेटी (बीवाईसी) की मुख्य आयोजक महरंग बलोच ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की न्यायपालिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका राज्य संस्थानों की सहयोगी की भूमिका निभा रही है और न्याय के मूल सिद्धांतों को कमजोर किया जा रहा है।



क्वेटा की हुडा जेल से जारी बयान में, जिसे बीवाईसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, महरंग बलोच ने कहा कि न्यायपालिका ने अपना प्रभाव और जनता का भरोसा पूरी तरह खो दिया है। उनके मुताबिक न्यायपालिका की निष्पक्षता और स्वतंत्रता अब समाप्त हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया, बलूचिस्तान के मुख्य न्यायाधीश कामरान मुलाखाई व्यक्तिगत रूप से बीवाईसी से जुड़े सभी मामलों को देख रहे हैं। उनके नेतृत्व में न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मुबीन, न्यायमूर्ति कादिर शाह बुखारी और बलूचिस्तान में बीवाईसी मामलों की सुनवाई कर रहे अन्य न्यायाधीशों को राज्य के निर्देशों के मुताबिक फैसले देने का काम सौंपा गया है। महरंग ने बीवाईसी नेता गुलजादी बलोच के मामले को कथित न्यायिक कदाचार का उदाहरण बताया। उन्होंने दावा किया कि संबंधित न्यायाधीश ने कई मौकों पर कहा कि वह दबाव में हैं और उन्हें मामले में सजा सुनाने के निर्देश दिए गए हैं। उनके मुताबिक इससे न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

उन्होंने कहा कि 7 सितंबर को अदालत में हड़ताल होने और बचाव पक्ष के वकील के मौजूद नहीं रहने के बावजूद गुलजादी बलोच के मामले की कार्यवाही जारी रखी गई। इस दौरान एक गवाह से जिरह भी वकील की अनुपस्थिति में कराई गई। महरंग ने कहा कि यह बचाव के मौलिक अधिकार और निष्पक्ष सुनवाई के सिद्धांत को लेकर गंभीर चिंता पैदा करता है।बलूच कार्यकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि उनके मामलों में उनकी सहमति के बिना सरकारी वकील नियुक्त किए गए और उन्हें इस्लामाबाद पहुंचने के लिए विभिन्न सुविधाएं दी गईं, जबकि बीवाईसी कार्यकर्ताओं को अपने बचाव के मौलिक अधिकार से वंचित किया गया।

**आज कल**




**धर्म-कर्म** जयपुर के मोती डूंगरी गणेश मंदिर में सिंधारा रस्म के लिए जुटे अविवाहित युवा

## प्रसाद में बांटी जाएगी 3500 किलो मेहंदी

- **सिंधारा जयपुर की पुरानी परंपरा, भगवान को चढ़ाए जाते हैं नए वस्त्र और मेहंदी**
- **मान्यता है कि मेहंदी लगाने से विवाह की मनोकामना पूरी होती है**

**एजेंसी। जयपुर**

राजधानी जयपुर स्थित मोती डूंगरी गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी से पहले सिंधारा (सिंजारा) रस्म के लिए बड़ी संख्या में अविवाहित लाइन में लगने लगे हैं। सिंधारा जयपुर की पुरानी परंपरा है। जहां जन्म होने या शादी होने पर नए वस्त्र और मेहंदी चढ़ाई जाती है।



मंदिर के पुजारी अभिषेक शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, "मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सिंधारा रस्म शाम 6:30 बजे से मनाया जाएगा। आज शाम भगवान को नई पोशाक और मुकुट धारण कराया जाएगा। जिसके बाद प्रसाद रूपी मेहंदी वितरण की जाएगी। भगवान को चढ़ाए जाने के बाद मेहंदी भक्तजनों को दी जाती है। अभिषेक शर्मा ने बताया कि मान्यता है कि मेहंदी सिधारे पर भक्त जो भी मनोकामना लेकर आते हैं, वह पूरी हो जाती है। मेहंदी का संबंध विवाह से होता है, इसलिए जो विवाह करने की सोच रहे हैं और जिनका विवाह काफी समय से नहीं हुआ है और जो विवाह योग्य हैं, अगर वे हाथों पर ये मेहंदी रचाते हैं, तो माना जाता है कि एक वर्ष के अंदर विवाह संपन्न हो जाता है। आज का असली प्रसाद मेहंदी ही है। ऐसे में हम लोग जितनी मेहंदी बांट सकते हैं, उतनी बांटने की कोशिश की है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 3500 किलो मेहंदी आई है। देखा जा सकता है कि दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। 8 जगहों पर मेहंदी बांटी जाएगी। ऐसे में हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को बांटी जाए। 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी मनाई जाएगी। देशभर में इसकी तैयारी धूमधाम से की जा रही है। इस दिन गणपति स्थापना सुबह 11:02 बजे से दोपहर 1:31 बजे तक करना शुभ रहेगा। गणेश चतुर्थी से गणेश उत्वस का शुभारंभ होता है और अनंत चतुर्दशी के दिन इस पर्व का समापन होता है। सुख, शांत-समृद्धि और जीवन के संकट से दूर होने के लिए भगवान गणेश की पूजा की जाती है।

# दृष्टिपात

## उमर खालिद पर फिल्म स्क्रीनिंग को लेकर एबीवीपी बोली- कैंपस प्रोपेगैंडा का प्लेटफॉर्म नहीं



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु के नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी (एनएलएसआईयू) में उमर खालिद पर बनी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एबीवीपी ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए प्रेस स्टेटमेंट जारी किया है। संगठन के सिटी सेक्रेटरी अभिनंदन मिर्जी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में चर्चा और असहमति की जगह है, लेकिन उसकी भी एक सीमा होनी चाहिए। एबीवीपी के सिटी सेक्रेटरी ने कहा, "ये चीजें बेंगलुरु में हो रही हैं। शैक्षणिक संस्थान सही चर्चा और बहस की जगह होने चाहिए और हम मानते हैं कि बोलने की आजादी में असहमति भी शामिल है, लेकिन उस असहमति की एक लिमिट होनी चाहिए। असहमति के नाम पर आप देश की एकता और देश की संप्रभुता पर सवाल नहीं उठा सकते या देश विरोधी चीजों का समर्थन नहीं कर सकते। इस आदमी पर आतंकवाद का आरोप है और उसने आतंकवादी अफजल गुरु के साथ हमदर्दी जताते हुए भाषण दिए हैं। इसलिए अगर वे कैंपस के बाहर उसके बारे में कोई फिल्म शूट या स्क्रीनिंग करते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। एबीवीपी के उमर खालिद पर बनी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग का विरोध करने पर भाजपा नेता ने कहा, "यूनिवर्सिटी विचारों के लिए एक प्लेटफॉर्म है।

## नियमों का पालन न करने वाले मदरसों पर कार्रवाई जरूरी : राजू वाघमारे



**मुंबई।** शिवसेना प्रवक्ता राजू वाघमारे ने पश्चिम बंगाल में 252 मदरसों के बंद होने से लेकर पीएम मोदी के ग्लोबल साउथ पर दिए बयान पर अपनी राय रखी। पश्चिम बंगाल में 252 मदरसों को बंद करने के मामले पर राजू वाघमारे ने कहा, "सरकार के ढांचे का पालन मदरसे नहीं कर रहे हैं, इसलिए पश्चिम बंगाल सरकार ने उनको बंद किया है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार के नियमों के अनुसार मदरसे चलाने की कोशिश करें तो सरकार को उसको बंद करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन अगर आप नियमों का उल्लंघन करके मदरसे चलाने की कोशिश करेंगे तो सरकार इसके ऊपर जरूर एक्शन लेगी। राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग ने बिना मदद वाले मदरसों के सर्वे के बाद राज्य भर में 252 मदरसों को बंद करने का नोटिस भेजा है और करीब 100 दूसरे मदरसों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। राजू वाघमारे ने कहा, "पंजाब के अंदर कांग्रेस की गुटबाजी इतनी हो गई है कि जो पूर्व मुख्यमंत्री हैं, वह अलग गुट बनाए हैं, उनका अध्यक्ष है, उनका अलग गुट है। मेरे समझ में ये चुनौती बहुत ही बड़ी है। इस चुनौती का सामना कांग्रेस नहीं कर सकती है।

## पंजाब में ड्रोन रोधी तकनीक से हेरोइन की तस्करी पर लगाम, उपलब्धता में आई कमी

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा के जरिए ड्रोन के माध्यम से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ मिलकर अपनाई गई बहुस्तरीय रणनीति के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इसके चलते पंजाब में हेरोइन की उपलब्धता में कमी आई है। पुलिस के मुताबिक, राज्य में ड्रोन गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए नौ एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए जा रहे हैं। इनमें 'बाज आंख' के तीन सिस्टम शामिल हैं, जो अगस्त 2025 से अमृतसर, तरनतारन और फिरोजपुर में सक्रिय हैं। ये सिस्टम संदिग्ध ड्रोन की शुरुआती स्तर पर पहचान करने और उन्हें जाम करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, ड्रोन सेंस डी200 प्रो की तीन यूनिट 3 सितंबर को सीमावर्ती जिलों में रणनीतिक स्थानों पर तैनात की गईं। यह लंबे समय तक काम करने वाला मोबाइल ड्रोन डिटेक्शन प्लेटफॉर्म है। पुलिस के अनुसार, इसकी मदद से ड्रोन से जुड़ी गतिविधियों और वास्तविक ड्रॉपिंग लोकेशन की सटीक पहचान हो रही है, जिससे जमीन पर तत्काल कार्रवाई संभव हो रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि त्वरित कार्रवाई के लिए 147 पुलिसकर्मियों वाली 52 ड्रोन रिस्पॉन्स टीमें (डीआरटी) बनाई गई हैं।

## मजबूत ब्रिक्स बॉन्ड से वैश्विक संघर्षों के बीच उम्मीद जगेगी : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने रविवार को कहा कि वैश्विक संघर्षों और आर्थिक चुनौतियों के बीच ब्रिक्स देशों के बीच मजबूत सहयोग उम्मीद की किरण बन सकता है। उन्होंने ब्रिक्स मुद्रा पर चर्चा और फिलिस्तीन और आतंकवाद पर ब्रिक्स समूह की स्थिति का स्वागत किया। लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मायावती ने कहा कि यह बैठक नई दिल्ली में हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन पर बसपा की प्रतिक्रिया पेश करने, लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे पंचायती विभाग के कर्मचारियों के मुद्दे को उठाने और देश भर में जमीनी स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी, विशेष रूप से बहुजन समुदाय के बीच अपने समर्थन आधार का विस्तार करने के लिए। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बारे में बात करते हुए मायावती ने कहा कि यूक्रेन और ईरान में हो रहे युद्ध ने देशों के सामने चुनौतियां बढ़ा दी हैं, जिनमें टैरिफ से संबंधित और आर्थिक कठिनाइयां भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अनिश्चित वैश्विक स्थिति के बीच ब्रिक्स सदस्यों के बीच घनिष्ठ संबंध सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकते हैं।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद से जुड़े मामले में दक्षिण कश्मीर में हुई छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) विंग ने रविवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में साउथ कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि काउंटर-इंटेलिजेंस कश्मीर ने पूरे साउथ कश्मीर में रेड की। इनमें कुलगाम और शोपियां जैसे जिले भी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि रेड दूसरी एजेंसियों की मदद से की गई है और डिटेल्स का इंतजार है। सीआईके जम्मू और कश्मीर पुलिस की एक स्पेशल विंग है, जिसने टेरर नेटवर्क, रेडिकलाइजेशन मॉड्यूल और फंडिंग चैनल को खत्म करने के लिए अपने ऑपरेशन काफी तेज कर दिए हैं। शोपियां और कुलगाम में रविवार की कार्रवाई से पहले के हालिया ऑपरेशन उनकी रणनीतिक फोकस को स्पष्ट करते हैं। सीआईके के टारगेट में वे टेरर नेटवर्क शामिल हैं जो हिडन मैसेजिंग एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में सीआईके ने बडगाम, अवंतीपोरा, पुलवामा, कुपवाड़ा, शोपियां और श्रीनगर समेत छह जिलों में कोऑर्डिनेटेड रेड की थी। सीआईके ने खुलासा किया है कि लोकल सस्पेक्ट्स क्रॉस-बॉर्डर टेररिस्ट हैंडलर्स के साथ लगातार टच में रहने के लिए हाई-सिक्योरिटी एन्क्रिप्टेड ऐप्स का इस्तेमाल कर रहे थे। कम्युनिकेशन लाइनों को मैप करने के लिए डिजिटल डिवाइस और लॉग्स जब्त किए गए।

## होर्मुज में ईरानी जहाज पर हमला एक की मौत और चार घायल

**तेहरान।** होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे ईरान के कमर्शियल जहाज पर रविवार सुबह एक प्रोजेक्टाइल से हमला किया गया। इस हमले में एक शख्स की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने इसकी जानकारी दी। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, दक्षिणी केशम द्वीप के गवर्नर हुसैन अमीरतेमूरी ने बताया कि "दुश्मन" द्वारा दागा गया एक प्रोजेक्टाइल हेंगाम द्वीप और शिब डेराज गांव के पास पानी में एक कमर्शियल कंटेनर जहाज से टकराया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 5 बजे हेंगाम द्वीप और शिब डेराज इलाके में हुई। उन्होंने यह भी कहा कि घायलों के इलाज के लिए जरूरी कदम उठाए गए हैं। मृतक और घायलों की जानकारी को लेकर कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है। वहीं, यूकेएमटीओ (यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस) ने शनिवार को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हुए हमले की जानकारी दी। बताया कि शनिवार को होर्मुज से गुजरते समय एक जहाज पर किसी अज्ञात चीज से हमला हुआ। क्रू की हालत और नुकसान के बारे में तुरंत कोई जानकारी नहीं मिल पाई।







# हादसा : इंडोनेशिया में 243 यात्रियों वाला जहाज डूबा

## 102 लोगों को बचाया गया, 140 की तलाश जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडोनेशिया में 243 लोगों को लेकर जा रहा एक यात्री जहाज रविवार को डूब गया। इसमें 1 की मौत हुई है। हादसे के बाद करीब 140 यात्री और क्रू मेंबर लापता बताए जा रहे हैं। रेस्क्यू टीम ने अलग-अलग जहाजों की मदद से 102 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है, जबकि एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। विर्गो ट्रांसपोर्ट 8 नाम का यह जहाज पूर्वी जावा के सुराबाया से बोर्नियो द्वीप के बंजारमासिन जा रहा था। अधिकारियों ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। रेस्क्यू टीम ने जहाज की आखिरी लोकेशन की ओर कई जहाज और एक हेलिकॉप्टर भेजा है। बंजारमासिन स्थित सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के मुताबिक, जहाज में सफर के दौरान कम्युनिकेशन फेलियर हुआ था। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो सका। जहाज की आखिरी लोकेशन जावा सागर में बंजारमासिन के एक पियर से करीब 148 किलोमीटर दूर मिली है।

### इंडोनेशिया में पहले भी हो चुके हैं जहाज डूबने के हादसे

इंडोनेशिया में जहाज डूबने के कई बड़े हादसे हो चुके हैं। 1981 में तंपोमास-2 नाम का यात्री जहाज जावा सागर में डूब गया था। इसमें करीब 430 लोगों की मौत हुई थी। 2006 में सेनोपाती नुसंतारा नाम की यात्री फेरी खराब मौसम के दौरान जावा सागर में डूब गई थी। हादसे में 400 से ज्यादा लोग मारे गए या लापता हुए थे। 2007 में लेविना-1 फेरी में आग लगने के बाद डूब गई थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। 2018 में लेस्तारी माजू फेरी दक्षिण सुलावेसी के पास डूब गई थी। इसमें 36 लोगों की जान गई थी।

1. सुराबाया से बंजारमासिन जा रहा था 'विर्गो ट्रांसपोर्ट 8'
2. सफर के दौरान संचार व्यवस्था फेल होने के बाद टूटा संपर्क
3. आखिरी लोकेशन बंजारमासिन से करीब 148 किलोमीटर दूर मिली
4. लापता लोगों की तलाश में कई जहाज और हेलिकॉप्टर लगाए गए

***खराब मौसम और सुरक्षा खामियां बढ़ाती हैं समुद्री हादसों का खतरा :*** *इंडोनेशिया में 17 हजार से ज्यादा द्वीप हैं और करीब 28 करोड़ की आबादी का बड़ा हिस्सा अलग-अलग द्वीपों पर रहता है। कई शहरों और द्वीपों के बीच आने-जाने के लिए फेरी और यात्री जहाज अहम साधन हैं। बड़ी संख्या में लोग रोजाना इनसे सफर करते हैं।*

बांग्लादेश में खसरे का कहर

## 1.89 लाख से अधिक मामले, 1,000 मौतें

**नई दिल्ली** । बांग्लादेश हाल के वर्षों के सबसे गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों में से एक का सामना कर रहा है। देश में खसरे के बड़े प्रकोप ने टीकाकरण और स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर कमजोरियों को उजागर किया है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। 'द डेली स्टार' में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि 15 मार्च 2026 से अब तक 1.89 लाख से अधिक लोग, जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं, खसरे या खसरे जैसे लक्षणों से प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से कम से कम 1.49 लाख मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत पड़ी, जबकि पुष्ट और संदिग्ध मामलों को मिलाकर मौतों का आंकड़ा 1,012 तक पहुंच गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि पुष्ट और संदिग्ध संक्रमण तथा मौतों के आंकड़ों में अंतर है। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में बच्चों की ऐसी बीमारी से मौत हो रही है।

ईडी प्रकरण में कांग्रेस हमलावर

# दस साल पुराने मामले को चुनाव के चार माह पहले खोला गया ?

**● 32 लाख रुपए नगद दो सौ ग्राम सोना और कई कीमती घड़ियां हुईं थी बरामद**

**कुशाल जीना**

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत के पीए के यहां प्रवर्तन विभाग की रेड मामले में कांग्रेस के हमलावर तेवर पर भाजपा चुप है। कांग्रेस का कहना है कि दस साल पुराने केस को क्यों राज्य विधान सभा चुनाव से ठीक 4 माह पहले खोला गया है ? इस प्रकरण को लेकर जहां एक ओर कांग्रेस ने राजनीति से प्रेरित करार दिया है वहीं दूसरी तरफ हरीश रावत ने भी भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रावत इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाना चाहते हैं।इस सिलसिले में पार्टी उनके प्रदेश भ्रमण, जन सभाओं और संवाददाताओं से बातचीत के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर रही है। उनका जनसंपर्क अभियान इस माह के अंतिम सप्ताह में आरंभ होने की संभावना है।पूर्व मुख्यमंत्री चाहते हैं कि वह इस मसले पर जनता के सामने भाजपा की पोल खोलकर रख दें। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस की चार्जशीट कमेटी के प्रमुख करण मेहरा ने एक संवाददाता सम्मेलन के जरिए धामी सरकार के शासन काल के दौरान हुए अनेक घोटालों को लेकर एक आरोपपत्र जारी किया। कांग्रेस की योजना इस आरोप पत्र को प्रदेश के जन जन तक पहुंचाना है, ताकि भाजपा सरकार के पिछले दस साल के कथित कारनामों और लूटपाट को उजागर किया जा सके।पूर्व मुख्यमंत्री ने आज जारी किए अपने ताजा बयान में भाजपा पर उनकी छवि ख़राब करने का इल्ज़ाम लगाते हुए कहा है कि यह सब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया गया है। 11 साल बाद आपको याद आ रहा है कि इसमें कोई गड़बड़ है? रावत ने बताया कि आप (भाजपा) लगातार सत्ता में रहे हैं, और आज आपको याद आ रहा है कि इस मामले में कुछ हुआ था? सच तो यह है कि जिस मामले में ईडी ने अभी उनके (चंदन जीना) घर पर छापा मारा है, उस अपराध को रोकने के लिए हमने खुद कार्रवाई की थी। हमने खुद चेयरमैन को हटाया। हमने उनसे इस्तीफ़ा लिया। "हमने कहा कि अगर आप इस्तीफ़ा नहीं देंगे, तो हम आपको हटा देंगे। हमने इसकी जांच के आदेश दिए। हमने परीक्षा रद्द कर दी। तो, यह सब बातों को उलटा-सीधा दिखाने की कोशिश है, " रावत ने स्पष्ट किया है।याद रहे, इस सप्ताह की शुरुआत में ईडी ने हरीश रावत के एक सहयोगी चंदन सिंह जीना के निवास स्थान पर छापा मारकर बत्तीस लाख रुपए नगद, दो सौ ग्राम सोना और कई कीमती घड़ियाँ बरामद किए जाने का दावा किया था। तभी से कांग्रेस पार्टी ने इस मामले को लेकर आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है जिसका भाजपा ने अभी तक जवाब नहीं दिया है, क्योंकि सत्तारूढ़ पार्टी को यकीन था कि प्रांतीय कांग्रेस नेतृत्व हरीश रावत का इस अवसर पर साथ नहीं देगा। फलस्वरूप सरकारी भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का हथियार भोथरा हो जाएगा। लेकिन लगता है हुआ इसके एकदम उल्टा।

## कैलिफोर्निया में भारतीय महिला की हत्या, शादी से इनकार पर 16 साल छोटे युवक ने मारी गोली

**कैलिफोर्निया** । अमेरिका के कैलिफोर्निया में भारतीय मूल की 38 साल की शालिनी ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपी ने मंगलवार को सैक्रामेंटो में एक रेस्टोरेंट के बाहर शालिनी का पीछा किया और फिर उसे गोली मार दी। आरोपी की पहचान 22 साल के रोहित के रूप में हुई। पुलिस ने उसे घेर लिया था। इसी दौरान रोहित ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। शालिनी की मां सुदेश कुमारी के मुताबिक, रोहित करीब एक साल से उनकी बेटी का पीछा कर रहा था और उसे परेशान करता था।

## अमेरिका ने बाढ़ पीड़ितों की पहचान करने में नेपाल की मदद के लिए अतिरिक्त 10 लाख डॉलर की दी मंजूरी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने नेपाल में बाढ़ पीड़ितों की पहचान करने में मदद के लिए अतिरिक्त 1 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी है।इसके साथ ही, आपदा से निपटने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से दी जाने वाली कुल मदद 5 मिलियन डॉलर से अधिक हो गई है। अमेरिकी फोरेंसिक विशेषज्ञ नेपाली पुलिस के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश विभाग ने 12 सितंबर को जारी एक बयान में कहा कि नई फंडिंग से नेपाल पुलिस को फोरेंसिक मदद मिलेगी। डिपार्टमेंट के 'ब्यूरो ऑफ इंटरनेशनल नारकोटिक्स एंड लॉ एनफोर्समेंट अफेयर्स' ने पीड़ितों की पहचान करने में नेपाली सरकार की मदद करने की कोशिशों के तहत इस पैसे को मंजूरी दी।

# ब्रिक्स का वैश्विक यथार्थ : कूटनीतिक संकोच आर्थिक सीमाएं व बीजिंग 2027 की आहट

**अजय चंद्र पाण्डेय**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी के भारत मंडपम में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का पटाक्षेप केवल बहुपक्षीय कूटनीति की एक औपचारिक परिणति नहीं है, बल्कि यह उस संक्रमणकालीन विश्व व्यवस्था का सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक और आर्थिक एक्सरे है, जहाँ एक ध्रुव बिखर रहा है और दूसरा आकार लेने से पहले ही अपने अंतर्विरोधों के बोझ तले हांफ रहा है। जब भारत ने ब्रिक्स 2027 की कमान चीन के हाथों में सौंपी, तो सभागार की मेजों पर केवल नीतिगत दस्तावेज नहीं थे; वहाँ पश्चिम के प्रति एक गहरा ऐतिहासिक क्षोभ, रणनीतिक असुरक्षा और भविष्य की अनिश्चितताओं का एक जटिल जाल बिछा हुआ था।

### कूटनीति व मनोविज्ञान का द्वंद्व

मनोवैज्ञानिक धरातल पर ब्रिक्स 'ग्लोबल साउथ' के लिए एक सामूहिक कैथार्सिस (मनोवैज्ञानिक विरेचन) का मंच बन चुका है। यह उन देशों का जमावड़ा है जो दो सदियों के पश्चिमी प्रभुत्व और संस्थागत उपेक्षा से उपजे अपमान को अब एक आर्थिक सौदेबाजी की ताकत में बदलना चाहते हैं। नई दिल्ली में भारत ने बेहद परिपक्व संतुलन साधते हुए इस मंच को मास्को और बीजिंग की 'एंटी-वेस्ट' (पश्चिम-विरोधी) संकीर्ण धुरी बनने से बचाया और इसे 'नॉन-वेस्ट' (पश्चिम-निरपेक्ष) स्वायत्तता के दायरे में बांधे रखा।

किंतु इस कूटनीतिक बाजीगरी के भीतर एक गहरा अविश्वास भी सांस ले रहा है। जिस मंच पर भारत और चीन मुस्कुराते हुए साझे घोषणापत्र पर दस्तखत करते हैं, उसी के नेपथ्य में हिमालयी सीमा की रणनीतिक तनातनी और हिंद-प्रशांत की होड़ मौजूद है। पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी—रियाद और तेहरान—जब एक ही मेज पर बैठते हैं, तो वह कोई वास्तविक वैचारिक एका नहीं, बल्कि केवल डॉलर के जोखिम से बचने की एक विवशतापूर्ण सह-अस्तित्व की रणनीति होती है। यह एकजुटता जितनी बाहर दिखती है, भीतर से उतनी ही विखंडित है।

### आर्थिक यथार्थ: क्या यह केवल छलावा है?

अर्थशास्त्र के पैमानों पर कसें तो ब्रिक्स का यह बदलाव न तो पूरी तरह छलावा है और न ही कोई रातों-रात घटने वाली वित्तीय क्रांति। 'डी-डॉलराइजेशन' का शोर जितना रूमानी लगता है, वैश्विक पूंजी बाजार की जमीन उतनी ही कठोर है। डॉलर केवल एक मुद्रा नहीं, बल्कि वैश्विक वित्तीय तंत्र की तरलता, संस्थागत विश्वसनीयता और कानूनी सुरक्षा का पर्याय है, जिसका कोई ठोस विकल्प ब्रिक्स के पास फिलहाल नहीं है।

साझा मुद्रा (BRICS Currency) का सपना इसलिए धूल चाट रहा है क्योंकि कोई भी संप्रभु राष्ट्र अपनी मौद्रिक नीतियों की चाबी बीजिंग के युआन-नियंत्रित बैंक को सौंपने को तैयार नहीं है। इसके बावजूद, यह बैठक पूरी तरह निष्फल नहीं रही। इसने 'धीमी हेजिंग' (धीमे वित्तीय विविधीकरण) को संस्थागत रूप दिया है। स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार का विस्तार और न्यू डेवलपमेंट बैंक का दायरा इस बात का प्रमाण है कि विकासशील देश अब वाशिंगटन के प्रतिबंधों की मार सहने के लिए अपनी पीठ पर वैकल्पिक ढाल सजा रहे हैं।

2027 में जब बीजिंग इस मंच का एजेंडा तय करेगा, तब ब्रिक्स की असली परीक्षा होगी। क्या चीन इसे अपनी भू-राजनीतिक ढाल बनाएगा, या फिर भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका अपनी बहुध्रुवीय संतुलन की नीति से इसे एक स्वतंत्र वैश्विक आवाज बनाए रखेंगे? फिलहाल ब्रिक्स वाशिंगटन की सत्ता को ध्वस्त करने वाला कोई तूफान नहीं, बल्कि उसके प्रभुत्व की दीवारों में दरारें दर्ज करता एक ऐसा धीमा रिसाव है जिसे नजरअंदाज करना पश्चिम की सबसे बड़ी भूल होगी।

**ब्रिक्स सामरिक एवं आर्थिक संतुलन चार्ट -**

| विश्लेषणात्मक आयाम | हासिल (प्राप्ति / शक्ति) | चूक (खोया / अंतर्निहित सीमा) | 2027+ का यथार्थवादी परिदृश्य |
| --- | --- | --- | --- |
| वित्तीय संप्रभुता | स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय लेन-देन का संस्थागत ढांचा मजबूत। | साझी मुद्रा का अभाव; डॉलर जैसी वैश्विक तरलता का कोई वास्तविक विकल्प नहीं। | डॉलर का वर्चस्व बना रहेगा, किंतु द्विपक्षीय व्यापार में उसका हिस्सा क्रमिक रूप से घटेगा। |
| भू-राजनीतिक संतुलन | ग्लोबल साउथ' को पश्चिमी प्रतिबंधों के खिलाफ सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति। | भारत-चीन अविश्वास और समूह के भीतर आंतरिक ध्रुवीकरण। | बीजिंग की अध्यक्षता में मंच को 'एंटी-वेस्ट' बनाने की कोशिश पर भारत-ब्राजील का कड़ा प्रतिरोध। |
| मनोवैज्ञानिक आयाम | पश्चिमी संस्थागत प्रभुत्व (Bretton Woods) को सीधी मनोवैज्ञानिक चुनौती। | सदस्यों के बीच गहरे रणनीतिक विरोधाभास और सुरक्षा प्राथमिकताओं का टकराव। | |




### रांची विश्वविद्यालय में पासवा का भव्य शिक्षक सम्मान समारोह, अजय कुमार सिंह ने कहा

# शिक्षण संस्थान ईंट-पत्थर से नहीं, शिक्षक और छात्रों से बनते हैं

- **शिक्षा, एआई, और रोजगार पर हुआ गंभीर मंथन**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शिक्षक केवल एक छात्र का निर्माण नहीं करते, बल्कि वे उस नागरिक को गढ़ते हैं जो देश और राज्य की नीतियां तय करता है। कोई भी शिक्षण संस्थान केवल ईंट और पत्थर की इमारत से नहीं, बल्कि वहां के शिक्षकों और छात्रों की ऊर्जा से बनता है। ये बातें स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रविवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित 'शिक्षक सम्मान समारोह' में कहीं। पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन एसोसिएशन (पासवा) के सहयोग से आयोजित इस भव्य समारोह में शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डीजी रेल अनिल पालटा, पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा और रिम्स के निदेशक डॉक्टर डीके सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन आलोक दूबे ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को संबोधित करते हुए अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य की परंपरा अनादि काल से चली आ रही है। चाहे महर्षि वशिष्ठ हों, गुरु द्रोण हों, कबीर दास हों या फिर सर्वपल्ली राधाकृष्णन, गुरुओं ने हमेशा समाज का सर्वोच्च मार्गदर्शन किया है। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि किन्हीं कारणों से 5 सितंबर को यह आयोजन नहीं हो सका था, इसलिए आज शिक्षकों का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने मंच से अधिकारियों की कार्यशैली की जमकर सराहना की। डॉ उरांव ने कहा कि अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के पास फाइनेंस और प्रशासन की जितनी गहरी समझ है, वैसी समझ पूरे झारखंड-बिहार के किसी आईएएस में नहीं है। वहीं, डीजी रेल अनिल पालटा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि पालटा जी ने बिना एक भी गोली चलाए सैकड़ों नक्सलियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था। शिक्षकों की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है जो कच्ची मिट्टी से सुंदर मूरत गढ़ता है। भगवान राम, श्रीकृष्ण, महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस जैसे जितने भी महापुरुष हुए हैं, वे सभी शिक्षकों की ही देन हैं। डॉ. उरांव ने शिक्षकों की आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए घोषणा की कि पासवा अब शिक्षा के साथ-साथ छात्रों की स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाएगा। विशिष्ट अतिथि डीजी रेल अनिल पालटा ने अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए शिक्षकों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा दी गई डांट-फटकार भी छात्र की भलाई के लिए ही होती है।

श्री पालटा ने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चौंकाने वाले आंकड़े साझा किए। उन्होंने कहा कि आज पढ़े-लिखे बेरोजगारों की एक बड़ी फौज खड़ी हो रही है। एक अनुमान के मुताबिक लगभग 40 प्रतिशत ग्रेजुएट आज बेरोजगार हैं। स्थिति यह है कि इंजीनियरिंग कॉलेजों से निकलने वाले छात्रों को सीधे नौकरी नहीं मिल रही है, उन्हें इंटर्नशिप का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि परीक्षा में कम अंक आने पर हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। आज कई नए क्षेत्र और विकल्प मौजूद हैं, जहां मेहनत के बल पर सफलता हासिल की जा सकती है। समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न विद्यालयों से आए करीब ढाई हजार शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिह्न और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## राधा-स्वामी संगठन के नाम पर चिटफंड जैसा खेल, जांच का दायरा यूपी तक

### फ्रीज खातों की भी होगी पड़ताल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राधा-स्वामी संगठन के नाम पर लोगों से कथित तौर पर निवेश कराने और बेहतर लाभ का झांसा देकर करोड़ो की ठगी मामले की जांच तेज हो गई है। मामले में रांची पुलिस यूपी में दर्ज केस और झारखण्ड में दर्ज मामलों की जानकारी लेकर आगे की पड़ताल कर रही है। राधा-स्वामी संगठन के नाम पर करोड़ो की ठगी मामले का नेटवर्क काफी बड़ा है। यूपी से लेकर इसके तार झारखंड के शहरों से जुड़े पाए गए है। इसी मामले में करीब 20-25 लोगों ने रांची के जगन्नाथपुर थाने में भी एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें अलग-अलग तरह के लाभ का भरोसा दिलाकर संगठन में पैसे लगवाए गए, लेकिन बाद में उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिला और उनके पैसे भी वापस नहीं किए गए। मामला सामने आने के बाद रांची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जगन्नाथपुर थाने में दर्ज एफआईआर के बाद अनुसंधान को त्वरित गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटा रही है कि संगठन के माध्यम से कितने लोगों से पैसे लिए गए और रकम का इस्तेमाल कहां-कहां किया गया।

हटिया डीएसपी नीरज ने बताया की पुलिस को जांच के दौरान जानकारी मिली है कि राधा-स्वामी संगठन से जुड़े मामले में उत्तर प्रदेश में भी एफआईआर दर्ज हुई है। वहां संगठन से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज किए जाने की भी सूचना है। अब रांची पुलिस यूपी में दर्ज मामलों और वहां फ्रीज किए गए बैंक खातों की जानकारी जुटाएगी। पुलिस यह भी पता लगाएगी कि रांची में दर्ज मामले से जुड़े पैसे किन बैंक खातों में जमा हुए और रकम को आगे कहां ट्रांसफर किया गया। जरूरत पड़ने पर संबंधित खातों की जानकारी और रकम तक पहुंचने के लिए पुलिस न्यायालय के माध्यम से कार्रवाई करेगी।

#### चार की गिरफ्तारी हुई है

हटिया डीएसपी ने बताया की इस मामले से जुड़े अन्य स्थानों पर दर्ज एफआईआर में चार लोगों की गिरफ्तारी की सूचना भी पुलिस को मिली है। रांची पुलिस अब यह पता लगा रही है कि गिरफ्तार किए गए लोगों की जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में क्या भूमिका है। यदि अनुसंधान में उनकी संलिप्तता सामने आती है, तो पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर सकती है। शिकायतकर्ता के अनुसार संगठन के पदाधिकारियों ने लोगों को वाहन ईएमआई योजना के बारे में बताया। इसमें वाहन खरीदने वालों को ईएमआई में 40 से 90 फीसदी तक छूट मिलने का भरोसा दिलाया जाता था। इसके अलावा कन्यादान योजना, करोड़पति योजना, एफएमसीजी योजना और छात्रवृत्ति योजना समेत कई योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को संगठन से जोड़ने का आरोप है। शिकायत में कहा गया है कि लोगों का विश्वास जीतने के लिए बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की उपस्थिति वाले वीडियो भी दिखाए जाते थे। कथित तौर पर लोगों को यह विश्वास दिलाया जाता था कि जब इतने बड़े लोग संगठन से जुड़े हैं तो उनका पैसा नहीं डूबेगा। इसी भरोसे के बाद कई लोग संगठन से जुड़ गए।

# एक करोड़ का इनामी नक्सली सरेंडर के लिए तलाश रहा रास्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस का आखिरी बड़ा इनामी नक्सली असीम मंडल इन दिनों बंगाल में छिपा हुआ है। एक करोड़ रुपए के इनामी असीम मंडल के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को लगातार कई अहम इनपुट मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि लगातार बारिश में भीगने और एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करने के कारण उसकी तबीयत खराब हो गई है। असीम मंडल की तलाश में झारखंड और पश्चिम बंगाल की पुलिस लगातार सक्रिय है। स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट के अनुसार असीम मंडल झारखंड की सीमा पार कर बंगाल पहुंचने में कामयाब हो चुका है। हालांकि गिरफ्तारी के डर से वह अपने पुराने नक्सली समर्थकों और संपर्कों से दूरी बनाए हुए है।बीमारी के बाद वह झारखंड-बंगाल सीमा क्षेत्र में जड़ी-बूटी से इलाज करने वाले कुछ लोगों तक भी पहुचा था। सुरक्षा एजेंसियों को ऐसे लोगों के बीच असीम मंडल के पहुंचने की सूचना मिली है।

असीम मंडल झारखंड के दलमा जंगल और पूर्वी सिंहभूम से सटे बंगाल के इलाकों में सक्रिय माओवादी नेटवर्क का बड़ा चेहरा रहा है। असीम एसएसी स्तर का कमांडर दर्ज है। उसके ऊपर एक करोड़ रुपए का इनाम है और उसका गतिविधि क्षेत्र दलमा जंगल-जाड़ग्राम तथा पूर्वी सिंहभूम-पश्चिम बंगाल सीमा पर केंद्रित रही है। लेकिन अब दलमा क्षेत्र में नक्सली संगठन की न मात्र बचे है ,इस क्षेत्र के बड़े नक्सलियों के आत्मसमर्पण और गिरफ्तारियों ने संगठन को बड़ा झटका दिया है।

आईजी अभियान नरेंद्र सिंह ने बताया की नक्सलियों के खिलाफ अभियान में पुलिस ने सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए करीब 15 दिन पहले गांव-गांव जाकर वांछित नक्सलियों के पोस्टर चिपकाए थे। पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को नक्सलियों की पहचान और उनके बारे में जानकारी देने के लिए जागरूक किया। आईजी अभियान के अनुसार इस अभियान का असर दिखा और पुलिस को नक्सलियों के संबंध में कई महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलने लगीं। असीम के बंगाल भागने की एक बड़ी वजह यह भी है।

अब एक करोड़ के इनामी असीम मंडल को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की नजर बंगाल पर टिकी है। बारिश में भीगने और लगातार यात्रा से बीमार असीम का जड़ी-बूटी से इलाज कराने वालों तक पहुंचना, पुराने संपर्कों से दूरी बनाना और बंगाल में ही सरेंडर की कोशिश करना, ये सभी संकेत उसके लिए बने बढ़ते पुलिस दबाव की कहानी कहते हैं।

### बीमारी के बीच सरेंडर की कोशिश में असीम

इनाम राशि - 01 करोड़



**असीम मंडल**
उर्फ आकाश, उर्फ तिमिर, उर्फ मनोज
पिता- कार्तिक मंडल,
ग्राम-उत्तरफुलचक, थाना- चन्द्रकोना,
जिला- पश्चिम मेदिनीपुर, (पश्चिम बंगाल)।

सुरक्षा एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है कि असीम मंडल झारखंड में नहीं बल्कि बंगाल में ही आत्मसमर्पण करना चाहता है। गिरफ्तारी के डर और लगातार पुलिस दबाव के कारण वह सुरक्षित तरीके से पुलिस के सामने आने का रास्ता तलाश रहा है। रविवार को पूरे दिन यह अफवाह फैली की असीम ने बंगाल में सरेंडर कर दिया है।हालांकि उसके सरेंडर को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान नरेंद्र कुमार सिंह ने असीम मंडल के बंगाल की ओर भाग जाने की सूचना की पुष्टि की है।हालांकि आत्मसमर्पण को लेकर अभी तक झारखंड पुलिस मुख्यालय या फिर बंगाल पुलिस की तरफ से कोई भी पुष्टि नहीं की गई है।

### कोलकाता में सरेंडर करने वाले नक्सलियों से मिले अहम सुराग

असीम मंडल के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को हाल के दिनों में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। कोलकाता में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से पूछताछ के दौरान असीम मंडल से जुड़े कई इनपुट पुलिस को मिले हैं। उसके संभावित ठिकाने, संपर्क और बंगाल में गतिविधियों से जुड़ी जानकारी के आधार पर झारखंड और बंगाल पुलिस अपने स्तर पर काम कर रही है।वही दूसरी तरफ असीम गिरफ्तारी से बचने के लिए किसी नक्सल समर्थक के सीधे संपर्क में नहीं आ रहा है। इसके बावजूद उसके बारे में लगातार सूचनाएं सुरक्षा एजेंसियों तक पहुंच रही हैं।

### 15 लाख का इनामी रामप्रसाद मार्डी भी बंगाल में सरेंडर कर चुका

असीम मंडल के बंगाल पहुंचने के बीच ही बांकुड़ा में तीन बड़े नक्सलियों का आत्मसमर्पण सुरक्षा एजेंसियों के लिए महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। इनमें 15 लाख रुपए का इनामी आरसीएम सचिन मार्डी उर्फ रामप्रसाद मार्डी, उसकी पत्नी 10 लाख की इनामी ZCM मीता उर्फ नैनतारा और एक लाख की इनामी गौरी उर्फ बल्लू शामिल हैं। रामप्रसाद मार्डी ने एके-47 के साथ आत्मसमर्पण किया।रामप्रसाद मार्डी के सरेंडर के बाद दलमा-जमशेदपुर क्षेत्र में अब मंगल सिंह सरदार और उसकी पत्नी मांती को लेकर पुलिस का फोकस है।

### रांची में बुजुर्ग को बनाया निशाना

## बैंक ऑफ इंडिया का फर्जी ऐप डाउनलोड कराकर लाखों की साइबर ठगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** साइबर अपराधियों ने बैंक ऑफ इंडिया का फर्जी ऐप और बैंक का लोगो इस्तेमाल कर एक 70 वर्षीय व्यक्ति को झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से करीब 4.90 लाख रुपए की निकासी कर ली। मामले में रांची साइबर क्राइम थाना में छह नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**क्या है पूरा मामला :** मामले को लेकर 70 वर्षीय बुजुर्ग कवल किशोर प्रसाद ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है।शिकायतकर्ता का बैंक ऑफ इंडिया की रांची स्थित रातू रोड शाखा में खाता है। प्राथमिकी में बताया गया है कि उनके खाते से साइबर अपराध के माध्यम से 4,90,000 रुपए की निकासी कर ली गई। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338 और 340(2) के साथ आईटी एक्ट की धारा 66(सी) और 66(डी) के तहत केस दर्ज किया गया है।

शिकायत के मुताबिक ठगी की शुरुआत सोशल मीडिया से हुई। 3 सितंबर को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर बीओआई से संबंधित एक फर्जी ऐप तैयार करने का नोटिफिकेशन आया। उन्हें लगा कि यह बैंक की ओर से भेजा गया संदेश है। नोटिफिकेशन में दिए गए विकल्प पर क्लिक करने के बाद ऐप में उनका नाम और अन्य जानकारी भरने की प्रक्रिया का निर्देश दिया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार ऐप में बीओआई का लोगो भी लगा हुआ था, जिससे उन्हें यह वास्तविक बैंक ऐप जैसा लगा। इसके बाद साइबर अपराधियों ने फोन कर उनसे बातचीत शुरू की।

## 80.60 लाख की कथित धोखाधड़ी में छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

- **41.60 लाख व्यवसाय व 39 लाख फ्लैट निर्माण के नाम पर लेने का दावा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र में 80.60 लाख रुपए की कथित धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला सामने आया है। डॉ. दिवेश कुमार भगत के लिखित आवेदन पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों में निखिल कुमार, उसकी पत्नी बबीता गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता, पदम लाल गुप्ता, रेनू गुप्ता और संजीत कुमार सिंह शामिल हैं। मामला 12 सितंबर 2026 को दर्ज किया गया। प्राथमिकी के अनुसार निखिल कुमार और बबीता गुप्ता ने व्यवसाय बढ़ाने के नाम पर डॉ. भगत और उनकी पत्नी शालिनी भगत से आर्थिक मदद मांगी थी। पारिवारिक संबंधों पर भरोसा करते हुए 41.60 लाख रुपए दिए गए। इसमें 30 लाख रुपए बैंक ट्रांसफर के जरिए आयुष इंटरप्राइजेज के खाते में भेजे गए, जबकि 11.60 लाख रुपए अलग-अलग तारीखों में नकद दिए जाने का दावा है। रकम वापस मांगने पर टालमटोल करने और कथित रूप से धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में हजारीबाग स्थित न्यू होम्स के टोप्पीदी केशव टावर का भी उल्लेख है। प्राथमिकी के अनुसार M/s New Homes के संचालक बताए गए निखिल कुमार ने फ्लैट/भवन निर्माण के नाम पर 39 लाख रुपए लिए। इसके बदले ग्राउंड फ्लोर पर 2600 वर्गफीट व्यावसायिक जगह, दूसरे तल पर 1540 वर्गफीट आवासीय जगह और दो पार्किंग देने की बात कही गई थी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि प्रोजेक्ट में अड़चन का हवाला देकर लंबे समय तक मामला टाला जाता रहा। पुलिस ने बीएनएस की धारा 316(2), 318(4) और 61(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यक्रम** 'सेवा सुरभि' के 27वें वार्षिक विशेषांक विश्वगुरु भारत' का लोकार्पण, सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा

# सेवा ही भारत को पुन:'विश्वगुरु' के शिखर पर स्थापित करेगी

- **सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, बाल कलाकार हुए सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में सेवा भारती, झारखंड के तत्वावधान में 'सेवा सुरभि' पत्रिका के 27वें वार्षिक विशेषांक 'विश्वगुरु भारत' का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सारंग मेधेकर, कार्यकारी कुलपति, केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची ने की। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा एवं मंचासीन प्रबुद्धजनों ने संयुक्त रूप से पत्रिका का अनावरण किया। मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा, "भारत विश्व गुरु था, विश्व गुरु है और सदैव विश्व गुरु रहेगा।" उन्होंने कहा कि सेवा भारती लोगों में सेवा भाव जगाकर निरंतर सेवा कार्य करती है। कोविड जैसी महामारियों और वैश्विक संकटों में भारत पूरे विश्व के प्रति हमेशा सहायक रहा है, जो हमारी विश्वगुरु की भूमिका को सिद्ध करता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा सभागार कार्यक्रम का शुभारंभ पम्पा सेन विश्वास एवं 25 सदस्यों के द्वारा गाए सामूहिक 'वंदे मातरम' से हुआ। इसके बाद बच्चों ने 'शिव स्तुति' पर मनमोहक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की अर्चना कुमारी, ऋतिका ने सुमधुर एकल गीत गाया। वैचारिक मंथन और सांगठनिक परिचय इससे पूर्व, सेवा भारती के न्यासी चंद्रकांत रायपत ने अतिथि परिचय व स्वागत किया और संपादक का विशेष परिचय भी कराया। प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने विषय प्रवेश कराते हुए संस्था का कार्य परिचय दिया। संत जेवियर कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ कमल बोस ने पत्रिका का साहित्यिक परिचय रखा। ज्ञान के साथ नैतिक मूल्य जरूरी अपने अध्यक्षीय संबोधन में सारंग मेधेकर ने कहा कि सेवा भारती हर भारतीय के मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव और सांस्कृतिक चेतना जगाती है। उन्होंने जोर दिया कि केवल ज्ञान से नहीं, मानवीय मूल्यों को जागृत करने की नितांत आवश्यकता है। बल्कि नैतिक-सांस्कृतिक मूल्यों और सेवा भाव के द्वारा ही भारत पुनः विश्व गुरु बन सकता है। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा पत्रिका के संपादक डॉ सुष्मिता पांडेय और बाल कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ एचपी नारायण ने लोगों को सेवा कार्य से जुड़ने का आह्वान किया।अंत में सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का सफल समापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन अनुपमा सिन्हा ने किया।

## दृष्टिपात

### दिवंगत मंत्री सुदिव्य सोनू के परिवारजनों से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने गिरिडीह के विधायक एवं झारखंड सरकार में मंत्री रहे सुदिव्य सोनू के गिरिडीह स्थित आवास पर पहुँचकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा इस दुःखद एवं पीड़ादायक समय में उनके शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की गई। श्री साहू ने सुदिव्य सोनू के आकस्मिक निधन को राज्य की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

### जेएसएससी नियुक्ति घोटाले की जांच में हो रही लीपापोती : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी नियुक्ति घोटाले की सीआईडी जांच में लीपापोती का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जांच की दिशा से सच्चाई दबाने और प्रभावशाली लोगों को बचाने की आशंका गहरा रही है। रविवार को सामाजिक माध्यम पर पोस्ट कर मरांडी ने दावा किया कि उन्हें ऐसी शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें पूछताछ के दौरान सामने आने वाले बड़े नामों को बयानों से हटाने का आरोप लगाया गया है। मरांडी के अनुसार, मामले में पकड़े गए या पूछताछ किए जा रहे लोग यदि किसी बड़े नेता, अधिकारी या उनके बिचौलियों के माध्यम से रिश्वत के लेन-देन और संलिप्तता की जानकारी देते हैं, तो कथित तौर पर बयान से संबंधित हिस्से हटवा दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाँच से जुड़े कुछ छोटे अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर शिकायत की है कि उच्चाधिकारी ऐसे बयानों को अभिलेख में दर्ज नहीं करने का दबाव बना रहे हैं। उन्होंने संवेदनशील मामले में बयान दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने और मूल रिकॉर्डिंग को बिना छेड़छाड़ सुरक्षित रखने की मांग की। मरांडी ने सवाल उठाया कि किसी बड़े नाम के सामने आते ही उसे अभिलेख से बाहर रखने की जरूरत क्यों पड़ रही है। नेता प्रतिपक्ष ने अनुराग गुप्ता की भूमिका को लेकर पहले उठे जाँच को गलत दिशा में ले जाने, साक्ष्य नष्ट करने और नियुक्ति घोटाले से इनकार के आरोपों का भी उल्लेख किया। साथ ही मनोज कौशिक के नेतृत्व में चल रही जांच पर छोटी मछलियों को पकड़कर बड़ी मछलियों को बचाने की आशंका जताई।

### मरांडी के आरोप आधारहीन, जांच को भटकाने की कोशिश : लाल किशोर



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के सीआईडी जांच को लेकर लगाए आरोपों पर कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने आरोपों को आधारहीन बताते हुए कहा कि बिना साक्ष्य के बयान देकर जांच की दिशा भटकाने और जांच एजेंसी पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। शाहदेव ने कहा कि यदि बाबूलाल मरांडी के पास कोई ठोस साक्ष्य है तो उसे सीआईडी के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जांच में किससे पूछताछ हो रही है और क्या सवाल पूछे जा रहे हैं, इसकी जानकारी केवल मरांडी को कैसे है। उन्होंने कहा कि उनके आरोप तथाकथित सूत्रों और काल्पनिक कहानियों पर आधारित हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि सीआईडी पूरी पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया के तहत जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार युवाओं और छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर है और दोषी चाहे छोटा हो या बड़ा, कानून अपना काम करेगा। शाहदेव ने कहा कि जांच अधिकारियों की निष्ठा पर बिना साक्ष्य सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

## पेज एक के शेष

#### चैंबर चुनाव में...

एफजेसीसीआई के चुनाव में मतदान रविवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान सुबह में थोड़ी धीमी रही, लेकिन दोपहर बाद इसमें उल्लेखनीय तेजी देखी गई। चुनाव समिति से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 2860 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन पदाधिकारियों के अनुसार, शाम के अंतिम घंटों में व्यापारियों की उपस्थिति और बढ़ी, जिससे कुल मतदान प्रतिशत में इजाफा हुआ। मतदान केंद्र पर सुरक्षा और व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए गए थे, ताकि अंतिम समय तक सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के अपना वोट डाल सकें।

**मुकेश अग्रवाल को सर्वाधिक 1827 वोट :** मतगणना में टीम मुकेश अग्रवाल के मुकेश अग्रवाल सर्वाधिक 1827 वोट हासिल कर पहले स्थान पर रहे। डॉ अभिषेक रामाधीन 1742 वोट के साथ दूसरे, प्रवीण लोहिया 1725 वोट के साथ तीसरे, तुलसी पटेल 1622 वोट के साथ चौथे और विनीता सिंघानिया 1597 वोट के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

#### बैंक ऑफ इंडिया...

इसके बाद रांची साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले के अनुसंधान की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर आकाश कुमार सिंह को दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर छह लोगों को आरोपी बनाया है। इनमें धन संगी, लालून हलवा, एमडी सदाम, सचिन कुमार वर्मा, सुशील कुमार रोहित और रोंकांतेज्जा शहाई के नाम शामिल हैं। एफआईआर में कुछ आरोपियों का पता अज्ञात दर्ज किया गया है। एफआईआर में ठगी की रकम से जुड़े बैंक खातों की जानकारी भी दी गई है। दस्तावेज में सचिन कुमार वर्मा, सुशील कुमार रोहित और रोहिकांत के नाम से जुड़े ईपीएफओ खातों का उल्लेख है। इसके अलावा तेजा शभत के खाते और अमेजन पे भुगतान से संबंधित विवरण भी दर्ज है। इससे पुलिस के सामने ठगी की रकम के लेन-देन और उसके संभावित नेटवर्क की जांच का रास्ता खुलता है।

#### भवनाथपुर के कैलान...

रविवार को भी संदिग्ध लोगों की तलाश में जांच और छापेमारी जारी रही। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि हथियारबंद लोगों के देखे जाने की सूचना मिली है और पुलिस इसका सत्यापन कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मामला नक्सली गतिविधि से जुड़ा है या किसी अन्य आपराधिक मामले से।

#### अवैध कोयला खदान...

स्थानीय लोगों के अनुसार, दो लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों में केवटकुली निवासी मुनिया देवी और बेलोंजाबाद निवासी एक व्यक्ति शामिल बताए जा रहे हैं। तीन घायलों को भी बाहर निकालकर स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि मलबे के नीचे अभी कई और लोग दबे हो सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए राहत और बचाव का काम जारी है। बताया जा रहा है कि इस इलाके की अवैध सुरंगों से निकाले गए कोयले को बाइक के जरिए आसपास के बाजारों में बेचा जाता था। हादसे के समय भी लोग इसी तरह कोयला काटने और चुनने के लिए सुरंग में गए थे।

#### 17 सितंबर तक...

दिनभर गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। रांची में अधिकतम तापमान 30.0 डिग्री और न्यूनतम 22.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, मेदिनीनगर (डालटनगंज) में अधिकतम तापमान 32.2 और न्यूनतम 24.0 डिग्री तथा जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 33.6 और न्यूनतम 25.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।




# सीओई सिमडेगा का दबदबा, पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 21वीं मेजर ध्यानचंद सीनियर सिमडेगा जिला पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप-2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त से 13 सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम और एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित 16 दिवसीय प्रतियोगिता में सीओई सिमडेगा ने पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में सीओई सिमडेगा लगातार दूसरी बार, जबकि महिला वर्ग में सीओई सिमडेगा 'ए' लगातार तीसरी बार चैंपियन बनी। हॉकी झारखंड के मार्गदर्शन तथा हॉकी सिमडेगा एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में 58 टीमों के बीच कुल 128 मुकाबले खेले गए, जिनमें 492 गोल हुए। पुरुष वर्ग के फाइनल में सीओई सिमडेगा ने लिटिल टाइगर को 5-3 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब जीता। लिटिल टाइगर पिछले छह वर्षों से लगातार फाइनल में पहुंच रही थी और इस बार उपविजेता रही। तीसरे स्थान के मुकाबले में आदिवासी हॉस्टल 'ए' ने पुलिस केंद्र सिमडेगा को 4-2 से हराया। महिला वर्ग के फाइनल में सीओई सिमडेगा 'ए' ने एसटीसी सिमडेगा को 5-3 से पराजित कर लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। एसटीसी सिमडेगा वर्ष 2010 से लगातार प्रतियोगिता में भाग ले रही है और इस वर्ष उपविजेता बनी।

तीसरे स्थान के मुकाबले में संत जेवियर उच्च विद्यालय, बरवाडीह ने लोंबोई को 2-1 से हराया। पुरुष फाइनल का शुभारंभ सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा, सिलबेस्टर बघवार और शकील अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। महिला फाइनल का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

समापन समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुशीला लकड़ा ने विजेता, उपविजेता एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के साथ व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। महिला वर्ग में अनुप्रिया एक्का और पुरुष वर्ग में फ्लैबियस तिर्की को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उभरते खिलाड़ी के रूप में महिला वर्ग में रितिका डुंगडुंग और पुरुष वर्ग में धनेश्वर मांझी को सम्मानित किया गया। महिला वर्ग की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर रश्मि समद और पुरुष वर्ग के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर अरुण सोय रहे। सर्वश्रेष्ठ रक्षक का पुरस्कार महिला वर्ग में सीता कुमारी और पुरुष वर्ग में विनय कुजूर को मिला। सर्वश्रेष्ठ मध्यपंक्ति खिलाड़ी महिला वर्ग में सबीना टोपनो और पुरुष वर्ग में सुमित बरवा चुने गए। सर्वश्रेष्ठ अग्रिम पंक्ति खिलाड़ी महिला वर्ग में राजमनी कुमारी और पुरुष वर्ग में सुमन सोरेंग रहे। उभरती टीम का पुरस्कार महिला वर्ग में लोंबोई और पुरुष वर्ग में केवीएस 'ए' को मिला। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सिमडेगा हॉकी की नर्सरी है। हॉकी को आगे बढ़ाने के लिए संघ, जनप्रतिनिधि और प्रशासन लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हॉकी के विकास के लिए उनके स्तर से हरसंभव सहयोग जारी रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों के साथ खड़ा है।

## उत्कृष्टता केंद्र का दबदबा, पुरुष-महिला दोनों वर्गों में आगे

खिलाड़ियों को मिले इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए और लगातार अभ्यास करते रहना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सिमडेगा के खिलाड़ी भविष्य में देश के लिए खेलेंगे। हॉकी झारखंड के महासचिव मनोज कोनबेगी ने प्रतियोगिता को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 58 टीमों की भागीदारी और 128 मुकाबलों का आयोजन अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का स्तर, टीमों की भागीदारी और मैच-दर-मैच खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहद सराहनीय रहा। यह आयोजन सिमडेगा में हॉकी के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। समारोह में सभी विजेता, उपविजेता एवं तीसरे स्थान की टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। व्यक्तिगत पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले तकनीकी अधिकारियों, चिकित्सा दल, पुलिस दल और मीडिया प्रतिनिधियों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधे भेंट किए गए। प्रतियोगिता में खेल रहीं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी संदीपा कुमारी और पुष्पा मांझी को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में वरिष्ठ शिक्षक साधु मालवा, सिमडेगा जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष बसंत बा, जिला एथलेटिक्स संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सहदेव मांझी, सचिव विपिन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में हॉकी झारखंड के महासचिव मनोज कोनबेगी, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष सुनील तिर्की, पैंक्रेसियूस टोप्पो, बसंत बा, एल्शन किडो, कमलेश्वर मांझी, विनोद कुल्लू, रोहित बेसरा, संजय तिर्की, समीर डुंगडुंग, करिश्मा परवार, नेहा कुमारी, कुंती कुमारी, कुनुल भेंगरा, तलीन तिग्गा, दिव्य डुंगडुंग सहित संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चिकित्सा दल, पुलिस टीम और खेल विभाग का भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भारत ने चीन को 1-0 से हराकर महिला जूनियर एशिया कप जीता

**नवीन मेल संवाददाता**




**मोकी।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को मेजबान चीन को 1-0 से हराकर महिला जूनियर एशिया कप का खिताब लगातार तीसरी बार अपने नाम कर लिया। सैनिका चंद्रकांत माने के 17वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत भारत ने रोमांचक मुकाबले में चीन को शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने लगातार तीसरी बार महाद्वीपीय खिताब पर कब्जा जमाने के साथ जूनियर महिला विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। भारतीय टीम की इस उपलब्धि पर हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को तीन लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को डेढ़ लाख रुपये पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। फाइनल मुकाबले की शुरुआत दोनों टीमों के सतर्क खेल के साथ हुई। चीन ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखते हुए भारतीय टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने शानदार संयम दिखाते हुए मेजबान टीम को कोई स्पष्ट मौका नहीं दिया। पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। दूसरे क्वार्टर के शुरू होने के दो मिनट बाद भारत को सफलता मिली। सैनिका ने चीनी रक्षापंक्ति के पीछे शानदार ढंग से जगह बनाई और गोल से करीब पांच मीटर की दूरी पर पहुंचकर लंबी स्लैप-पुश पर स्टिक लगाते हुए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। उनके इस शानदार डिफ्लेक्शन ने चीन की गोलकीपर शू मेंगजियाओ को छकाते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। चीन को बराबरी का मौका पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला, लेकिन उसका सीधा शॉट गोल की निर्धारित ऊंचाई से ऊपर जाने के कारण अमान्य करार दिया गया। इसके बाद भारत की कप्तान खैदेम शिलीमा चानू ने हाफ टाइम से दो मिनट पहले बढ़त दोगुनी करने का शानदार मौका बनाया, लेकिन चीनी गोलकीपर ने मुस्तैदी दिखाते हुए गेंद को रोक दिया। मध्यांतर तक भारत 1-0 से आगे रहा। तीसरे क्वार्टर में चीन ने बराबरी के लिए आक्रामक खेल दिखाया। सातवें मिनट में चीन ने गोल के सामने खतरनाक हमला किया, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने समय रहते गेंद को रोककर खतरा टाल दिया।




### जूनियर हॉकी में भारत का डबल धमाका महिला व पुरुष दोनों एशिया कप चैंपियन

**मोक्की (चीन)।** भारतीय जूनियर हॉकी के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। भारतीय जूनियर महिला टीम ने मेजबान चीन को 1-0 से हराकर लगातार तीसरी बार एएचएफ जूनियर महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। वहीं, भारतीय जूनियर पुरुष टीम ने भी दक्षिण कोरिया को फाइनल में 4-1 से हराकर लगातार चौथी बार जूनियर एशिया कप की ट्रॉफी जीत ली। पुरुष टीम का यह रिकॉर्ड छठा एशिया कप खिताब है।

# खेलो इंडिया अस्मिता ट्रैक साइकिलिंग राज्य लीग का समापन



**रांची।** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं भारतीय साइकिलिंग महासंघ के निर्देशन में झारखंड साइकिलिंग संघ की ओर से आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता ट्रैक साइकिलिंग राज्य लीग-2026 का दो दिवसीय आयोजन खेलगांव स्थित सिंधु-कान्हू वेलोड्रोम स्टेडियम में संपन्न हुआ। समापन समारोह में झारखंड ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष शुभेंदु दुबे, झारखंड रोइंग संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार और झारखंड वुशु संघ के अध्यक्ष चंचल भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।




## व्यापार/लाइफ व साइंस

### टेस्ला लंबी देरी के बाद एक अक्टूबर को अगली पीढ़ी की रोडस्टर को करेगी लॉन्च



**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने घोषणा की कि कंपनी लंबी देरी के बाद एक अक्टूबर को रोडस्टर लॉन्च करेगी। टेस्ला रोडस्टर की पहली जनरेशन को करीब एक दशक पहले बाजार में उतारा गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर टेस्ला ने एक पोस्ट में कहा, "गो फॉर लॉन्च", साथ ही इसमें एक पोस्टर भी था, जिसमें इसकी तारीख एक अक्टूबर दी गई थी। इस पोस्ट के रिप्लाई में मस्क ने कहा, "नई टेस्ला रोडस्टर 10.01 को लॉन्च की जाएगी। इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में अगस्त में दावा किया गया था कि टेस्ला नए डिजाइन वाली रोडस्टर को जल्द ही लॉन्च करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस इवेंट में स्पेसएक्स के साथ मिलकर बनाए गए कोल्ड-गैस थ्रस्टर्स वाले लिमिटेड-एडिशन वर्जन का डेमो दिखाया जा सकता है। टेस्ला ने सबसे पहले 2017 में अगली पीढ़ी की रोडस्टर लाने का ऐलान किया था और कहा था कि इसकी डिलीवरी 2020 में शुरू हो जाएगी, लेकिन इस प्रोग्राम में बार-बार देरी हुई है। यह कदम टेस्ला द्वारा पिछले हफ्ते ऑस्टिन, टेक्सास के कुछ इलाकों में अपनी दो-सीटर साइबरकैब में राइड्स की सुविधा शुरू करने के बाद उठाया गया है।

# नई पीएनजी योजना से घरेलू कनेक्शन होंगे तेज

**कंपनियों की लागत वसूली का समय होगा 3 साल : सरकार**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन के लिए सरकार की नई प्रोत्साहन योजना का मकसद घरों में स्वच्छ ईंधन का विस्तार तेज करना है। सरकार ने रविवार को कहा कि इस पहल से नए कनेक्शन में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए लागत वसूली की अवधि लगभग 10 साल से घटकर करीब 3 साल रह जाएगी। घरेलू पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना 18 अगस्त को लॉन्च की गई थी और 1 सितंबर से लागू हो गई है। इसका मकसद सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को बिना बिल वाले कनेक्शनों को सक्रिय, बिल वाले कनेक्शन में बदलने और नए क्षेत्रों में पीएनजी नेटवर्क का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करके सक्रिय घरेलू पीएनजी कनेक्शनों की संख्या बढ़ाना है। सरकार के अनुसार, 18 अगस्त तक देश भर में लगभग 1.74 करोड़ घरेलू पीएनजी कनेक्शन थे। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का विकास पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा अधिकृत संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है, जिसने देश की पूरी मुख्य भूमि को कवर करने वाले 309 भौगोलिक क्षेत्रों में संस्थाओं को अधिकृत किया है। नई योजना के तहत हर भौगोलिक क्षेत्र के लिए घरेलू कनेक्शनों की न्यूनतम सीमा तय की गई है। जो पात्र सीजीडी कंपनियां प्रदर्शन अवधि के दौरान निर्धारित सीमा से ऊपर बिल वाले घरेलू कनेक्शन जोड़ेंगी, उन्हें हर अतिरिक्त कनेक्शन के लिए 200 स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एससीएम) घरेलू स्तर पर उत्पादित एपीएम गैस का अतिरिक्त आवंटन मिलेगा।




# तकनीकी खराबी के कारण भोपाल-दिल्ली एयर इंडिया उड़ान जयपुर डायवर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**




एयर इंडिया की भोपाल से दिल्ली जा रही उड़ान एआई1886 को रविवार को तकनीकी कारणों से एहतियातन जयपुर की ओर मोड़ दिया गया। हालांकि, विमान ने जयपुर में सुरक्षित लैंडिंग की और एयर इंडिया के सुरक्षा मानकों के अनुसार, इसकी जांच की जा रही है। एयर इंडिया के अनुसार, उड़ान के दौरान एक तकनीकी समस्या का पता चलने पर पायलटों ने मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को निकटतम उपयुक्त हवाईअड्डे जयपुर की ओर डायवर्ट किया। एयरलाइन ने कहा कि विमान सुरक्षित रूप से उतर चुका है और अब उसकी विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है। कंपनी ने बयान में कहा, "13 सितंबर को भोपाल से दिल्ली संचालित उड़ान AI1886 को निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप एक तकनीकी समस्या के कारण जयपुर डायवर्ट किया गया। विमान सुरक्षित रूप से उतरा और उसकी जांच की जा रही है। एयर इंडिया ने प्रभावित यात्रियों को जल्द से जल्द दिल्ली पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर दी है। कंपनी की ग्राउंड टीम जयपुर में यात्रियों को आवश्यक सहायता और सहयोग उपलब्ध करा रही है।